# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

www.lagatar.in | शनिवार, 02 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 224 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 30.9 | 18.4 |
| डालटनगंज | 26.6 | 18.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * * *




पेज 8-9

## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति से मुलाकात की
- शीर्ष नेता यूएन जलवायु शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे
- इजराइल ने फिर शुरू किए गाजा पर हवाई हमले
- पाक में पत्नी, तीन बेटियों की हत्या के बाद की आत्महत्या

**नेशनल**
- गांधी परिवार के आयकर मामले की सुनवाई 13 तक स्थगित
- बिहार में अवैध मदरसों, मस्जिदों की भरमार : गिरिराज
- राष्ट्रपति ने एएफएमसी को 'प्रेसिडेंट कलर' प्रदान किया
- गेल ने गैजप्रॉम से मांगा 1.8 अरब डॉलर का हर्जाना

**स्टेट**
- आईआईटी-आईएसएम के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे उपराष्ट्रपति
- 13 आईएएस और आईपीएस एमबीबीएस डिग्रीधारी
- नप गए राज्य सेवा के अफसर जीतेंद्र देव
- सूबे में बिजली नुकसान पर हर महीने 40 करोड़ खर्च

**स्पोर्ट्स**
- इंग्लैंड ए ने भारत ए महिला टीम को हराया
- एलएएसके क्लब को हराकर अंतिम 16 में लिवरपूल
- थापा, संजीत, पंघाल राष्ट्रीय मुक्केबाजी के फाइनल में
- महिला जू. हॉकी विश्व कप में जर्मनी से हारा भारत

## किसने क्या कहा

- 'ग्रीन क्रेडिट' पहल कार्बन क्रेडिट से जुड़ी व्यावसायिकता से परे है : **नरेंद्र मोदी**
- महिलाएं पुरुषों से बेहतर हैं, उनमें पुरुषों की तुलना में अधिक धैर्य होता है : **राहुल गांधी**
- शौचालय के नाम पर फर्जी निकासी की गई है : **–सत्यानंद भोक्ता**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,600 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सरकार भारतीयों को लाने का प्रयास कर रही

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार कतर में मौत की सजा पाए आठ पूर्व नौसैनिकों को वापस लाने का हरसंभव प्रयास कर रही है. हमारा प्रयास है कि हमारे नागरिक सुरक्षित स्वदेश लाए जाएं.

### राहुल के विमान को उतरने की अनुमति नहीं मिली

**कोच्चि।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्रालय ने उस विमान को यहां नौसैनिक हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सवार थे. कांग्रेस ने इसको लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं.

### राज्यों का कर्ज 31 और 32% रहने का अनुमान

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष में उच्च पूंजीगत व्यय और मध्यम राजस्व वृद्धि के बीच राज्यों का कर्ज उनके सकल घरेलू उत्पाद का 31-32 प्रतिशत रहने का अनुमान है. इसके साथ ही राज्यों की कुल उधारी नौ प्रतिशत बढ़कर 87 लाख करोड़ रुपए से अधिक रह सकती है.

### गाजा पर फिर शुरू हुए हमले, छाया खौफ

**तेल अवीव।** इजराइल की सेना ने शुक्रवार को हमास के साथ युद्धविराम की समयसीमा समाप्त होने के बाद गाजा में हमास के ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमले किए. फिलिस्तीनी इलाके में फिर से युद्ध का खौफ छा गया है

### इन पर कोरोना के दुष्प्रभाव ज्यादा रहे

**पिट्सबर्ग।** जिन वयस्कों ने बचपन में विपरीत स्थितियों का सामना किया, उनके कोरोना संक्रमित होने पर मरने या अस्पताल में भर्ती होने की संभावना काफी अधिक थी. यह एक अध्ययन का निष्कर्ष है, जो जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ में प्रकाशित हुआ है.

### बंगाल के मंत्री के लेनदेन की जानकारी मांगी

**कोलकाता।** सीबीआई ने एक निजी बैंक को पत्र लिखकर करोड़ों रुपए के कोयला घोटाले की जांच के सिलसिले में बंगाल के कानून मंत्री मलय घटक और उनके परिवार के सदस्यों के लेनदेन का विवरण मांगा है.

### सरकारी स्कूलों से पढ़े छात्रों के लिए आरक्षण

**तिनसुकिया।** असम सरकार ने सरकारी स्कूलों से पढ़े छात्रों के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीट आरक्षित करने का फैसला लिया है. सीएम हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया.

### डीपफेक हमारे हित में नहीं: यूट्यूब

**नई दिल्ली।** यूट्यूब के अधिकारी ने कहा कि डीपफेक वीडियो कंपनी के हित में नहीं हैं, क्योंकि कोई भी पक्ष खुद को उन मंचों से नहीं जोड़ना चाहता, जो फर्जी समाचार या गलत सूचना देने की छूट देते हैं.

---

**सरकार आपके द्वार : मुख्यमंत्री ने पलामू को दी सौगातें**

# 2025 तक झारखंड बनेगा आत्मनिर्भर : हेमंत सोरेन

**शुभम संदेश टीम। पलामू/रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि 2025 तक झारखंड आत्मनिर्भर होगा. हमें किसी से पैसों की जरूरत नहीं होगी. राज्य का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपया केंद्र सरकार के पास बकाया है, लेकिन उसे नहीं दिया जा रहा. इसे वापस लाने के लिए मजबूती के साथ लड़ाई लड़नी होगी. किसान आंदोलन से सीख लेने की जरूरत है. पशुधन योजना के तहत किसानों को भैंस भी दी जाएगी. किसानों को सभी पशु बीमा के साथ मिलेंगे, किसानों को मजबूत किया जा रहा है. सीएम शुक्रवार को पलामू पुलिस लाइन में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस दौरान सीएम ने 99 करोड़ की 110 परियोजनाओं का उद्घाटन किया. 91 करोड़ की 92 योजना की आधारशिला रखी. ग्रामीणों के बीच करीब 67.8 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया. सीएम ने परिवार में शामिल सभी बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना से जोड़े जाने की भी घोषणा की.

**शहर और गांव दोनों पर है नजर :** सीएम ने कहा कि 2021-22 के बाद सरकार आपके द्वार के तीसरा चरण 2023 में शुरू हुआ है. शहर और गांव दोनों पर नजर है. दुख की बात विपक्ष शिविर में नहीं आ रहा है, सभी को निमंत्रण भेजा जा रहा है, लेकिन वे शिविर में भाग नहीं ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में ऐसे लोग जनता को क्या जवाब देंगे. उन्होंने कहा कि उनके पास पूंजीपतियों का जमावड़ा है. जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक राज्य का विकास नहीं हो सकता. राज्य की सरकार गांव के विकास के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है.



### मुख्य बातें

- 1.36 लाख करोड़ वापस लेने के लिए लगानी होगी ताकत
- **परिवार की सभी बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना का लाभ**
- विपक्ष को निमंत्रण देने के बाद भी नहीं आ रहे शिविर में
- **99 करोड़ की लागत से 110 परियोजनाओं का उद्घाटन**
- 91 करोड़ की 92 योजनाओं की रखी आधारशिला
- **ग्रामीणों के बीच 67 .8 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण**

## मजदूरों की समस्या पर राज्यों को भेजा गया है पत्र

झारखंड में मजदूरों को कहीं भी कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए एक दर्जन राज्यों को पत्र लिखा गया है. उत्तराखंड की तरह कई राज्यों में मजदूरों के साथ हादसे होते हैं, इसीलिए पत्र लिखा गया है. उत्तराखंड में मजदूरों को किस्मत ने बचा लिया, पैसा मजदूरों को खींच कर ले जाता है, लेकिन उन्हें रिस्क भी उठाना पड़ता है.

### खड़गपुर पंचायत के ग्रामीणों से सीएम ने किया संवाद

सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू के हरिहरगंज के खड़गपुर पंचायत से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया. यह पंचायत पलामू का अति नक्सल प्रभावित है और नक्सल हिंसा के लिए चर्चित रही है. खड़गपुर में नक्सलियों के खौफ से कई दशक तक पुल नहीं बन पाया था.अब पंचायत मुख्यधारा से जुड़ गया है. पहली बार किसी सीएम ने पंचायत के साथ संवाद स्थापित किया. कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, विधायक रामचंद्र सिंह, सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशिरंजन, एसपी रिष्मा रमेशन समेत कई अफसर मौजूद रहे.

## चुपके से मुलाकात में दिक्कत नहीं, मंच पर आती है शर्म

- **महिला विधायक ने सीएम को समस्याओं का पत्र भी सौंपा**
- महिला विधायक ने कहा कि पार्टी ने कार्यक्रम में जाने से किया है मना

**पलामू/रांची।** पलामू में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने चुटकी भी ली. विपक्ष पर निशाना साधा. बीजेपी को झूठ का पुलिंदा बताया. लेकिन अपने 50 मिनट के संबोधन में एक मामले का दो बार जिक्र करते हुए चुटकी भी ली. सीएम ने कहा कि एक विधायक उनसे मिलने पहुंचीं थीं, इस मुलाकात के दौरान महिला विधायक ने समस्याओं से जुड़ा पत्र भी उन्हें सौंपा. सीएम ने कहा कि मुलाकात के दौरान विधायक से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया था. लेकिन विधायक ने कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया. कहा कि पार्टी ने कार्यक्रम में जाने से मना किया है. सीएम ने दोबारा जिक्र करते हुए कहा कि चुपके मुलाकात करने में दिक्कत नहीं है, लेकिन मंच पर आने में शर्म लगती है. महिला विधायक ने सीएम से समस्याओं को लेकर पलामू सर्किट हाउस में मुलाकात की थी.

---

**क्या-क्या कहा शाह ने**
- पाक-बांग्लादेश से लगी सभी सीमाएं दो साल में होंगी सुरक्षित
- 10 साल में नक्सली हिंसा में 52 फीसदी की कमी आई है



**हजारीबाग में बीएसएफ स्थापना दिवस पर बोले केंद्रीय गृह मंत्री**

# उग्रवाद से मुक्त होगा देश

**संवाददाता। हजारीबाग/रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है. पिछले 10 साल में नक्सली हिंसा में 52 फीसदी की कमी आई है. नक्सली घटनाओं में होनेवाली मौत के मामले में भी 70 फीसदी की गिरावट आई है. नक्सल प्रभावित थानों की संख्या 495 से घट कर 176 हो गई है. वर्तमान में रेल, सड़क, जलमार्ग संपर्क और टेलीफोन संचार को मजबूत किया गया है. वे शुक्रवार को हजारीबाग में बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि देश माओवादियों द्वारा चलाये जा रहे सशस्त्र और हिंसक अभियान को समाप्त करने के करीब है.

**199 नए सुरक्षा बल शिविर स्थापित किए गए हैं :** गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित इलाकों में 199 नए सुरक्षा बल शिविर स्थापित किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम ये लड़ाई जीतेंगे. पिछले 10 साल में हम जम्मू कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद और उत्तर पूर्व में उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में लड़ाई जीतने में कामयाब रहे हैं. सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफल रहे हैं.

### बांग्लादेश से लगीं बनेंगी सुरक्षित : अमित शाह

शाह ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगीं भारत की सीमाओं को अगले दो साल में सुरक्षित बनाया जाएगा और दोनों ही मोर्चों पर 60 किमी क्षेत्र में खुली जगहों को पाटने का काम जारी है. पिछले नौ वर्षों में भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमाओं के 560 किमी हिस्से में बाड़ लगाई गई है. पश्चिमी और पूर्वी मोर्चे पर इन दोनों सीमाओं पर केवल 60 किमी क्षेत्र में 'कुछ छोटे-छोटे हिस्से' ही बचे हैं, जिन्हें पाटा जा रहा है.

### देश की अर्थव्यवस्था 5वें स्थान पर पहुंचाया

मोदी सरकार ने जी 20 के साथ पूरे विश्व में देश की ध्वजा फहराई है. अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान पर पहुंचाया है. पीएम मोदी की सरकार ने देश को चंद्रमा पर पहुंचाया. यह सब सीमाओं की सुरक्षा में तैनात हमारे बीएसएफ जैसे बलों से संभव हो पाया.मेरा विश्वास है कि यदि किसी देश की सीमा सुरक्षित नहीं है, तो वह कभी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता.

### बीएसएफ के जवान करते हैं देश की सुरक्षा

शाह ने कहा कि मैं ऐसे मुगालते नहीं पालता कि सीमा पर बाड़ देश की रक्षा कर सकती है, यह तो केवल मदद करती है. बीएसएफ के हमारे जवान देश की सुरक्षा करते हैं. जब भी देश में भाजपा की किसी सरकार ने सत्ता संभाली है, सीमा सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई, चाहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार रही हो या मोदी सरकार

---

**राज्यसभा ने सांसदों के लिए जारी की नई आचार संहिता, दिए कई निर्देश**

## सदन में जय हिंद, वंदे मातरम नारे से दूरी बनाएं

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

राज्यसभा सभापति ने उच्च सदन के सदस्यों के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किये हैं. उन्हें नई आचार संहिता का पालन करना होगा. बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है. उससे पहले राज्यसभा सदस्यों के लिए जारी दिशा-निर्देश महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं. अब राज्यसभा सांसदों को सदन के अंदर जय हिंद, वंदे मातरम, थैंक्यू, थैंक्स जैसे नारों का परहेज करना होगा. सांसदों को सदन की मर्यादा का ख्याल रखना होगा. सदन की कार्यवाही के दौरान नारेबाजी और तख्तियां लहराने से भी बचने को कहा गया है. सभापति ने शुक्रवार को ये निर्देश जारी किये. उसके अनुसार सांसदों को सलाह दी गयी है कि जब तक उनके द्वारा दिया गया नोटिस आसन स्वीकार नहीं कर ले, तब तक मीडिया या किसी मंच पर या किसी दूसरे साथी सांसद से नोटिस से संबंधित जानकारी साझा नहीं की जानी चाहिए.



### राज्यपाल बैठें सीएम के साथ, गतिरोध खत्म करें

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को व्यवस्था दी कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित और पुनः अपनाए गए विधेयकों को राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए नहीं भेजा जा सकता. कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि से कहा कि सीएम एम के स्टालिन के साथ बैठक करें और राज्य विस द्वारा पारित 10 लंबित बिलों पर बने गतिरोध को सुलझाएं. रवि और स्टालिन के बीच कई मुद्दों पर गतिरोध बना हुआ है. चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जे बी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर संज्ञान लिया कि राज्यपाल ने अब पुनः अपनाए गए विधेयकों को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया है.

## अयोध्या में रामलीला करेंगे पाक कलाकार

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या में होने वाली राम लीला में पाकिस्तानी भूमिका निभाएंगे. रामलीला का मंचन करने के पाकिस्तान के साथ ही 14 अन्य देशों के भी कलाकार आ रहे हैं. ये विभिन्न भूमिकाओं में नजर आएंगे. इस का मंचन 17 से 22 जनवरी तक सरयू नदी के तट से सटे रामकथा पार्क में किया जाएगा. रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक के मुताबिक पहली बार रामलीला में फिल्मी कलाकारों के साथ विदेशी कलाकार नजर आएंगे. विदेशी कलाकारों को लखनऊ में ठहराया जाएगा. रामलीला कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव की अगुवाई में पदाधिकारियों के एक दल ने संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से मुलाकात कर रामलीला में शामिल होने का न्योता दिया. वह रामलीला का उद्घाटन करेंगे. अयोध्या में हर साल दशहरा पर होने वाली रामलीला दुनिया की सबसे बड़ी रामलीला है.

## बेंगलुरु के 68 स्कूलों में बम होने की धमकी मिली

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह 68 निजी विद्यालयों को एक ई-मेल मिला जिसमें उनके परिसर में बम होने का दावा किया गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. यह ई-मेल मिलने के बाद स्कूल के कर्मचारी और छात्रों के अभिभावक घबरा गए. पुलिस ने बताया कि स्कूल प्राधिकारियों ने पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दी, जिसके बाद वह बम निरोधक दस्ते और दलों के साथ संबंधित संस्थानों में पहुंची. उसने संकेत दिया कि बम की धमकी फर्जी हो सकती है. कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने पुलिस से ई-मेल और उसके स्रोत की गंभीरता से जांच करने और एहतियात के तौर पर स्कूलों और मंदिरों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया है. सीएम ने कहा, मैंने अधिकारियों से बात की है और उन्हें सभी स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने, सतर्क रहने और इसके पीछे के लोगों का पता लगाने का निर्देश दिया है.किसी को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है.

---

**कॉप28 बैठक | अब तक दुनिया में हुए युद्धों से भी 15 गुना ज्यादा खतरनाक प्रदूषण!**

# चीन और अमेरिका हैं प्रदूषण के सबसे बड़े कसूरवार

**शुभम संदेश नेटवर्क**

दुबई में कॉप 28 समिट शुरू हो चुकी है, इसमें हिस्सा लेने के लिए कई देशों के लीडर्स समेत पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे हैं. इस शिखर सम्मेलन का काफी हल्ला है. कॉप28 में यह भी देखा जाता है कि कौन से देश सबसे ज्यादा प्रदूषण फैला रहे.संयुक्त राष्ट्र के क्लाइमेंट चेंज कॉफ्रेंस की सालाना बैठक दुबई में चल रही है. यहां जलवायु परिवर्तन पर बात करने की बजाए इस बार बड़े फैसले लिए जा सकते हैं. हालांकि फोकस क्लाइमेट चेंज और ग्रीन हाउस गैसों को कम करने पर ही रहेगा. बैठक के पहले दिन एक बड़ा एलान हुआ. इसमें लॉस एंड डैमेज फंड की बात हुई. ये मदद उन देशों तक पहुंचाई जाएगी, जहां क्लाइमेट चेंज से आपदाएं आई हैं.



### कौन सा देश सबसे ज्यादा प्रदूषण कर रहा



ग्लोबल पॉल्यूटर्स में चीन सबसे ऊपर है. चीन से सालाना लगभग 13 बिलियन मैट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड पैदा होती है. साल 1850 से अब तक ये मुल्क करीब 3 सौ बिलियन टन जहरीली गैसें उत्सर्जित कर चुका.

### क्यों जरूरी है ये बैठक

ग्लोबल अलायंस ऑन हेल्थ एंड पॉल्यूशन के मुताबिक, दुनिया में अब तक हुए सारे युद्धों से 15 गुना ज्यादा, और एड्स, टीबी, मलेरिया जैसी बीमारियों से 3 गुना ज्यादा खतरनाक है पॉल्यूशन. प्रदूषित देशों में हो रही हर 4 में से 1 मौत की वजह प्रदूषण ही है. ऐसे में इसपर चर्चा और फैसले जरूरी हो चुके.

### भारत कहां खड़ा है

भारत को भी टॉगरेट मिला है कि वो साल 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 45% तक कम कर ले. हम वैसे तो कार्बन एमिशन में तीसरे नंबर पर हैं, लेकिन आबादी के लिहाज से देखें तो हमारा पर कैपिटा उत्सर्जन काफी कम है. हमारी सरकार ने वादा किया कि वो साल 2070 तक इस उत्सर्जन को नेट जीरो तक ले जाएगी. ये वो अवस्था है जब किसी देश की वजह से कोई भी जहरीली गैस नहीं निकलती है.

### प्रदूषण पर कोई टैक्स भी है

गैसों के उत्सर्जन पर कंट्रोल के लिए कार्बन टैक्स लगाया जाता है. ये वो टैक्स है जो प्रदूषण के बदले देना होता है. सरकारें कार्बन के उत्सर्जन पर प्रतिटन मूल्य तय करती हैं और फिर इसे बिजली, गैस या तेल पर टैक्स में बदल देती हैं. चूंकि इस टैक्स की वजह से ज्यादा कार्बन पैदा करने वाला फ्यूल महंगा हो जाता तो लोग टैक्स देने से बचने के लिए कार्बन के कम उत्सर्जन वाले तरीके खोजते हैं.

---

## सारंडा के चुरगी में मलेरिया बुखार से दो बच्चों की मौत

**संवाददाता। मनोहरपुर**

### फैली बीमारी

- विधायक जोबा मांझी ने कहा– जल्द भेजेंगे मेडिकल टीम
- करीब डेढ़ दर्जन बच्चों का अस्पतालों में चल रहा इलाज

मनोहरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती सारंडा अंतर्गत गांव चुरग़ी में छह दिनों के भीतर मलेरिया ज्वर से दो बच्चों की मौत हो गई है. जिससे ग्रामीणों में चिंता बढ़ा दी है. गांव में सबसे पहले 24 नवंबर को टीसू लागुरी के डेढ़ वर्षीय पुत्र अजय लागुरी की मौत हुई थी. वहीं मलेरिया संक्रमण से ही गुरुवार को कूदा लागुरी के पुत्र सोमा लागुरी की भी मौत हो गई. इधर घर पर मृत बच्चे का शव पड़ा था. उधर अन्य दो बच्चों को भी चिड़िया (सेल) अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां उन बच्चों का इलाज चल रहा है.

किस्टोन फाउंडेशन के सचिव इंदा जामुदा ने बताया कि अभी चुरगी में डेढ़ दर्जन बच्चे मलेरिया से बीमार हैं. लोगों में जागरूकता व उपचार के अभाव में संख्या में बढ़ोतरी जारी है. जहां गांव में बच्चों की मौत से मातम पसरा है. वहीं बीमार बच्चों को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ा दी है. मृत सोमा के शव का गांव वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया है. मलेरिया से दो बच्चों की मौत व दर्जनों बीमार बच्चों ने पूरे सारंडा को हिलाकर रख दिया है. शुभम संदेश के संवाददाता ने मंत्री सह स्थानीय विधायक जोबा मांझी को इस घटना के बारे संज्ञान में दिया है. उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रभावित गांव चुरगी में मेडिकल टीम तुरंत भेजने की बात कही है.

## राज्य के 70 आईएएस के पास बीटेक-एमटेक, एमसीए की डिग्री

# झारखंड कैडर के 13 आईएएस व आईपीएस एमबीबीएस डिग्रीधारी

- सात आईएएस सिर्फ ग्रेजुएट हैं, वहीं घोलप रमेश ने बीएड किया हुआ है

**रवि भारती।रांची**

झारखंड कैडर के 13 आईएएस और आईपीएस के पास एमबीबीएस की डिग्री है. आईएएस अफसरों में डॉ नितिन मदन कुलकर्णी सहित 10 अफसरों के पास एमबीबीएस की डिग्री है. डॉ नितिन मदन कुलकर्णी और राजीव अरुण एक्का ने मेडिसिन में एमबीबीएस किया है. इसके अलावा डॉ अमिताभ कौशल, डॉ शांतनु अग्रहरि, डॉ नेहा अरोड़ा, डॉ बसारत कयूम,डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्णा, डॉ भुवनेश प्रताप सिंह, डॉ कुमार ताराचंद और डॉ कृष्णकांत कांवरिया ने भी एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है. वहीं झारखंड कैडर के तीन आईपीएस के पास भी एमबीबीएस की डिग्री है. इनमें डॉ जया रॉय ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है. इसके अलावा डॉ एश्तेराम वकारिब व सैयद मुस्तफा हाशमी के पास भी एमबीबीएस की डिग्री है.

### टॉप लेवल के आईएएस साइंस बैकग्राउंड के

टॉप लेबल के आइएएस साइंस बैकग्राउंड के हैं, 70 आईएएस के पास एमटेक, बीटेक, एमसीए की डिग्री है. वहीं सात सिर्फ ग्रेजुएट हैं. मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री है. इसके अलावा देश के कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने भौतिकी में बीएससी की डिग्री ली है. अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर एनएन सिन्हा के पास एमएससी, एसकेजी रहाटे के पास बीई, एपी सिंह के पास एमएससी (अब सेवानिवृत्त), निधि खरे के पास एमएससी व अविनाश कुमार के पास एमटेक की डिग्री है. वहीं अजय कुमार सिंह ने बीटेक, सत्येंद्र सिंह ने बीई, वंदना दादेल ने बीटेक, मस्तराम मीणा ने एमएससी, हिमानी पांडेय ने एमएससी, आराधना पटनायक ने बीटेक, राहुल शर्मा ने एमटेक, केके सोन ने बीएससी, विनय चौबे ने बीटेक, राहुल पुरवार ने बीटेक, सुनील कुमार ने बीटेक, के रवि कुमार ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग और प्रशांत कुमार ने बीटेक की डिग्री हासिल की है. इसके अलावा अरवा राजकमल, छवि रंजन, राहुल कुमार सिन्हा, अंज्यूल दोड्डे, मंजूनाथ भजंत्री, संदीप सिंह, सूरज कुमार, जीशान कमर, मृत्युंजन वर्णवाल, दिव्यांशु झा, नैंसी सहाय, वरूण रंजन, सुशांत गौरव, कुलदीप चौधरी, फैज अक अहमद, भोर सिंह यादव, शशि रंजन, माधवी मिश्रा, अनन्य मित्तल, आदत्य रंजन, रामनिवास यादव, आर रॉनिटा, करण सत्यार्थी, मेधा भारद्वाज, लोकेश मिश्रा, नमन प्रियेश लकड़ा, नीतीश सिंह, प्रेरणा दीक्षित, समीरा एस, मनीष कुमार, रवि आनंद, दिनेश यादव, ऋतु राज, दीपक दुबे और सैयद रियाज अहमद भी साइंस बैकग्राउंड से हैं.


डॉ. अमिताभ कौशल


डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी


डॉ. शांतनू अग्रहरि


डॉ. राजीव अरुण एक्का

### 17 हैं आर्टर्स बैकग्राउंड के

झारखंड कैडर के 17 आईएएस आटर्स बैकग्राउंड के हैं. इनमें अपर मुख्य सचिव रैंक की अफसर अलका तिवारी ने साइकोलॉजी में एमए की डिग्री हासिल की है. अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर एमएस भाटिया ने भी एमए किया है. इसके अलावा प्रवीण टोप्पो, कृपानंद झा, विप्रा भाल, उमा शंकर सिंह, अमित कुमार, राजीव रंजन, अबु इमरान, राजेश्वरी बी, अमित कुमार, संजीव बेसरा, अंजली यादव, माधवी मिश्रा, विजया जाधव, अबुबकर सिद्दिखी और राजेश सिंह आर्टस बैकग्राउंड के हैं.

### ज्यादातर कला संकाय के

राज्य के टॉप लेवल के आईपीएस आटर्स बैकग्राउंड के हैं. इनमें से 21 आईपीएस ने कला संकाय से यूपीएससी क्रैक किया है. इनमें एनएन प्रधान ने फिलॉस्फी में एमए किया है. अजय भटनागर ने अर्थशास्त्र में एमए किया है. अनिल पाल्टा ने आर्ट्स से ग्रेजुएशन किया है.मुरारी लाल मीणा ने एमए, संपत मीणा ने एमएस. सुमन गुप्ता ने बीए, प्रिया दुबे ने एमए, प्रभात कुमार ने एमए, कुलदीप द्ववेदी ने एमए की डिग्री हासिल की है. इसके अलावा अभिषेक ने एमए, असीम विक्रांत मिंज, अनूप बिरथरे ने एमए किया है.

### डीजीपी हैं साइंस बैकग्राउंड के

राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित शेष आईपीएस साइंस बैकग्राउंड के हैं. अजय कुमार सिंह ने केमेस्ट्री में एमएससी किया है. इसके अलावा अनुराग गुप्ता, प्रशांत सिंह, संजय आनंज लाटकर, नवीन सिंह, अशीष बत्रा, साकेत कुमार सिंह, होमकर अमोल वेणुकांत, पंकज कंबोज, अनूप टी मैथ्यू, विजयालक्ष्मी, क्रांति कुमार गणदेशी, माइकल राज, नरेंद्र कुमार सिंह,राकेश बंसल, सुनील भास्कर, अनिश गुप्ता, एम तमिलवाणन,अजय लिंडा, पी मुरूगन, चोथे मनोज रतन भी साइंस वाले हैं.

**विकास आयुक्त सहित 5 के पास एमबीए की डिग्री**

झारखंड के विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह के पास एमबीए की डिग्री है. इसके अलावा अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर एल खियांग्यते के पास भी एमबीए की डिग्री है. सुनील वर्णवाल ने भी मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की है. पूजा सिंघल, मनीष रंजन, जीतेंद्र कुमार सिंह और विशाल सागर के पास एमबीए की डिग्री है, वही हर्ष मंगला के पास सीए की डिग्री है.

## आपकी बात



> बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं. इससे बचने के लिए फिजिकल एक्टिविटी मेडिटेशन बहुत जरूरी है.

**नाम : शीतल शर्मा**
**पेशा :** शिक्षक)
**विशेषज्ञ :** अंग्रेजी
**निवास :** झुमरी तिलैया

लोशीतल शर्मा का जन्म 1989 में कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया शहर के गांधी स्कूल रोड में हुआ था. यह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थी. उन्होंने दसवीं एवं बारहवी की पढ़ाई तिलैया से किया और ग्रेजुएशन उन्होंने जेजे कॉलेज से किया.वह 2016 से झुमरी तिलैया के आदर्श विद्यालय का संचालन कर रही है. उन्हें बचपन से ही पढ़ाई और समाज सेवा में रूचि थी इसलिए वह अपने ही स्कूल में कुछ गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाती है. यह विद्यालय इनके पिता श्री धनेश्वर शर्मा के द्वारा 1974 में स्थापित किया गया था. जिसके बाद इनकी माता स्व चंद्रमोहिनी शर्मा के साथ मिलकर इनके पिता द्वारा विद्यालय का संचालन का किया जाने लगा. उसे समय झुमरी तिलैया में अंग्रेजी विद्यालय के नाम पर केवल आदर्श विद्यालय था. आपको बता दे की विद्यालय के ठीक सामने एक क्लाली हुआ करता था. जिसको हटाने को लेकर विद्यालय की ओर से काफी संघर्ष किया गया. अंततः इस क्लाली को हटाने में विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान रहा. शीतल शर्मा बताती है कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं. जिससे बचने के लिए फिजिकल एक्टिविटी मेडिटेशन बहुत जरूरी है.

## ब्रीफ खबरें

### 20 दिसंबर तक बढ़ी बैठक की तारीख

**रांची।** शिक्षकों के ट्रांसफर की अनुशंसा करने के लिए होने वाली जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक की अंतिम तारीख बढ़ाई गई है. शिक्षा सचिव के रविकुमार ने इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र लिखा है. शिक्षा सचिव ने कहा है कि शिक्षकों के ट्रांसफर की अनुसंशा करने के लिए जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर निर्धारित की गई थी, लेकिन 29 नवंबर तक अधिकतर जिलों में यह बैठक नहीं हो सकी है.

### अभाविप के अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन

**रांची/जमशेदपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज इकाई की ओर से शुक्रवार को परिषद के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया. इस वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नगर में 7 से 10 दिसंबर तक होना है. इसमें देश भर के कॉलेजों से करीब 10 हजार से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक कार्यकर्ता शामिल होंगे. इन चार दिनों में देश के शैक्षिक सामाजिक एवं समसामयिक विषयों चर्चा होगी.

## रहमोकरम पर बिजली : 48 लाख उपभोक्ताओं पर दोहरी मार

# सूबे में दूसरे के तार से बिजली आपूर्ति पर खर्च 260 करोड़

- दूसरे के ट्रांसमिशन लाइन से बिजली लेने पर देना पड़ रहा है 31 पैसे प्रति यूनिट व्हीलिंग चार्ज
- बिजली नुकसान के मामले में झारखंड छठे पायदान पर, 32 फीसदी है लाइन लॉस

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

सूबे की बिजली व्यवस्था दूसरे के रहमोकरम पर टिकी है. या कहें कि सेंट्रल सेक्टर और निजी कंपनियों के भरोसे. आज की तारीख में भी झारखंड में बिजली की आपूर्ति दूसरे कंपनियों के ट्रांसमिशन लाइन से हो रही है. इसके एवज में बिजली वितरण निगम को हर माह करोड़ों रुपए चुकाने पड़ रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्हीलिंग चार्ज (दूसरे के तार से बिजली लेने) के रूप में 260.49 करोड़ रुपए चुकाने पड़े. झारखंड में फिलहाल 31 पैसे प्रति यूनिट व्हीलिंग चार्ज लिया जाता है.



### बिजली नुकसान पर हर महीने 40 करोड़ खर्च

बिजली नुकसान के मामले में झारखंड देश भर में छठे पायदान पर है. बिजली नुकसान के मामले में राष्ट्रीय मानक 24 फीसदी है, जबकि झारखंड में लाइन लॉस 32 फीसदी है. इस हिसाब से राष्ट्रीय मानक से आठ फीसदी अधिक झारखंड में बिजली का नुकसान हो रहा है. इससे बिजली कंपनी को नुकसान हो ही रहा है, उसकी भी भरपाई उपभोक्ता ही कर रहे हैं. अगर एक फीसदी नुकसान कम हो तो हर महीने चार करोड़ रुपए की बचत भी होगी. बिजली नुकसान के कारण वितरण निगम को हर महीने 40 करोड़ रुपए का भी नुकसान हो रहा है. सबसे अधिक बिजली का नुकसान जम्मू-कश्मीर में होता है.

### किस राज्य में कितना फीसदी है लाइन लॉस

जम्मू कश्मीर 62, अरुणाचल 49, बिहार 44, मणिपुर 40, मध्यप्रदेश 35, झारखंड 32, चंढ़ीगढ़ 31 ,उत्तरप्रदेश 31, राजस्थान 27, मिजोरम 27, सिक्किम 26, पश्चिमबंगाल 25, असम 24, हरियाणा 24, उत्तराखंड 22, कर्नाटक 22, त्रिपुरा 22, तमिलनाडु 21, महाराष्ट्र 21, केरल 18, गुजरात 18, आंध्रप्रदेश 16, पांडिचेरी 12 और हिमाचल में 11 बिजली का नुकसान होता है.

**नियामक आयोग का निर्देश भी नहीं मानता वितरण निगम**

झारखंड में राज्य विद्युत नियामक आयोग का भी निर्देश झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम नहीं मानता है. विद्युत नियामक आयोग ने लाइन लॉस 15 फीसदी तक लाने का निर्देश दिया है. इससे पहले 16 फीसदी तक लाने का निर्देश दिया था. प्रावधान के मुताबिक हर साल बिजली दर निर्धारण के समय आयोग बिजली नुकसान में कमी लाने का निर्देश देता है. आज तक वितरण निगम आयोग के निर्देश का पालन नहीं कर सका है.

### नप गए राज्य सेवा के अफसर जीतेंद्र देव चलेगी कार्यवाही

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का जमीन से मोह भंग नहीं हो रहा है. फिलहाल राज्य सेवा के 33 अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चल रही है. इसी क्रम में अब एक और अफसर पर भी गाज गिर गई है. पाकुड़ के तत्कालीन एसडीओ जीतेंद्र कुमार देव के खिलाफ भी दो आरोप पत्र दायर किए गए. जिसे प्राथमिक जांच में सही पाया गया. जीतेंद्र देव पर राजस्व नुकसान के साथ व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप है. इसके अलावा गलत तरीके से बंदोबस्ती कराने का भी आरोप है. साथ ही दायित्वों का निर्वहन नहीं करने और विधि व्यवस्था जैसे संवेदनशील मामलों पर शिथिलता बरतने का आरोप है. जीतेंद्र कुमार देव वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं. उनके खिलाफ दायर आरोप पत्रों की समीक्षा के बाद राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है. इस मामले की जांच सेवानिवृत आइएएस रमाकांत सिंह करेंगे.



- गलत तरीके से बंदोबस्ती कराने का है आरोप

# जीआईएस और रिमोट सेंसिंग से लैस होंगे अफसर व कर्मी

- प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार और लेक्चर कार्यशाला होगी
- बेहतर व्यवस्था के कारण नागरिकों से जुड़ाव भी होगा

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

झारखंड सरकार ने राज्य के विकास को गति देने के लिए सूचना और तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करने की योजना बनाई है. इसके तहत राज्य के विभिन्न विभागों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों और इंजीनियरों को ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) और रिमोट सेंसिंग (सुदूर संवेदन) का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसे लेकर सूचना प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस विभाग ने झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (जेएसएससी) की स्थापना की है. जेएसएससी सरकारी कामकाज में जीआईएस और रिमोट सेंसिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार और लेक्चर कार्यशाला का आयोजन करेगी.

**सरकारी विभागों की निर्णय लेने की बढ़ेगी क्षमता :** जीआईएस और रिमोट सेंसिंग तकनीक को अपनाने से विभागों में सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी. इससे कई योजनाओं में सरकार की लागत भी बचेगी. बेहतर व्यवस्था के कारण नागरिकों से जुड़ाव भी होगा और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा. अगर कोई सरकारी विभाग अपने इंजीनियरों या पदाधिकारियों को इन दोनों तकनीक के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिलवाना चाहता है तो उसे सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग को आवेदन देना होगा. इसके बाद अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित किये जाएंगे. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रशिक्षुओं को विभाग की ओर से सर्टिफिकेट भी दिये जाएंगे.



**क्या है जीआईएस और रिमोट सेंसिंग**

ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम पृथ्वी की भौगोलिक आकृतियों, भू-भागों को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाता है. जीआईएस मुख्य रूप से तीन स्तर पर काम करता है. वो सबसे पहले डाटा को संग्रहित करता है और फिर उसे सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित करता है. डाटा को सही तरीके से मिलाता और फिर उन्हें ढूंढने में मदद करता है. वहीं रिमोट सेंसिंग भू-पृष्ठ की वस्तुओं और घटनाओं की सूचना बिना वस्तु के संपर्क में आये देता है.

# श्रम मंत्री ने खुले मंच से कहा - शौचालय में रखा गया है गोइठा

**संवाददाता।पलामू/रांची**

सूबे के श्रम मंत्री ने भी सत्यानंद भोक्ता ने खुले मंच में ही स्वीकार किया है कि शौचालय के नाम पर फर्जी निकासी की गई है. शौचालय में गोइठा रखा हुआ है. वे शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि पूर्व में समस्या के समाधान के लिए 181 फोन नंबर था, इस नंबर से क्या हाल होता था सभी को पता है. सरकार अब सभी के द्वार जा रही है. सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने आवास योजना का पैसा बंद कर दिया. 16230 की करोड़ की लागत से आठ लाख लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाना है.




**विधायकों को भी आना चाहिए थाः मिथिलेश :** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार जनता के द्वार तक जा रही है. इस मौके पर सभी विधायकों को मौजूद रहना चाहिए था, लेकिन विधायक मौजूद नहीं हैं. उन्हें यहां अपनी बात रखनी चाहिए थी, वे योजना के फायदे और कमियों को बता सकते थे.

# अल्ट्रा सोनोग्राफी करने वाले डॉक्टरों को कराना होगा पंजीकरण

**संवाददाता।रांची**

राज्य के सभी रेडियोलॉजिस्ट एवं अल्ट्रासोनोग्राफी करने वाले चिकित्सकों को झारखंड मेडिकल काउंसिल अथवा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से पंजीकृत होने अनिवार्य होगा. दरअसल पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में इस पर चर्चा हुई. समिति की बैठक रिम्स की स्त्री एवं प्रसूति विभाग से सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ रेणुका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई. इस दौरान चर्चा हुआ कि रोगस, आईएमए और पीजी के छात्रों के इंडक्शन कार्यक्रम में पीसीपीएनडीटी अधिनियम को ओरिएंटेशन में शामिल किया जाए. वहीं राज्य अंतर्गत अल्ट्रासाउंड क्लीनिक एवं सिविल सर्जन कार्यालय के द्वारा अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित मानक पर चर्चा की गई व प्रस्ताव दिया गया. सक्षम स्तर से अनुमोदन के बाद इसे आधिकारिक तौर पर झारखंड के सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में लागू किया जाएगा.



## विश्व एड्स दिवस डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# 1986 में पहली बार भारत में मिला था एड्स मरीज

**संवाददाता।रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में विश्व एड्स दिवस को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. वहीं डीएसपीएमयू की छात्रा ने गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति की. जबकि नुक्कड़ नाटक मंडली के द्वारा एड्स पर नाटक का मंचन व गीत की प्रस्तुति की गयी. बता दें कि 1988 में पहली बार विश्व एड्स दिवस वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन के द्वारा मनाया गया था. इस दिवस को मनाने का उद्देश्य एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करना है. भारत में 1986 में एड्स का पहला मरीज मिला था. वहीं पूरी दुनिया में 900 बच्चे हर दिन एचआईवी पॉजिटिव पाए जा रहे हैं.


विश्व एड्स दिवसः 1986 में मिला भारत में पहला एड्स मरीज

**ये रहे मौजूद :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, जेसेक्स के परियोजना निदेशक जय किशोर प्रसाद, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा बीरेंद्र प्रसाद सिंह, डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य, डीएसडब्लू अब्बास, ट्रांसजेंडर कम्युनिटी की अमरजीत समेत अन्य मौजूद रहे

### एड्स के उन्मूलन के लिए संकल्पित है हमारा राज्य : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15326 एड्स के मरीज है. लेकिन लोगों को जागरूक और सावधान रहने की जरूरत है. चाइनीज निमोनिया पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना को हमारे राज्य ने चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए पार किया है. ठीक उसी तरह हम सभी लोग इससे भी निबटेंगे.

### मरीजों की प्रतिरोधात्मक क्षमता हो जाती है कामः अरुण कुमार सिंह

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि एड्स पॉजिटिव मरीज के प्रतिरोधात्मक क्षमता कम हो जाती है. एचआईवी का वायरस वाइट ब्लड सेल (डब्लूबीसी) पर प्रहार करता है. इस साल एड्स दिवस का थीम है, लेट कम्युनिटी लीड ऐसे में समाज के लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक और सचेत रहने की जरूरत है.

**एड्स के उन्मूलन में आगे बढ़ रहा है देश**

डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व से एड्स को खत्म करेंगे. देश की बड़ी आबादी एचआईवी से प्रभावित हुई है. एड्स उन्मूलन के लिए आगे बढ़ रहे हैं.

### पीएच. डी. उपाधि



कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, रांची के आदेशनुसार श्री अमित कुमार (UGC-NET/JRF) संप्रति, सहायक प्राध्यापक, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग (भाषा-खोरठा) मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, रांची, माता- श्रीमती कुन्ती देवी, पिता - स्व॰ गुलेश्वर महतो, ग्राम- बगई प्रखण्ड-दुलमी, जिला - रामगढ़, झारखण्ड - 825101, को रांची विश्वविद्यालय रांची की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय द्वारा अगस्त - 2023 को आयोजित मौखिकी परीक्षा में पीएच. डी. उत्तीर्ण घोषित किया गया। इन्होंने डॉ. विनोद कुमार विभागाध्यक्ष, खोरठा भाषा विभाग डी॰एस॰ पी॰ एम॰ यु॰ रांची के निर्देशन में "श्याम सुन्दर महतो और उनका रचना संसार : एक विश्लेषण" - विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

शुभम संदेश अखबार का पलामू संस्करण शुरू होने पर तमाम पाठक व अखबार प्रबंधन को बधाई



मो इमरान
जिला संयुक्त सचिव
झारखंड मुक्ति मोर्चा, लातेहार

शुभम संदेश अखबार का पलामू संस्करण शुरू होने पर तमाम पाठक व अखबार प्रबंधन को बधाई



अनीता देवी
उपाध्यक्ष
जिला परिषद, लातेहार

**धनबाद : आधा दर्जन प्रमुख व्यापारिक केंद्रों की अधिकांश दुकानें रात 8 बजे तक हो जाती हैं बंद**

# रंगदारों का खौफ, अंधेरा होते ही सन्नाटा



संवाददाता। धनबाद

धनबाद की हृदयस्थली माने जाने वाले बैंकमोड़ इलाके में रंगदारों का खौफ पूरी तरह हावी हो चुका है. पहले देर रात तक गुलजार रहने वाली दुकानें अब आठ बजते-बजते बंद हो जाती हैं. यहा तक की यहां के आधा दर्जन बड़े बाजारों की लगभग सारी दुकानें बंद हो जाती हैं. भयभीत व्यवसायी फिलहाल अपनी जान को व्यापार से ज्यादा कीमती मानते हुए काम कर रहे हैं. बैंकमोड़ इलाके के शांति भवन, राजेंद्र मार्केट, ओजोन प्लाजा, उर्मिला टावर,करबला रोड, मिट्ठू रोड, टैक्सटाइल मार्केट आदि प्रमुख व्यापारिक केंद्रों के लगभग बड़े कारोबारियों को रंगदारी वाला फोन आ चुका है. सिर्फ इतना ही नहीं यहां के छोटे कारोबारी भी रंगदारी के फोन की चपेट से नहीं बच पाए हैं. बैंकमोड़ थाना भवन से बिलकुल सटे पार्टस कारोबारी को भी फोन आने की बात कही जा रही है. ऐसे में स्वाभाविक तौर डरे हुए व्यापारी समय से पहले दुकान बंद कर घरों को निकल जा रहे हैं.

**60%**
**से अधिक कारोबारियों को आ चुका है रंगदारी का फोन**

### स्टाफ के भरोसे व्यापार

कुछ लोग तो अपने स्टाफ के भरोसे व्यापार करने को मजबूर हैं. इस कारण बैंकमोड़ के आसपास के रहने वाले लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. क्योंकि दिन में तो बैंकमोड़ का इलाका काफी भीड़भाड़ वाला रहता है. इसलिए आसपास रहने वाले परिवार देर शाम के बाद ही मार्केटिंग करने को बाजार पहुंचते थे. लेकिन अब रातआठ बजे तक ही दुकानें बंद हो जा रही हैं, ऐसे में उन्हें बिना खरीदारी के ही लौटना पड़ रहा है. दुकानदारों के खौफ का असर अब तो यहां आसपास रहने वालों पर भी दिखना शुरू हो गया है.

### प्रतिष्ठानों के बोर्ड से मोबाइल नंबर हो गए लापता



▪ व्यापारी खुद का मोबाइल नंबर आफ कर स्टाफ के नंबर से कर रहे कारोबार

बैंकमोड़ इलाके में अब दुकानों के बोर्ड से मोबाइल नंबर गायब हो चुका है. दुकानदार बोर्ड में अंकित नंबरों को मिटा दे रहे हैं. कालिख लगाकर छिपा दे रहे हैं या फिर उस पर रेडियम लगा दे रहे हैं, ताकि उनका नंबर रंगदारों तक नहीं पहुंच पाए. बताते चलें कि बैंकमोड़ मटकुरिया रोड के व्यापारी सह कार सेंटर नामक प्रतिष्ठान के मालिक दीपक अग्रवाल से पहले रंगदारी मांगी गई और फिर उनपर फायरिंग की गई. इस वारदात के बाद लगातार यहां के दुकानदारों को फोन आना शुरू हो गया, रंगदारी कॉल के नहीं रुकने के कारण करीब दो दर्जन से अधिक दुकानदारों से बोर्ड से अपना मोबाइल नंबर हटा लिया1 दुकानदारों की मानें तो उन्हें अब पुलिस पर भरोसा नहीं रह पाया है. हालांकि दीपक अग्रवाल पर हुई फायरिंग के बाद दो जवानों की ड्यूटी उस इलाके में लगाई गई है. उन जवानों के पास हथियार तक नहीं है, उन्हें किसी संदिग्ध को देखकर पकड़ने और पूछताछ करने का निर्देश दिया गया है. लेकिन जवान अक्सर मोबाइल की दुनिया में खोए नजर आते है.

## गो तस्करों ने पुलिस को निशाना बनाया, कंटेनर चढ़ाने का प्रयास

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

**खास बातें**

- दुर्घटना में आठ मवेशियों की गई जान, होगा पोस्ट मार्टम
- पुलिस ने 8 लोगों को लिया हिरासत में, हो रही पूछताछ

डुमरी निमियाघाट थाना क्षेत्र के तुरी टोला के समीप शुक्रवार की सुबह बोलेरो पिकअप डीआई वाहन संख्या डब्लूबी 39सी 1909 के पलट जाने से वाहन में क्रूरता पूर्वक लदे 17 मवेशियों में से 8 मवेशियों की मौत मौके पर ही हो गई. घटना के बाद वाहन चालक और खलासी फरार हो गए, जबकि वैन पलटी देख पीछे से आ रहे पशु लदे दो कंटेनर क्रमशः बीआर 02जीसी 4662 और एनएल 01एल 3166 रुक कर देख रहे थे कि पीछे से आ रही पुलिस वाहनों सहित उसके चालकों सहित 8 को हिरासत में लेकर थाने ले गयी.

इस दौरान गोवंश लादे वाहनों ने पुलिस को बनाया निशाना, गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया. तीनों वाहनों में लदे मवेशियों को मधुबन गौशाला में भेजेगी, जबकि मृत मवेशियों को पोस्ट मार्टम कराया जाएगा. बताया जाता है कि एसपी को सूचना मिली थी कि जीटी रोड के रास्ते कोलकाता की ओर मवेशी लदा वाहन सुबह पास करेगा. जिस पर एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी और निमियाघाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ छापेमारी चला रहे थे. इसी दौरान मवेशी लदे वाहन भागने लगे, पहला वाहन तुरी टोला के समीप पलट गया. वाहनों में लोड मवेशियों को क्रूरता से एक के ऊपर एक रखा गया था.

**बेमियादी सत्याग्रह आंदोलन का हुआ समापन**

## आवाज उठाता ही रहूंगा : सरयू राय

शुक्रवार को विधायक सरयू राय गांधी सेवा सदन में चल रहे बेमियादी सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने पहुंचे. उन्होंने कहा,पुलिस से हटकर जो काम करेगा, वही अपराधियों पर लगाम लगा सकेगा. एटीएस की टीम बनाई गई है, इसे जिला पुलिस से अलग रखा जाए और इसे राज्य सरकार हैंडल करे. सरकार की ओर से जो कार्रवाई होनी चाहिए, वो भी नही हुई. उन्होंने कहा कि अपराध शहर में बढ़ रहे, उन पर नियंत्रण करना और जो बाहर से अपराध का संचालन कर रहे, उन्हें पकड़ कर लाएं. केंद्र व राज्य सरकार मिल कर ये काम करें तो अपराधी नाक रगड़ते हुए चले आएंगे. समाज सेवी कृष्णा के अग्रवाल ने सत्याग्रह की शुरुआत गुरुवार को की थी, जिसे समाप्त किया गया. इसको विधायक सरयू राय तथा 300 अन्य ने समर्थन दिया. सरयू राय ने कहा, अपराध को लेकर गृह सचिव से वार्ता हुई है. मैं इस पर आवाज उठाता रहूंगा.




## सीसीएल ने बनाया 7.2 मिलियन टन कोयले के उत्पादन का रिकॉर्ड

**रांची।** सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के नवंबर माह में 7.2 मिलियन टन कोयले का रिकार्ड उत्पादन किया. स्थापना के बाद पहली बार सीसीएल ने नवंबर में 7 मिलियन टन के आंकड़े को पार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. प्रबंधन का कहना है की कंपनी का आगे भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को पार अवश्य करेगी. सीसीएल देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपनी क्षमता के साथ अग्रसर है. इसके लिए सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के कुशल नेतृत्व तथा भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देश में देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है.

**ब्रीफ खबरें**

### कोयला कारोबारी के ऑफिस में गोलीबारी

**रामगढ़।** कोयला कारोबारी के ऑफिस में अपराधियों ने गोलीबारी की है. घटना शुक्रवार की शाम को हुई. जहां बाइक पर आए अपराधियों ने कल्याण पांडे के ऑफिस में गोलीबारी की. इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज जांच करने में जुटी हुई है. और कारोबारी से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है. किस वजह से गोली चलाई गई, वजह सामने नहीं आई है.

### कोडरमा में जेसीकॉन शुरू जुटे देश-विदेश के सर्जन

**कोडरमा।** एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया, झारखंड, कोडरमा के 22वें वार्षिक सम्मेलन, जेसीकॉन का उद्घाटन एएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार जैन और सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने किया. कोडरमा में आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मूल विषय "रोगी की सुरक्षा और सर्जरी की गुणवत्ता में सुधार" है. इस वार्षिक सम्मेलन में 250 सर्जन भाग ले रहे हैं.

### आकांक्षा एंट्रेंस के लिए हुई तिथि की घोषणा

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आकांक्षा एंट्रेंस परीक्षा 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. इसमें छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल और क्लैट के प्रवेश परीक्षा के तैयारी के लिए लिया जाता है. परीक्षा भरने का अंतिम तिथि 23 दिसंबर है. वहीं परीक्षा 3 मार्च को लिया जाएगा. इसके लिए वेबसाइट https://jac.jharkhand.gov.in/jac/ पर जाकर देखें.

## धीरेंद्र शास्त्री व तब्लीगी जमात के कार्यक्रम को लेकर भाजपा व झामुमो आमने-सामने

संवाददाता। धनबाद

बाघमारा में दो दिसंबर से प्रस्तावित बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति जिला प्रशासन द्वारा नहीं दी गयी. वहीं गोविंदपुर में



तब्लीगी जमात की इज्तिमा के लिए प्रशासन ने द्वारा मंजूरी दी. इस निर्णय को ले भाजपा व झामुमो आमने-सामने हो गए हैं और दोनों में जुबानी जंग शुरू हो गयी है. आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया.

प्रशासन ने बागेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को यह कहते हुए अनुमति नहीं दी थी कि वहां ज्यादा भीड़ जुट जाएगी, जिसे संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन कम पड़ जाएंगे. दूसरी बात यह कि बाघमारा में जिस जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, वहां जगह भी कम है और तीसरी बात यह है कि जहां कार्यक्रम कराया जा रहा है, वह माइनिंग इलाका है और कार्यक्रम में हिस्सा लेनेआनेवालों का खदान में गिरने का भी खतरा है. लेकि भाजपा के लोग इस तर्क को बेतुका बताते हुए झामुमो पर निशान साध रहे हैं, वहीं झामुमो के लोग भाजपा के आरोपों को खारिज कर रहे हैं.

### हिंदुओं की भावना से खिलवाड़ कर रही सरकार : भाजपा



धनबाद विधायक राज सिन्हा ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार झारखंड को इस्लामिक राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है. झामुमो सरकार हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है. यह सरकार सिर्फ वोट बैंक के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति अपना रही है. उधर धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की अनुमति न देने पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि यह सरकार पाप से घिरी हुई है. हिंदुओं की भावना को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है.

### आरोप बेतुके, जांच कर प्रशासन देता है अनुमति : झामुमो

झामुमो प्रवक्ता समीर रवानी ने कहा कि भाजपा के आरोप बेतुके हैं. किसी भी कार्यक्रम की अनुमति देना जिला प्रशासन का काम है, न कि सरकार का. प्रशासन सभी मापदंडों की जांच करने के बाद हीं किसी भी कार्यक्रम की अनुमति देता है. रवानी ने कहा कि वह भी चाहते हैं कि धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम जिले में हो, जिससे भक्तों को लाभ मिले. कहा कि कार्यक्रम गोविंदपुर के आमघाटा जैसे स्थान पर होना चाहिए, जहां पहुंचने में भक्तों को परेशानी न हो.

### रांची और साहिबगंज के कई पुलिसकर्मियों को ईडी करेगी समन

**रांची।** ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में ईडी रांची और साहिबगंज जिले के कई पुलिसकर्मियों को समन करेगी. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एसपी नौशाद आलम से पूछताछ के बाद कई पुलिसकर्मियों के नाम सामने आये हैं. जिसके बाद ईडी अन्य पुलिसकर्मियों का भी बयान दर्ज करेगी. ईडी ने नौशाद आलम से गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के बारे में पूछताछ की, लेकिन नौशाद आलम ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया. नौशाद आलम ने ईडी को बताया गया कि साहिबगंज पुलिस ने विजय हांसदा को कोर्ट के निर्देश के बाद बॉडीगार्ड उपलब्ध करवाया गया था. जब नौशाद आलम ने साहिबगंज एसपी का पदभार ग्रहण किया, उसके बाद विजय हांसदा ने सुप्रीम कोर्ट में एक केस के सिलसिले बॉडीगार्ड के साथ दिल्ली जाने को लेकर आवेदन दिया था.




**राज्यपाल ने की जनजातीय समाज से अपील**

## हड़िया-दारू पीना छोड़ें, शिक्षा को अपनाएं

संवाददाता। गुमला/रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को जनजातीय समाज के लोगों से अपील की है कि हड़िया व दारू पीना छोड़ दें. शिक्षा को अपनाएं. सरकार की विकास योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें. राज्यपाल शुक्रवार को गुमला के अरमई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि हर घर व हर गांव में बिजली, पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है.

### अपने बच्चों को जरूर स्कूल भेजें

राज्यपाल ने कहा, आवासीय स्कूल खोले गए हैं. माता-पिता बच्चों को जरूर स्कूल भेजे. हर गरीब को पक्का घर दिया जा रहा. रसोई गैस और चूल्हा के साथ पीएम गरीब कल्याण योजना का लाभ भी लोगों को दिया जा रहा है. पीएम अनाज योजना को 5 साल तक बढ़ा दिया गया है. नल जल जीवन मिशन से लोगों को उनके घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है. **गुमला डीसी के कार्यों की प्रशंसा:** राज्यपाल ने गुमला डीसी की प्रशंसा की. कहा कि जमीन संबंधी विवादों को दूर करने में और में पंचायत में बेहतर काम किया है. झारखंड में बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभियान की शुरुआत की है.

**सूरते हाल** बिजली वितरण निगम का रिवन्यू गैप बढ़ कर हो गया 8347.43 करोड़ रुपए

# घाटा पाटने के लिए बिल टैरिफ से चाहिए 9302.34 करोड़

रवि भारती। रांची

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम आठ हजार करोड़ से अधिक के घाटे में चल रहा है. इस घाटे को पाटने के लिए वितरण निगम को बिजली बिल के टैरिफ से 9302.94 करोड़ रुपए का राजस्व चाहिए. इसके लिए वितरण निगम ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव सौंपा है. प्रस्ताव में वितरण निगम ने रिवन्यू गैप का भी आंकड़ा सौंपा है. इस आंकड़े के अनुसार बिजली वितरण निगम का रिवन्यू गैप 8347.43 करोड़ रुपए है.

**2021 से 2024 तक वितरण निगम का क्या है रिवन्यू गैप :** वित्तीय वर्ष 2021-22 में वितरण निगम का रिवन्यू गैप 2691.48 करोड़ रहा. वित्तीय वर्ष 2022-23 में रिवन्यू गैप 3122.36 करोड़ रुपए रहा. वहीं 2023-23 में रिवन्यू गैप 2533.59 करोड़ रुपए रहा. वहीं 2023-24 में वितरण निगम को 6769.35 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई.



### वित्तीय वर्ष 2023-24 में कितना खर्च

झारखंड राज्य बिजली वितरण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर 2780.87 करोड़ रुपए खर्च किए. आरडीडीएसएस स्कीम के तहत 1322.52 करोड़ रुपए खर्च किए गए. मीटिरंग में 153.73 करोड़ रुपए खर्च किए. वहीं रांची में स्मार्ट मीटरिंग में 90 करोड़ रुपए खर्च किए गए.

### किस वित्तीय वर्ष में कितने की बिजली खरीदी

वित्तीय वर्ष 2022-23 में झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने 6817.25 करोड़ रुपए की बिजली खरीदी. इसमें इनलैंड पावर, रूंगटा माइंस, एबीसीएल और पीटीसी भी शामिल हैं. इन सभी से 592 करोड़ रुपए की बिजली खरीदी गई. वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 से 6611.19 करोड़ रुपए की बिजली खरीदी गई. इसमें इनलैंड पावर, एबीसीएल, रूंगटा माइंस और पीटीसी से 587.79 करोड़ और एसआरएचपीएस से 9.09 करोड़ की बिजली खरीदी गई.

**वित्तीय वर्ष 2022-23**

| कंपनी का नाम | कितने करोड़ की बिजली खरीदी |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1576.94 करोड़ |
| एनएचपीसी | 89.42 करोड़ |
| पीटीसी | 113.39 करोड़ |
| डीवीसी | 1990.08 करोड़ |
| टीवीएनएल | 990.65 करोड़ |
| यू आइ | 84 करोड़ |
| आधुनिक पावर | 482.29 करोड़ |
| सोलर | 286.43 करोड़ |
| विंड एनर्जी | 244.37 करोड़ |

**वित्तीय वर्ष 2023-24**

| कंपनी का नाम | कितने करोड़ की बिजली |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2092.06 करोड़ |
| एनएचपीसी | 93.89 करोड़ |
| पीटीसी | 119.06 करोड़ |
| सेंट्रल सेक्टर | 2305.01 करोड़ |
| डीवीसी | 1556.30 करोड़ |
| टीवीएनएल | 877.46 करोड़ |
| आधुनिक पावर- | 421.37 करोड़ |
| सोलर | 286.43 करोड़ |
| पवन | 244 करोड़ |

## ब्रीफ खबरें

### सारंडा के ममार गांव में कृषि मेले का आयोजन

**मनोहरपुर ।** सुदूरवर्ती सारंडा के ग्राम ममार में शुक्रवार को क्रिस्टोन फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में कृषि मेला आयोजित किया गया. कृषि मेला का उद्‍घाटन किस्टोन फाउंडेशन के सचिव इंदा जामुदा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस मेले में सारंडा अंतर्गत दो पंचायत छोटानागरा व गंगदा पंचायत के प्रतिभागी किसानों ने हिस्सा लिया. विदित हो कि सारंडा में कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कृषि मेला में कृषि उपज से संबंधित विभिन्न प्रकार के देसी धान, फल व सब्जियों का स्टॉल लगाया गया.

### सारंडा में सीआरपीएफ ने बच्चों को दिए सामान

**किरीबुरु ।** सारंडा में नक्सलियों से लोहा ले रहें सीआरपीएफ-26 बटालियन के कमांडेंट राजिव रंजन के निर्देशानुसार तथा ए/26 वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट एन बालामुरुगन, सहायक कमांडेंट सुबीर मण्डल के नेतृत्व में पदाधिकारियों व जवानों द्वारा करमपदा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में करमपदा, नवागांव के ग्रामीण व बच्चे शामिल हुये. ग्रामीणों के बीच पानी टंकी, मक्का, लौकी, टमाटर आदि के बीज का वितरण किया गया.

### 7 से मिलेगा मशरूम की खेती का प्रशिक्षण

**किरीबुरु ।** बैंक ऑफ इंडिया एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चाईबासा के डिलियामार्चा में 7 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक मशरुम खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा. जिसे भी स्वरोजगार के लिए मशरुम खेती का प्रशिक्षण लेना है वे 7 दिसम्बर से पहले उक्त संस्थान के कार्यालय में जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं. नामांकन फोन से भी किया जा सकता है. इसके लिये लोग मोबाइल नम्बर- 6204319798, 8789057247, 9113160077, 8210618580 पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक फोन कर अपना नामांकन करा सकता हैं.

### पूर्व प्रमुख ने बीडीओ से की शिष्टाचार भेंट

**तांतनगर ।** तांतनगर प्रखंड के पूर्व प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार सामड तथा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुखलाल चातर ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की है. भेंट करने वालों ने बीडीओ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया है. सामड ने बीडीओ से प्रखंड वासियों का काफी उम्मीदें तथा प्रखंड को विकास की नयी उंचाईयों को चुमेगी. उन्होंने गरीब, दबे कुचले लोगों को सरकारी लाभ पहुंचाने में मिलेगा.

### सिलफोड़ी के बूढीगोड़ा मैदान में लगा शिविर

**चक्रधरपुर ।** पंचायत स्तर पर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किए गए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चक्रधरपुर के सिलफोड़ी पंचायत के बुढीगोड़ा मैदान स्थित में शिविर लगाया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, बीडीओ सीमा कुमारी, जिला परिषद सदस्य मीना जॉनको, मुखिया मेलानी बोदरा, विधायक प्रतिनिधि मदन बोदरा उपस्थित हुए.

# अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेगी आस

संवाददाता | किरीबुरु



आदिवासी समन्वय समिति (आस) की बैठक संयोजक सुशील बारला की अध्यक्षता में नन्दपुर स्थित बारला निवास में की गई. बैठक में आस द्वारा संवैधानिक अधिकारों को लेकर विभिन्न प्रखण्डों में चलाई जा रही अभियान, बैठक के समय ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गम्भीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया.

सुशील बारला ने कहा कि आजादी के 75 साल और झारखंड अलग राज्य बनने के 23 साल बाद भी गुदड़ी प्रखण्ड के बान्दु, पाण्डुवा, सिमको, कोमरोड़ा, सारूगाड़ा, लुमिंग, बन्दगांव प्रखण्ड के सिन्दुरीबेड़ा और चम्पावा, अनन्दपुर प्रखण्ड के रूंधीकोचा, रोबोकेरा एवं बिंजु पंचायत सहित मनोहरपुर विधानसभा के विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौलिक सुविधाओं से वंचित हैं. यह अत्यन्त ही दूर्भाग्यपूर्ण है.

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस के दिन मौलिक सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों को न्याय दिलाने, सीएनटी एक्ट को अक्षरशः लागू करने, सरकारी योजनाओं में न्युनतम मजदूरी-352.13 रुपये देना सुनिश्चित करने, सभी सरकारी विद्यालयों के स्वीकृत पदों में शिक्षकों को पदस्थापित करने, रूंधीकोचा एवं रोबोकेरा पंचायत के सेविका, सहियाओं का प्रशासनिक कार्य आनंदपुर प्रखण्ड मुख्यालय से संचालित करने को लेकर आनंदपुर प्रखण्ड के बाघचट्टा मुक्तिपत्थर से आनंदपुर में स्थापित डॉ० भीमराव आम्बेडकर की मूर्ति तक आस कार्यकर्ता न्याय संकल्प यात्रा करने का निर्णय लिया है. बैठक को शांन्तिएल कंडायबुरु, नरेन्द्र केरकेट्टा, महानन्दा तोपनो, मनोहर लोमगा, सोहराई लोमगा, इस्राइल बरजो, विल्सन बन्दा, बेनेडिक्ट लुगुन बलदेव जाते ने भी सम्बोधित किया.

**आस तैयार**

- अधिकारों को लेकर प्रखंडों में चलाई जा रही है अभियान
- ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार किया गया

## आओ जानें
### झारखंड : एक नजर

1. झारखण्ड के पहले मुख्य सचिव कौन थे ? -विजय शंकर दुबे
2. राज्य गठन के समय संभागो की संख्या कितनी थी ? - 4
3. राज्य गठन के पश्चात् कौन सा संभाग बना ? - कोल्हान संभाग
4. झारखण्ड राज्य में कुल कितने जिले है ? - 24
5. राज्य गठन के समय कितने जिले थे ? - 18
6. राज्य गठन के पश्चात् कितने नए जिले बने ? - 6
7. झारखण्ड में कुल कितने अनुमंडल है ? - 42
8. झारखण्ड राज्य के गठन के समय कुल कितने अनुमंडल थे? - 33
9. राज्य गठन के पश्चात् कितने नए अनुमंडल बने ? - 9
10. झारखण्ड में कुल कितने ब्लॉक है ? - 260
11. झारखण्ड राज्य के गठन के समय कुल कितने ब्लॉक थे ? - 210

## सुरक्षा बलों के सहयोग से जंगल में नेटवर्क का कार्य संपादित कराया जा रहा है

# नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर डीसी और एसपी ने की बैठक

संवाददाता | चाईबासा



पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोड और नेटवर्क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने को लेकर संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई. बैठक में बताया गया जिला अंतर्गत नक्सल उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं. जिला में तैनात सुरक्षा बलों के द्वारा घने जंगल क्षेत्रों में जाकर इस कार्य को संपादित किया जा रहा है और समय-समय पर मुख्यालय से इसकी समीक्षा भी की जा रही है. उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिले के वरीय पदाधिकारी एवं जिला अंतर्गत तैनात सीआरपीएफ के पदाधिकारी की मौजूदगी में नक्सल प्रभावित क्षेत्र हेतु डेवलपमेंट प्लान तैयार करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में जिले के उप विकास आयुक्त को प्रभावित क्षेत्र के विकास परक समेकित कार्ययोजना तैयार करने तथा सरकार द्वारा संपोषित सभी कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय वासियों को आच्छादित कराने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि बैठक में टेलीकॉम संरचना निर्माण अंतर्गत नेटवर्क प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिष्ठापन कार्य के संदर्भ में समीक्षा कर अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द संरचना निर्माण को पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया.

उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी हर हाल में होना है. उन्होंने बताया कि जिले में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के तदर्थ कनेक्टिविटी प्लान बनाने का कार्य प्रगति पर है. अधिकांश योजना में प्राक्कलन भी प्राप्त है. उन्होंने बताया कि इसके तहत संबंद्ध विभागों से प्रशासनिक या तकनीकी स्वीकृति लेते हुए अग्रेतर कार्य किया जाना है. बैठक में शामिल वन प्रमंडल के पदाधिकारी को वन विभाग की जमीन पर कार्य करने हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान कराने के संदर्भ में निर्देशित किया गया है. बैठक में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी के राजहंस, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे.

**दिये निर्देश**

- नक्सल उन्मूलन के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं
- दूरस्थ क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी हर हाल में किया जाना है

### जहरीले सांप के डंसने से युवक की हालत गंभीर

संवाददाता | मनोहरपुर

गुरुवार देर रात जहरीले चित्ती सांप ने एक युवक को काट लिया. उसे गंभीर हालत में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया. वहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है. पीड़ित युवक 42 वर्षीय ओम प्रकाश सिंह आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमिरता का रहने वाला है. घटना के बारे युवक के परिजनों ने बताया कि ओम प्रकाश सिंह अपने घर के बाहर पैर हाथ धो रहा था, तभी एक जहरीले चित्ती सांप उसके दाएं पैर में लिपट गया.

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 4 दिसंबर से

**मनोहरपुर ।** श्री श्री संत नरसिंह आश्रम मनोहरपुर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है. चार दिवसीय महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ दिनांक 3-6 दिसंबर तक चलेगा. यह जानकारी मनोहरपुर गायत्री समिति के मुख्यकर्त्ता ने दी. विदित हो कि यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में किया जाएगा.

# ठेका मजदूर एक दिन के लिए काम बंद करेंगे: रामा



संवाददाता | नोवामुंडी

झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के कार्यालय में गुरुवार देर शाम को संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने विभिन्न मांगों को लेकर ठेका मजदूरों के साथ बैठक की. इसमें केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने कहा कि 3 नवंबर को संयुक्त यूनियन के सभी ठेका श्रमिकों की आमसभा की जाएगी. बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी ठेका मजदूर एक दिन के लिए गुवा सेल खदान में काम को बंद करेंगे. विभिन्न मांगों के संदर्भ में पांडे ने कहा कि गुवा सेल प्रबंधन द्वारा ठेका मजदूरों को जो सुविधाएं मिल रही है उन सुविधाओं में सेंद मारकर सुविधाओं को बंद करने का कार्य कुछ व्यक्तियों द्वारा की जा रही है. यह कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. ठेका मजदूरों की जो भी सुविधाएं झारखंड मजदूर संघर्ष संघ लड़कर ली है. अचानक से इन सुविधाओं में सेंध लगाकर बंद कर दिए जाने से सारे ठेका मजदूरों में आक्रोश का माहौल है. गुवा सेल प्रबंधन से मांग करते हैं कि जो सेलकर्मी रिटायर हो चुके हैं.

# महिला कॉलेज चाईबासा के एनएसएस बीएड यूनिट ने मनाया वर्ल्ड एड्स डे

संवाददाता | चाईबासा



महिला कॉलेज चाईबासा के एनएसएस बीएड यूनिट की ओर से वालंटियर्स के द्वारा 'वर्ल्ड एड्स डे' के अवसर पर शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक किया गया. नुक्कड़ नाटक के द्वारा उन्होंने एड्स के कारण, बचाव और सावधानी प्रस्तुत किया. वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा जागरूक होने का संदेश दिया. इस अवसर पर प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने कहा कि एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए हर साल दुनिया भर में वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है.

विश्व एड्स दिवस की शुरुआत 1 दिसंबर 1988 से हुई थी. इसका उद्देश्य लोगों में एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करना है. मौके पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ने कहा कि नुक्कड़ नाटक वह माध्यम है. जिसके द्वारा लोगों में जागरूकता फैलाई जाती है. कोई भी शिक्षण संस्थान समाज का प्रतिनिधित्व करती है. यहां उपस्थित छात्राएं स्वयं जागरूक होगी. अपने पूरे परिवार को जागरूक करेंगी. मोबारक करीम हाशमी ने कहा कि जागरूक ही बचाव है. इस अवसर पर प्रो माधुरी खलखो, डॉ राजीव नामता, सितेंद्र रंजन, धनंजय कुमार , मदन मोहन मिश्रा, डॉ अंजना सिंह, डॉ मीरा, डॉ रूबी, मालती, शताब्दी दत्ता, कुमारी आरती, सुमन कुमारी, प्रियंका मित्रा, चंद्रमोहन हेंब्रम और महिला कॉलेज चाईबासा की छात्राएं उपस्थित थे.

### विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरुकता रैली

**चाईबासा ।** सदर अस्पताल के निर्देशानुसार विश्व एड्स दिवस पर एएनएम स्कूल की प्रशिक्षणार्थियों ने जागरुकता रैली निकाली. इस जागरुकता में एड्स का इलाज है जानकारी ही बचाव है, सहित एड्स से संबंधित अन्य स्लोगन के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया. इस जागरुकता रैली में एएनएम कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया.

### लोकनाथ नगर सत्संग मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह का आयोजन

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर की लोकनाथ नगर में बन्दे पुरुषोत्तम ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के सत्संग मंदिर का निर्माण कराया जाएगा. इसे लेकर शुक्रवार को चक्रधरपुर के लोकनाथ नगर में भूमि पूजन की गई. जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. इस अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर मंदिर निर्माण की आधारशीला रखी गई. जहां श्रद्धालुओं ने जय गुरु, बंदे पुरुषोत्तम का उद्‍घोष किया. इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सह ऋत्विक गोकुल चंद्र महतो ने बताया कि लगभग 35 साल से सत्संग मंदिर निर्माण की योजना चल रही थी. आज भूमिपूजन कर इसे पूरा किया गया.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य एक दूसरे को नहीं पहचान रहे हैं.

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**मनोहरपुर ।** शुक्रवार दोपहर मनोहरपुर-राउरकेला मुख्य मार्ग पारोडी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक चालक युवक घायल हो गया. घायल युवक 20 वर्षीय नीलकमल सुरीन मनोहरपुर थाना अंतर्गत गांव तुमसाई का रहने वाला है.

इस दुर्घटना में घायल युवक को उपचार के लिए मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है. वहां स्थानीय चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है. जानकारी के मुताबिक युवक अपनी बाइक से गांव तुमसाई से जराईकेला की ओर जा रहा था. जराईकेला पहुंचने के पूर्व पारोडी गांव के समीप राउरकेला से मनोहरपुर वाया जराईकेला तेज रफ्तार से आ रही यात्री बस से बचने के दौरान उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जबकि वहीं पर बाइक सवार घायल हो गया.

# सिंहद्वार निर्माण के लिए जगन्नाथ मंदिर में हुई बैठक

संवाददाता | नोवामुंडी



गुरुवार देर शाम को गुवा जगन्नाथ मंदिर में सिंह द्वार निर्माण को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. जगन्नाथ मंदिर के द्वार में दो सिंह बनवाने का बैठक के दौरान निर्णय लिया गया. जिसमें पच्चीस हजार रुपए खर्च होने की बात बताई गई. वहीं अभिनाश प्रधान ने बाहरी क्षेत्र से गुवा आने वाले आगंतुकों के जानकारी के लिए बैंक ऑफ इंडिया मोड़ और कम्यूनिटी हॉल के सामने दो अलग अलग फ्लेक्सी बोर्ड लगवाने का सुझाव रखा. जिसमें मंदिर आने जाने का सांकेतिक चिन्ह दिए जाएंगे. मंदिर में लगने वाली नित्य भोग का आयोजन के लिए फंड तैयार करने पर विशेष चर्चा हुई. जगन्नाथ मंदिर के समक्ष बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर निर्माण का विषय संतोष माझी ने रखा. बैठक की समाप्ति के बाद भोग ग्रहण किया गया. मौके पर दयानिधि दलई, अभिनाश प्रधान, संतोष माझी, सुभाष पुष्टि, जितेन्द्र पंडा, गगन साहू, विजय बेहेरा, दिव्यसिंह पंडा,सुमित महापात्रा, अजय प्रधान, भानू चंद्र दास , अरुण वर्मा, किरण किस्कू, सन्तोष बेहेरा, अरविंद साहू और गोविंद मौजूद थे.

**समारोह** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश शुक्ल चाईबासा बार एसोसएिशन के दफ्तर पहुंचे

# सदस्यों का चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी होगा: राजेश शुक्ल

सुकेश कुमार | चाईबासा



झारखंड स्टेट बार कॉसिल के वाईस चेयरमैन राजेश शुक्ल शुक्रवार को चाईबासा बार एसोसिएशन पहुंचे. जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में बार एसोसिएशन परिसर में झारखंड स्टेट बार कॉसिल के वाइस चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल के स्वागत लिए समारोह आयोजित किया गया. जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो, उपाध्यक्ष परवेज कैसर, सचिव आशीष सिन्हा के नेतृत्व में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर शुक्ल का अभिनन्दन किया. साथ ही झारखंड के अधिवक्ताओं के हितों के लिए उनके द्वारा निरंतर किए गए प्रयास की सराहना की. जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन प्रसाद साव और सरकारी अधिवक्ता जीपी, पवन कुमार शर्मा तथा चुनाव समिति के सदस्य आनंद कुमार गोप एवं केशव दाश ने भी श्री शुक्ल को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि राजेश शुक्ल ने प्रेरणादायक कार्य किए. अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिलाया. जिसको झारखंड के अधिवक्ता हमेशा याद करते है और इस पर गर्व करते है. इस अवसर पर झारखंड स्टेट बार कौंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो ने कहा कि झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन श्री शुक्ल ने अपनी कार्यक्षमता से और कार्यकुशलता से झारखंड के अधिवक्ताओं का सभी प्रकार से हित और कल्याण किया है. आज देश के आठ राज्यों में श्री शुक्ल को अधिवक्ता रत्न से सम्मानित किया गया है.

जिससे झारखंड के अधिवक्ता गौरवान्वित है. झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाईस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि चाईबासा जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों का चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी होंगा. झारखंड देश का एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां अधिवक्ताओं के सबसे ज्यादा कल्याणकारी योजनाएं चलती है और प्रभावी है.

राज्य सरकार ने जो घोषणा अधिवक्ताओं के किये किया था उसे अविलंब लागू किया जाना चाहिए. राज्य सरकार की कथनी और करनी में एकरूपता रहनी चाहिए. उन्होंने कहा कि झारखंड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बिना विलंब के लागू होना चाहिए और राज्य सरकार को बजट में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं के लिए निधि का प्रावधान करना चाहिए.

**बोले राजेश**

- वकीलों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलायी जाती हैं
- अधिवक्ताओं के लिए निधि का प्रावधान करना चाहिए


## क्लासिफाइड


















### ब्रीफ खबरें

#### विश्व एड्स दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**चांडिल।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर शनिवार को नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के लावा ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से आयोजित शिविर में लोगों के बीच स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाई गई. शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने कहा कि एड्स बीमारी को खत्म करने के लिए सभी को मिलकर लगातार कोशिश करती रहनी पड़ेगी.

#### समस्याओं को लेकर 6 को सभा करेगी आजसू

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 20 की समस्याओं को लेकर 6 दिसंबर को थाना के सामने पीएचईडी गेट पर आजसू पार्टी की अनुसूचित जाति महासभा इकाई जनसभा करेगी. यह जानकारी अनुसूचित जाति महासभा के जिलाध्यक्ष विद्याधर नायक ने दी. उन्होंने बताया कि वे नगर निगम के रिहायशी वार्ड की समस्या जिनमें ब्राउन शुगर, अवैध शराब बिक्री होने की विकराल समस्या से प्रधानमंत्री कार्यालय को अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक इस पर रोक नहीं लगी है.

#### अस्पताल में लगा दिव्यांग जांच शिविर

**घाटशिला।** अनुमंडल अस्पताल घाटशिला परिसर में दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया. दिव्यांगता शिविर में जमशेदपुर सदर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न बीमारियों का जांच किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर एन सोरेन ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों की दिव्यांगता की जांच कर इसका प्रमाण पत्र दिया जाना है. जिन लोगों का प्रमाणपत्र नहीं था वैसे लोगों को शिविर के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जाएगा.

#### पंचायत स्तर पर दो सौ पौधा बांट रहा वन विभाग

**चांडिल।** आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे शिविर में वन विभाग फलदार पौधा का वितरण कर रही है. विभागीय कर्मी शिविर में समस्याओं से संबंधित आवेदन लेने, समस्याओं का निष्पादन करने के साथ क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए फलदार पौधा का वितरण कर रही है. चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी मनेजर मिर्धा ने बताया कि हर शिविर में दो सौ फलदार पौधा का वितरण ग्रामीणों के बीच किया जा रहा है.

#### टीटीई रूम में सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को टिकट चेकिंग स्टाफ की समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन सौंपा. इसके जरिये मेंस यूनियन ने हावड़ा स्टेशन स्थित टीटीई रेस्ट रूम में एसी लगवाने की मांग की है. मांग पत्र में बताया गया है कि हावड़ा टीटी रूम में एक भी एक नहीं लगा हुआ है, जिस कारण गर्मी के दिनों में चेकिंग स्टाफ को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है.

#### एड्स दिवस पर जागरुकता सत्र का हुआ आयोजन

**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के मल्टीमीडिया हॉल में विश्व एड्स दिवस के तहत शुक्रवार को कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय के स्वास्थ्य और कल्याण विभाग द्वारा एक जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा द्वारा छात्रों को एचआईवी एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए इसके कारण, पहचान, उपाय व समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. इसमें कक्षा दसवीं के कुल 44 छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही.

#### 5 पंचायत व दो वार्ड में लगेगा शिविर

**आदित्यपुर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले के पांच प्रखंड के पांच पंचायत तथा 02 नगर निकाय क्षेत्र के तीन वार्ड में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी. इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभकों के बीच परीसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा.

### निर्धारित केंद्रों पर 28 जनवरी को होगी परीक्षा, विद्यार्थियों को नजदीकी परीक्षा केंद्र उल्लेख करना होगा

# प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 13 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**दिलीप कुमार । चांडिल**

युवा विद्यार्थी केंद्र संगठन द्वारा संचालित अनुमंडलीय स्तरीय प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. शुक्रवार को शुरू हुई प्रक्रिया के तहत आवेदन 13 जनवरी तक अपना आवेदन दे सकते हैं.

संगठन के संस्थापक सुवर्ण महतो, संरक्षक सुशांत महतो एवं मुख्य संरक्षक जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड में



निर्धारित केंद्रों पर 28 जनवरी को होगी. फॉर्म भरते समय लिखित परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को अपने नजदीकी परीक्षा केंद्र उल्लेख करना होगा, ताकि उसका परीक्षा केंद्र निकट ही बनाया जा सके. इसके लिए चार परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराई जाएगी. जो एडमिट कार्ड पर

#### करें आवेदन

- लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी
- परीक्षा निर्धारित केंद्रों पर 28 जनवरी को होगी

अंकित होगा. इस वर्ष प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा में कक्षा सातवीं व आठवीं के सफल परीक्षार्थियों को छात्रवृत्ती के तौर पर दो साइकिल और 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. वहीं कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ती के तौर पर दो साइकिल और 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. इस परीक्षा में भाग लेने के लिए चांडिल अनुमंडल के किसी भी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय में कक्षा 7वीं से 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं.

आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही माध्यम से किए जा सकेंगे. चयनित विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड भी ऑनलाइन उनके विद्यालय में भेजे जाएंगे. वर्ष 2023 में तीन सौ विद्यार्थी प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा में शामिल हुए थे और उनमें से 20 सफल विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 15 हजार रुपये दिए गए थे.

#### ऐसे करना होगा आवेदन

युवा विद्यार्थी केंद्र संगठन द्वारा संचालित अनुमंडलीय स्तरीय प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा 2024 में शामिल होने के लिए संगठन के व्हाट्सएप नंबर 9431991382 पर टैक्स मैसेज भेजना होगा. इसके बाद एक गूगल फॉर्म दिया जाएगा या फिर क्यूआर कोड को स्कैन कर फॉर्म भरा जा सकता है. इसके अलावा विद्यार्थी अपने विद्यालय के कार्यालय से फार्म प्राप्त कर उसे भर सकते हैं. फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियां देना अनिवार्य होगा. इस परीक्षा का संचालन चिरंजीत महतो और धनपति महतो की देखरेख में होगी.

# सिख समिति ने अल्पसंख्यक आयोग को सौंपा मांग पत्र

**संवाददाता। जमशेदपुर**

झारखंड सिख समन्वय समिति के अध्यक्ष तारा सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को परिसदन में अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू से भेंट की. इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. समिति ने उन्हें पांच सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए धार्मिक और सामाजिक समस्याओं से अवगत कराया.

**ये हैं पांच मांगें** : इनकी मांगों में सिखों का विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान तथा तकनीकी संस्थान जमशेदपुर में बनाने का प्रयास करने, इसके लिए मूलभूत आवश्यकताओं पर विचार करने, सिखों की आबादी को ध्यान में रखते हुए जमशेदपुर में एक विधानसभा सीट पर सर्वसम्मति से सिख उम्मीदवार उतारने, सिखों को जाति प्रमाण पत्र का एनओसी देने, बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जाति जनगणना किए जाने, इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने और उसमें सिखों को प्राथमिकता देने के साथ ही फीस एवं हॉस्टल खर्च में आधा शुल्क देने की व्यवस्था करने और इसमें गरीब परिवार के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की मांग शामिल है. प्रतिनिधिमंडल में हरविंदर सिंह मंटू, अजीत सिंह गंभीर, दलजीत सिंह दल्ली, गुरदीप सिंह काके, बलजीत सिंह, सतबीर सिंह गोलडू, गुरुशरण सिंह, जसबीर सिंह पदरी, त्रिलोचन सिंह उर्फ पप्पी बाबा एवं अन्य लोग शामिल थे.

## विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर विशेष






# हमें बहुत आगे जाना है



**विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस**

विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस की शुरुआत वर्ष 2001 में हुई थी. भारत की ही कंप्यूटर कंपनी निट (NIIT) ने इसकी शुरुआत की थी. दो दिसंबर को हम इसे मनाते हैं. इस साल हम 22वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. इसका उद्देश्य दुनिया भर में कंप्यूटर के उपयोग को बढ़ावा देना है. देश का पहला कंप्यूटर साक्षर गांव केरल का चामरावट्टम है. इस मौके पर हमें यह जानना जरुरी है कि कंप्यूटर साक्षरता के मामले में हम कहां हैं. द मिंट की एक खबर के मुताबिक, कंप्यूटर साक्षरता को लेकर पिछले साल एक सर्वेक्षण किया गया था. सर्वेक्षण में 15-29 साल के लोगों को शामिल किया गया था. सर्वेक्षण में यह तथ्य सामने आया था कि 15-29 वर्ष के 40 प्रतिशत से अधिक भारतीयों में कंप्यूटर पर फाइलों को संभालने की जानकारी है. लेकिन इस मामले में वह कुशल नहीं हुए हैं. सर्वेक्षण में शामिल 2.5 प्रतिशत से कम लोगों में प्रोग्रामिंग भाषा के उपयोग करने की क्षमता थी. कंप्यूटर साक्षरता की जब बात होती है तो एक शब्द जरुर चर्चा में आती है. वह है कि डिजिटल साक्षरता की. इस मामले में एक सर्वे बताता है कि देश के केवल 38 प्रतिशत परिवार ही डिजिटल रुप से साक्षर हैं. इसमें शहरी आबादी 67 प्रतिशत है और ग्रामीण आबादी 31 प्रतिशत. हमें क्यों कंप्यूटर साक्षरता में आगे बढ़ना चाहिए, इसकी बात करें, तो इसकी कई वजहें हैं. कंप्यूटर के मामले में साक्षर व्यक्ति के पास एक सामान्य व्यक्ति से कहीं अधिक विकसित होने का मौका होता है. कंप्यूटर साक्षरता किसी भी व्यक्ति को विशाल जानकारियों और कौशल से लैस करती है. कंप्यूटर को संचालित करने, सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का इस्तेमाल करने और इंटरनेट की समझ को विकसित करने के लिए कंप्यूटर साक्षरता जरुरी है. तभी हम सूचनाओं के संसार में गोते लगा पाएंगे. भारत में कंप्यूटर साक्षरता बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की जरुरत है. ताकि ग्रामीण क्षेत्र में कंप्यूटर की श्रृंखला (चेन) स्थापित करनी होगी. आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर क्लास शुरु करने होंगे. तभी देश के लोगों में कंप्यूटर की जानकारी का दायरा बढ़ेगा.

**देश के केवल 38 प्रतिशत परिवार ही डिजिटल रुप से साक्षर हैं. इसमें शहरी आबादी 67 प्रतिशत है और ग्रामीण आबादी 31 प्रतिशत**













▼ ब्रीफ खबरें

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची ।** राजधानी की अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर का नाम याकूब अंसारी उर्फ कल्लू बताया गया है. इसके पास से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया है. सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर गेट नंबर चार के पास अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. इसी सूचना के आधार पर इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

### अज्ञात कार की चपेट में आने से दो घायल

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एनएच 18 पर महिषपुर चौक अवस्थित मन्नत होटल के समीप अज्ञात कार ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मारने से सुधीर बारिक (36)व संजीव माईती(45) बुरी तरह से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की सहायता से निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए दोनों व्यक्ति को पीआर एम मेडिकल कॉलेज बरिपदा रेफर कर दिया गया.

### टेल्को के युवक की मोबाइल चोरी हुई

**जमशेदपुर ।** टेल्को कॉलोनी के रोड नंबर 1 के रहने वाले मनीष शर्मा का मोबाइल ट्रेन में यात्रा करने के दौरान चोरी हो गया. इस संबंध में पीड़ित ने टाटानगर रेल थाना में मामला दर्ज कराया है. अपनी शिकायत में मनीष कुमार ने बताया है कि वे 29 नवंबर को टाटानगर अपने घर आने के लिए पटना से आरा-टाटा एक्सप्रेस में सवार हुए थे. कोच नंबर डी4 में चढ़ने के क्रम में भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने उनका मोबाइल चुरा लिया. काफी खोजबीन करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला.

### अगवा करने के आरोपी दोनों युवक गिरफ्तार

**महुदा ।** भाटडीह ओपी पुलिस ने महुदा बस्ती की नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी मुरलीडीह निवासी राहुल कुमार बाउरी व उसके एक साथी को गुरुवार की रात दबोच लिया. वहीं, लड़की को भी बरामद कर लिया. पुलिस ने शुक्रवार को लड़की का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया. पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. भाटडीह ओपी प्रभारी ने बताया कि पिता ने 27 नवंबर को आवेदन देकर राहुल व उसके दोस्त पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया था.

### कालीमाटी से 40 टन अवैध कोयला जब्त

**निरसा ।** निरसा पुलिस, सीआईएसएफ व ईसीएल हैडक्वाटर शीतलपुर की स्पेशल टीम ने शुक्रवार को निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया स्थित कालीमाटी जंगल में छापामारी कर करीब 40 टन अवैध कोयला जब्त किया है. टीम को सूचना मिली थी कि राजा कोलियरी ओसीपी से चोरी कर और एमपीएल ले जा रहे हाइवा से कोयला उतारकर कर जंगल में छुपा कर रखा गया था. ज्ञात हो कि कोयला तस्कर जंगल मे कोयला जमाकर छोटे वाहनों से गोविंदपुर के बरवा स्थित भट्ठों में पहुंचाते हैं.

### नीरज हत्याकांड में आरोपियों की हुई पेशी

**धनबाद ।** अपने चचेरे भाई की हत्या के षड्यंत्र में छह वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत अन्य के मामले की सुनवाई शुक्रवार को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. इस दौरान सूचक अभिषेक सिंह की ओर से अदालत में आवेदन दायर कर कहा गया कि उन्होंने निचली अदालत के उस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें पिंटू सिंह उर्फ जैनेंद्र सिंह के मुकदमे की सुनवाई अन्य अभियुक्तों से अलग कर दी गई है.

### मारपीट करने के आरोपी की जमानत खारिज

**धनबाद ।** जाति सूचक शब्द कह कर चंदन कुमार पासवान के साथ मारपीट करने के आरोपी उत्तम कुम्हार की अग्रिम जमानत जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने खारिज कर दी है. जमानत की अर्जी का विरोध विशेष अभियोजक एससी-एसटी केस जयदेव बनर्जी ने की. अभियुक्त झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है. आरोपी के खिलाफ आरोप था कि शराब पीने के नाम पर उसने 4 जून 2023 को चंदन कुमार पासवान से पैसे की मांग की थी.

## बोकारो थर्मल, गांधीनगर, पेंक-नारायणपुर के सीमावर्ती इलाकों में दिखाई धमक

# नक्सलियों ने कई जगह चिपकाए पोस्टर, लोगों में दहशत

**संवाददाता । बेरमो/बोकारो थर्मल**



नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा की है. इससे दो दिन पहले बेरमो अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में माओवादियों ने एक बार फिर पोस्टर चिपका कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. गुरुवार की रात बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र के बैंक मोड़, डीएवी स्कूल के निकट, नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्रश, बोकारो थर्मल, गांधीनगर के अलावा बोकारो-गिरीडीह-हजारीबाग जिले के सीमावर्ती इलाकों में कई जगहों पर नक्सलियों ने पोस्टर चिपकाकर सनसनी फैला दी है.

पोस्टर में पुलिस के प्रलोभन में आकर पार्टी विरोधी, जन विरोधी कार्य के लिए एपीओ बनना बंद करें और पुलिस जुल्म का मुंहतोड़ जवाब दें. नक्सल विरोधी अभियान के नाम पर भारी आर्टिलरी हथियारों से लगातार गोला दागना बंद करें, मौजूदा शोषण मुक्त व्यवस्था को ध्वस्त करें और जनता का जनवादी राज कायम हो जैसे नारे लिखे हुए हैं.

माओवादियों के पीएलजीए की स्थापना की 23वीं वर्षगांठ से पूर्व ताबड़तोड़ पोस्टरबाजी की घटना ने पुलिस की पोल खोल दी है. माओवादियों का बाइक दस्ता रातभर इलाकों के चौक-चौराहों पर पोस्टर चिपका रहा था, लेकिन पुलिस को कानों-कान सूचना तक नहीं मिली. इससे साफ पता चलता है कि अनुमंडल में पुलिस का नेटवर्क ध्वस्त हो चुका है. इधर, बोकारो एसपी आलोक प्रियदर्शी ने पोस्टर चिपकाने की सूचना मिलते ही सभी थानादारों को सतर्कता बरतने की नसीहत दी है. निर्देश के आलोक में संबंधित थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में चिपकाए गए नक्सली पोस्टरों को हटा दिया. ऊपरघाट में लंबे अंतराल के बाद माओवादियों की धमक से यह साबित हो गया है कि यह इलाका माओवादियों के लिए सॉफ्ट टारगेट है. जानकारी के अनुसार, माओवादी अविनाश उर्फ कृष्णा मांझी की डुमरी से गिरफ्तारी के बाद बिरसेन को पार्टी ने पारसनाथ जोन का जिम्मा दिया है.

आओ जानें

### 2023 में सड़क दुर्घटना में हुई मौतें

| | | | |
|---|---|---|---|
| लद्दाख | 153 | झारखंड | 7369 |
| जम्मू कश्मीर | 1386 | पश्चिम बंगाल | 15698 |
| हिमाचल प्रदेश | 3003 | मेघालय | 566 |
| पंजाब | 10445 | मणिपुर | 277 |
| उत्तराखंड | 1777 | मिजोरम | 232 |
| हरियाणा | 15492 | त्रिपुरा | 638 |
| दिल्ली | 3185 | दमन | 274 |
| उत्तरप्रदेश | 36521 | छत्तीसगढ़ | 17525 |
| सिक्किम | 233 | ओडिशा | 19663 |
| अरुणाचल प्रदेश | 391 | महाराष्ट्र | 58424 |
| राजस्थान | 23197 | तेलंगाना | 13097 |
| बिहार | 15405 | गोवा | 596 |
| असम | 4524 | आंध्रप्रदेश | 16044 |
| नागालैंड | 73 | कर्नाटक | 25278 |
| गुजरात | 22052 | केरला | 13886 |
| मध्यप्रदेश | 40510 | तमिलनाडु | 28286 |

## 'हजार लगाओ लाखों पाओ' इनाम के चक्कर में फंसे अधिकारी

# बीसीसीएल के डिप्टी मैनेजर रोहित से लाखों की हुई ठगी




▪ साइबर थाना धनबाद में की शिकायत

**संवाददाता । धनबाद**

बीसीसीएल के कोयला भवन में पदस्थापित डिप्टी मैनेजर रोहित कुमार से साइबर अपराधियों ने लाखों की ठगी कर ली. इस संबंध में डिप्टी मैनेजर ने साइबर थाना में ऑनलाइन शिकायत की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर 'हजार लगाओ लाखों पाओ' का तरह-तरह विज्ञापन जारी कर रहे हैं. जिसमें कई लोग अधिक कमाने के चक्कर में हजारों-लाखों रुपये गंवा दे रहे हैं. इसी तरह का इनाम पाने के लालच में बीसीसीएल के एक अधिकारी फंस गए और लाखों रुपये गंवा दिए.

अधिकारी ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन सामान और एयर टिकट सहित कई तरह के सामान बुक करने व खरीदने के चक्कर में लाखों रुपये गंवा दिए. विज्ञापन जारी करनेवाले को जब फोन किया तो बोलो कि कुछ और सामान बुक करेंगे तो काफी कमाई होगी. वह उनके झांसे में आ गये और लाखों गंवाने के बाद ठगी का अहसास हुआ. अब साइबर थाना धनबाद के अधिकारियों से फरियाद लगा रहे हैं. उन्होंने बताया कि अब ठगों का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है.

### नोवामुंडी में साइबर अपराधियों ने डीजीएम के खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

**संवाददाता । नोवामुंडी**

साइबर अपराधियों ने गुरुवार को गुवा सेल के डीजीएम माइनिंग ऑफिसर चौधरी निरंजन कुमार के खाते से लगभग एक लाख रुपए उड़ा लिये. इस संबंध में गुवा सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार ने शुक्रवार को गुवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. घटना के संबंध में सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार ने बताया कि किसी कार्य के लिए डीडी एसबीआई बैंक से बनाया था. वह अपने घर ऑनलाइन बनाया गया डीडी गंतव्य तक पहुंचा है कि नहीं यह जानने के लिए बैंकों के नाम सर्च कर रहा था. इतने में एक लिंक पर क्लिक करने से उसमें कहा कि 2 रुपए इस लिंक को खोलकर भेजें. सेल अधिकारी द्वारा लिंक खोलकर 2 रुपए भेजने पर अचानक से उनके एसबीआई खाते से पैसे गायब होने लगे और लगभग एक लाख रुपए तक गायब हो गए. तुरंत ही सेल अधिकारी एसबीआई बैंक पहुंचे और पूरी जानकारी ली तो शाखा प्रबंधक ने कहा कि आप साइबर अपराध के शिकार हो गए हैं. साइबर अपराधियों ने आपके खाते से पैसे निकाल लिए हैं. सेल अधिकारी ने गुवा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई. घटना के संबंध में एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने लोगों को जागृत करते हुए यह संदेश जारी किया है कि कभी भी किसी कॉल में पूछे जाने वाले बैंक से संबंधित किसी भी जानकारी को किसी से ना बताएं. ना ही खाता नंबर, एटीएम नंबर, एटीएम पिन एवं मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को किसी के साथ शेयर ना करें. शेयर करने से आप साइबर अपराधी के चंगुल में फंस सकते हैं और आपके अकाउंट से पूरे पैसे खाली हो सकते हैं.

### लोन दिलाने के नाम पर दो लाख की ठगी

**धनबाद ।** जेपी नगर के रहने वाले प्रीतम कुमार ने साइबर थाने में रामनगर कॉलोनी, चास निवासी आदित्य के खिलाफ लोन के नाम पर दो लाख रुपये ठगी का आरोप लगाया है. शिकायत में बताया कि आदित्य उनसे एक बैंक अधिकारी के रूप में मिला था और पांच लाख रुपये लोन दिलाने की बात कही थी. कुछ दिनों बाद फोन किया कि उनके नाम से दो लाख रुपये का लोन गलती से चला गया है, उक्त रकम को उन्होंने वापस मांग लिया. बाद में कंपनी ने प्रीतम से लोन की किस्त भरने की बात कही.

**दामोदरपुर से पकड़ाया साइबर अपराधी :** फर्जी आइडी से कभी बैंक मैनेजर तो कभी किसी विभाग का अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करनेवाला दामोदरपुर का सार्थक दत्ता साइबर थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधी सार्थक दत्ता के बारे में किसी ने जानकारी दी थी कि वह काफी दिनों से लोगों को ठगने का कारोबार कर रहा है. उसके फोन का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस टीम दामोदरपुर पहुंची और उसे धर दबोचा. पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है. पुलिस को उसके घर से कई फर्जी आईडी, मोबाइल, सिम व लैपटॉप मिले हैं. जिससे वह ठगी का काम करता था. उसके कई अन्य साइबर अपराधियों से भी संपर्क हैं. वह पहले भी कोलकाता और आसनसोल पुलिस के हाथों जेल जा चुका है.

# ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**संवाददाता । जमशेदपुर**

टाटानगर रेल थाना की पुलिस ने शुक्रवार को ट्रेनों से यात्रियों का सामान चुराने वाले एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. पकड़ा गया आरोपी अमर नायक सीतारामडेरा थाना अंतर्गत काशीडीह कुम्हारपाड़ा का रहने वाला है. इसके पास से चोरी का एक पिट्ठु बैग व एक मोबाइल बरामद हुआ है. टाटानगर जीआरपी ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदनीपुर निवासी अभिजीत आचार्या की शिकायत पर उक्त कार्रवाई की है. हालांकि आरोपी को आरपीएफ ने पहले ही पकड़ लिया था और पूछताछ के बाद जीआरपी के हवाले कर दिया था.

**क्या था पूरा मामला :** पुलिस को दिए शिकायत में अभिजीत आचार्य ने बताया था कि 28 नवंबर को वे उत्कल एक्सप्रेस से मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन से हिजली स्टेशन तक कोच नंबर बी3 सीट नंबर 61 में यात्रा कर रहे थे. यात्रा के दौरान 30 नवंबर को रात में करीब 1 बजे वह अपना मोबाइल एवं बिट्टू बैग कोच के हैंगर में लटका कर सीट पर सो गए. रात में लगभग 2:30 बजे नींद खुलने पर उन्होंने पाया कि फोन एवं बैग वहां नहीं है. काफी खोजबीन की लेकिन उनका सामान नहीं मिला. तब उन्होंने अन्य यात्रियों से मोबाइल लेकर अपने मोबाइल पर फोन किया. जिसमें उन्हें जानकारी मिली कि टाटानगर आरपीएफ ने एक युवक उनके चोरी हुए मोबाइल के साथ पकड़ा है. इसके बाद वह मेंहिजली स्टेशन पर उतर गए और वहां से टाटानगर पहुंचे. आरपीएफ ने उनके मोबाइल की पहचान करवाई और उन्हें सुपुर्द कर दिया.

### सड़क हादसे में सब्जी व्यवसायी की मौत

**पाटन (पलामू) ।** पाटन प्रखंड के सहदेव गांव निवासी 28 वर्षीय नागेंद्र कुमार रजक उर्फ मुन्ना रजक का सड़क हादसे में निधन हो गया. घटना धनगाई के पोखरी पुल के समीप घटी सुबह 4:00 बजे सब्जी लेकर मेदिनीनगर बेचने जा रहा था. जाने के क्रम में मोटरसाइकिल संतुलित होकर गिरी. जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी. बाद में ओपी प्रभारी कुमारी राज सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार दलबल के साथ पहुंचकर शव को अत्यंत परीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेजा. मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकुमार राम राजहरा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजद पलामू शिवप्रसाद मेहता, राधेश्याम मेहता कुंज बिहारी मेहता, अजीत मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत, दो लोग घायल हुए

**गिरिडीह ।** डुमरी में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद रेफर कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, जीतकुंडी निवासी राम प्रसाद मंडल (42) बाइक से शुकर सोरेन और पुत्र छोटी कुमार के साथ डुमरी बाजार जा रहे थे. तभी नारायणपुर-खरखो मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान राम प्रसाद की मौत हो गई.

# पुलिस ने पिकअप वैन जब्त कर 5 मवेशियों को कराया मुक्त

**संवाददाता । गिरिडीह**

▪ पुलिस ने रात में बेंगाबाद चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया



गिरिडीह पुलिस ने गुरुवार को पिकअप वैन को जब्त कर उस पर लदे 5 मवेशियों को मुक्त कराया. वैन मवेशियों को लेकर बिहार से पश्चिम बंगाल की ओर जा रही थी. गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रात में बेंगाबाद चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. बिहार की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को रोककर जांच शुरू की. इसी दौरान गुरुवार रात करीब 10.15 बजे एक वैन को रोक कर तलाशी ली गई, तो उस पर मवेशी लदे मिले. इसके बाद पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया और उस पर लदे सभी 5 मवेशियों को उतारकर जांच के बाद पचंबा गौशाला पहुंचाया.

### गिरफ्तार आकाश और खली गैंग से उसका कोई संबंध नहीं : मयंक

**रांची ।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आकाश सिंह और खली से उसके गैंग का कोई संबंध नहीं है. ना ही सिमडेगा जेल में बंद आकाश राय उर्फ मोनू गैंग का सदस्य है. कहा, हमारा इतना दिन खराब नहीं हुआ है कि गैंग चलाने के लिए किसी महिला का सहयोग लें. गिरफ्तार सभी लोग मेरे नाम का इस्तेमाल कर खुद को मयंक सिंह बता रहे हैं. छोटे-मोटे कारोबारियों से रंगदारी भी मांग रहे हैं तो, इसके लिए वे खुद जिम्मेवार हैं. फिलहाल पुलिस इनलोगों का ट्रीटमेंट करे जेल में और बाकी इनके जेल से छूटने के बाद हम इनका ट्रीटमेंट करेंगे. छोटे-मोटे कारोबारी को परेशान नहीं करते हैं : सोशल मीडिया पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में मयंक सिंह ने कहा की हमारा गैंग इस तरह के छोटे-मोटे कारोबार से जुड़े लोगों से कभी-किसी व्यक्ति को परेशान नहीं करता है ना ही नुकसान पहुंचाता है.

# नाबालिग ने टीएमएच में बच्चे को दिया जन्म, जांच में जुटी है पुलिस

▪ परिजन नवजात को अस्पताल में ही छोड़कर भाग रहे थे

**रोहित कुमार । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय नाबालिग ने टीएमएच में शुक्रवार को एक बच्चे को जन्म दिया. मामला तब उजागर हुआ जब प्रसूता के परिजन नवजात को अस्पताल में ही छोड़कर भागने लगे. अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाते ही बर्मामाइंस थाना और महिला थाना की पुलिस टीएमएच पहुंची और परिजनों से इस संबंध में जानकारी हासिल की. पूछताछ में पुलिस को परिजनों ने बताया कि वे लोग मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और फिलहाल बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में रहते हैं. उनकी बेटी किसी युवक के साथ प्रेम संबंध में थी. इसी बीच वह गर्भवती हो गई. प्रसव के बाद प्रसूता और बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं.

**आरोपी की तलाश जारी : सिटी एसपी**

मामले को लेकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है. सिटी एसपी ने बताया कि पीड़िता का परिवार बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में ही रहता है और आरोपी भी बस्ती का ही रहने वाला है. संभवत: परिजनों को प्रेम प्रसंग के बारे में पूर्व से जानकारी थी. पीड़िता को गुरुवार को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया है. परिजन बच्चे को अस्पताल में ही छोड़कर भागने वाले थे, पर उन्हें रोक लिया गया. मामले की जानकारी चाइल्ड लाइन को दे दी गई है. सिटी एसपी ने बताया कि फिलहाल आरोपी फरार है.

### डकैती की योजना बनाने के दोषी को छह साल की सजा

**कोडरमा ।** तिलैया थाना कांड संख्या 484/ 2010 एसटी 45/2011 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने शुक्रवार को आरोपित पंकज कुमार उर्फ अजय मंडल (35) बेकोवार निवासी को डकैती की योजना बनाने एवं आर्म्स एक्ट का दोषी पाते हुए छह वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने 399 भादवि के तहत दोषी पाते हुए छह वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही तीन हजार जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. वहीं, न्यायालय ने 402 भादवि के तहत दोषी पाते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही तीन हजार जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई.

## पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के भांगाबाजार की घटना

# जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर रोड़ेबाजी, 7 घायल अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता । बोकारो**



पिकअप वैन पर लदे मवेशी.

बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोड़ के समीप भांगाबाजार गांव में शुक्रवार की शाम जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई. घटना में एक पक्ष के 6 और दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हो गए हैं. पिंडराजोरा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा. एक पक्ष के लोगों ने पुलिस के समक्ष ही हंगामा करते हुए घर में लगे सीसीटीवी व एसबेस्टस शीट उखाड़ कर फेंक दिया. बताया गया कि चास प्रखंड के भांगाबाजार गांव में खाता नंबर 01 प्लॉट नंबर 675 में 61 डिसमिल जमीन को लेकर बहादुरपुर गांव के शर्मा बाउरी, विजय बाउरी, अनिल बाउरी की माणिक मंडल के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा था. माणिक मंडल ने उक्त जमीन पर दो मंजिला पक्का मकान बना रखा है. इसी से सटी जमीन पर माणिक मंडल दूसरा घर बनाने के लिए दीवार खड़ी कर ढलाई की तैयारी कर रहा था. तभी गांव के तुलसी बाउरी, बंधन बाउरी, विमला देवी, संतोष बाउरी, अनिल बाउरी व नुनीवाला देवी ने आकर काम रोकने को कहा. इसी को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और लाठी-डंडा से एक-दूसरे पर हमला कर दिया. सूचना मिलते ही गांव के अन्य समर्थक भी पहुंचे और पत्थरबाजी करने लगे. पत्थरबाजी में भारती देवी, बंधन बाउरी, विमला देवी, संतोष बाउरी, अनिल बाउरी व नुनी बाला देवी को गंभीर चोट लगी है. दूसरे पक्ष का माणिक मंडल भी घायल हुआ है.

**शिकंजा** जोगता थाना के दो पुलिस जवानों के साथ मारपीट के मामले में सख्ती

# छह आरोपी गिरफ्तार, कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**संवाददाता । कतरास**



जोगता थाना के दो पुलिस जवानों के साथ गुरुवार की देर रात बेरहमी से मारपीट की गई थी. घटना के बाद घायल जवान सुरेश कुमार राम के लिखित शिकायत पर जोगता पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है.

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी आसीम अंसारी, मिंटू अंसारी, छोटू अंसारी, फरीद अंसारी, विक्की अंसारी, फिरोज अंसारी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. इसके साथ ही अन्य तीन युवकों को हिरासत में रखकर पूछताछ कर रही है. सभी आरोपी जोगता जोगीया पट्टी के बताए जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार जेल भेजे गए अधिकांश लोग कोयला-लोहा की तस्करी करने वाले बताए जा रहे हैं. आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 341, 353, 504, 504, सहित अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

**क्या है पूरा मामला :** टाटा सिजुआ 12 नंबर में चल रहे 46वें नौ दिवसीय शक्ति मेला में विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए स्पेशल ड्यूटी से जवान सुरेश कुमार आलोक रंजन मुर्मू के साथ गुरुवार की देर शाम बाइक से पुलिस लाइन धनबाद से टाटा सिजुआ 12 नंबर मेला में आ रहे थे. बालिका उच्च विद्यालय सिजुआ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक में सवार तीन युवक जोगिया पट्टी निवासी मिंटू अंसारी, आसीम अंसारी, छोटू अंसारी की बाइक के साथ आमने-सामने से टक्कर हो गई. टक्कर को लेकर जवानों तथा युवकों में कहा सुनी होने लगी. तभी युवकों ने फोन कर आठ दस युवकों को वहां बुला लिया और फिर मामला मारपीट में बदल गई. युवकों ने जवान की लाठी छीनकर दोनों जवानों पर ही प्रहार करना शुरू कर दिया.

युवकों ने करीब बीस मिनट तक पुलिस जवानों को घेर कर बेरहमी से पिटाई करते रहें, किसी तरह जवानों ने युवकों के चंगुल से भाग थाना जाकर अपनी जान बचाई. मारपीट में जवानों के सिर एवं हाथ में गंभीर चोटें आयी है. जबकि तीनों युवकों को भी हाथ पैर में चोट लगी है. मारपीट में जवान का मोबाइल भी टूट गया है. घटना के बाद दोनों जवानों को घायल अवस्था में निचितपुर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया.

**खास बातें**

- सभी आरोपी जोगता जोगीया पट्टी के रहनेवाले हैं
- अधिकांश लोग कोयला-लोहा की तस्करी करते थे

# खून में लथपथ संजय पाहन का शव बरामद, जांच शुरू



**संवाददाता । रांची**

सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती निवासी संजय पाहन का शव खून से लथपथ अवस्था में घर के आंगन से बरामद हुआ. उनके सिर पर गहरे जख्म के निशान पाये गये हैं. संजय पाहन का आदिवासी समाज में काफी सम्मान था. उन्हें बूटी का जमींदार भी कहा जाता है. शुक्रवार को मामले की जानकारी परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी है. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. संजय पाहन की मौत संदिग्ध लग रही है. मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है. मामला हत्या का है या हादसा, इसकी जांच की जा रही है. इस मामले में मृतक के परिजन भी कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं हैं. पुलिस ने आसपास की सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की.

## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा



**मेष** चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से कोई मानसिक कष्ट हो सकता है. दिन में आपके पराक्रम में वृद्धि करेगा. किसी से बहस से बचें. साथ ही कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मंगलस्तोत्र का पाठ करें.

**वृषभ** शौर्य में वृद्धि होगी. पर धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करना होगा. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

**मिथुन** नेत्र रोग से बचें. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. आपके कार्य और प्रभाव से व्यापार ठीक चलेगा. गाय को चारा दें.

**कर्क** समय उत्तम है. कोई बड़ा कार्य करने का मन होगा. आपके अच्छे प्रभाव से रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं.

**सिंह** समय सामान्य है. विदेश में कोई मामला अटका है तो लाभ होगा. खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

**कन्या** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. लंबी अवधि से चल रही किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. आपके कार्य के प्रभाव से भाग्य का साथ रहेगा. गणेश जी को दूब अर्पण करें.

**तुला** सरकारी कार्य में कुछ रुकावट आ सकता है. कोई बड़ा रिस्क नहीं लें. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा.

**वृश्चिक** भाग्य का साथ मिलेगा. धर्म कर्म में मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** किसी से बिना वजह का तकरार हो सकता है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. शिवलिंग पर जलाभिषेक करें.

**मकर** व्यापारी लोगों के लिए दिन अच्छा है. कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है. कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. पर भाग्य का साथ रहेगा.

**कुंभ** परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. आलस का त्याग करें.

**मीन** दिन चिड़चिड़ा पूर्ण होगा. कोई कार्य मे मन नही लगेगा. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा.

### सीबीएसई 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी ध्यान दें

# इस बार नहीं मिलेगी डिस्टिंक्शन और ओवरऑल डिविजन

संवाददाता। रांची

सीबीएसई बोर्ड 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अहम खबर सामने आई है. खबर उस बदलाव को लेकर है जो कि परीक्षा से पहले किया जा रहा है. एक सीनियर अफसर ने कहा कि सीबीएसई कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में कोई डिवीजन या डिस्टिंक्शन नहीं देगा. सीएसई परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि कोई समग्र विभाजन, अंतर या अंकों का योग नहीं दिया जाएगा. इसका नोटिफिकेशन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट सीबीएसई.गव.इन पर लगा दिया गया है. इसके मुताबिक, साल 2024 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को डिवीजन, रैंक या एग्रीगेट मार्क्स नहीं दिए जाएंगे. सीबीएसई बोर्ड के इस कदम से बोर्ड परीक्षार्थियों पर रिजल्ट का कम प्रेशर रहेगा और वह अपनी तैयारी बेहतर तरीके से कर पाएंगे.

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं फरवरी में आयोजित होनी है. यह एग्जाम 15 फरवरी, 2024 से शुरू होंगे जो कि अप्रैल तक चलेंगे. इसके लिए जल्द ही डेटशीट जारी होने की उम्मीद है.




### स्टूडेंट्स 1 जनवरी तक कर लें ये काम

सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्र ध्यान दें. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को निर्देश दिया है कि 1 जनवरी तक अपनी उपस्थिति पूरी करा लें. गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होती है. हालांकि कोरोना काल में बोर्ड ने इस नियम से छूट दे दी थी. तब इससे कम उपस्थिति वाले छात्रों को भी परीक्षा में शामिल होने का मौक़ा दिया गया था. लेकिन अब परिस्थितियां सामान्य होने पर फिर से बोर्ड ने यह नियम लागू कर दिया है. ऐसे में छात्रों को सुनिश्चित करना होगा कि 1 जनवरी तक उनकी उपस्थिति 75 फीसदी या उससे अधिक है. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने पिछले सप्ताह स्कूलों को निर्देश दिया है कि जिन छात्रों की उपस्थिति पूरी नहीं होगी, उनके नाम 5 जनवरी तक क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा कराएं. कार्यालयों को सूची मिलने के बाद यह फैसला किया जाएगा कि इन छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देनी है या नहीं. इसका अंतिम निर्णय बोर्ड की ओर से लिया जाएगा. बोर्ड की अनुमति के बाद छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो सकेंगे.

### इन छात्र-छात्राओं को मिलेगी परीक्षा में छूट

इसके अलावा रिपोर्ट के अनुसार जिन छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं अथवा ओलंपियाड या विज्ञान प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है. उन्हें फरवरी में होने वाली बोर्ड परीक्षा में छूट दी जा सकती है. ऐसे छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं बाद में ली जाएंगी. हांलाकि इन छात्रों की सूची भी 31 दिसंबर तक क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करानी होगी.

### आयोजन : करीम सिटी कॉलेज में नेशनल यूथ फेस्टिवल

# विद्यार्थियों ने हेल्थ एंड फिटनेस का दिया संदेश




संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के प्रेक्षागृह में डायरेक्टरेट ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स, करीम सिटी कॉलेज एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय चयन के लिए नेशनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का थीम "हेल्थ एंड फिटनेस" था. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील में स्पोर्ट्स मैनेजर डॉ हसन इमाम मालिक, विशेष अतिथि जिला क्रीड़ा पदाधिकारी विनेश त्रिपाठी, झारखंड सरकार के पर्यटक प्रतिनिधि मनीष कुमार, विशिष्ट अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज एवं कॉलेज एनएसएस के को-ऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज शामिल हुए. कार्यक्रम में जेकेएस कॉलेज, अरका जैन विश्वविद्यालय, रंभा कॉलेज, स्वामी विवेकानंद कॉलेज, के अलावा कई संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित किया.

### मस्तिष्क का भी स्वस्थ रहना जरूरी

मुख्य अतिथि डॉ मलिक ने विद्यार्थियों तथा अतिथियों से भरे हुए ऑडिटोरियम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य की बात की. उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हमारे हृदय के साथ ही मस्तिष्क का भी स्वस्थ रहना आवश्यक है. इसके लिए विशेष रूप से विद्यार्थियों को मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से अपने आप को सुरक्षित रखने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि यदि हमें शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहना है, तो जरूरी है कि सूर्योदय से पूर्व सुबह-सवेरे जगें. मुख्य अतिथि के अलावा अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे. इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच कहानी लेखन, पोस्ट निर्माण, लोक संगीत, भाषण, लोक नृत्य, समूह नृत्य तथा फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं हुईं. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया. पुरस्कार पाने वालों में मोबिना बेगम, पराग मंडल, प्रतिक्षा मिश्रा, शुभम कुमार सिंह, ओलिविया विश्वास, शिवानी एवं समूह तथा कुलप्रीत भमरा के नाम प्रमुख हैं. निर्णायक मंडली में कोहली बॉस, सुदीप सिंह अवाल, अजय कुमार राय, फिरोज आलम एवं श्रेया घोष शामिल थीं. कार्यक्रम का संचालन स्नेहा मंडल, मोबिना बेगम, रिया मुंडा एवं सानिया खानम ने किया. एनएसएस को-ऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

### पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने टनल प्रभावित मजदूर को किया आर्थिक सहयोग

**डुमरिया।** उत्तरकाशी की सिल्कयारा डंडारगांव टनल में 17 दिन से डुमरिया बहदा गांव निवासी भक्तू मुर्मू फंस गये थे. यह सूचना पाकर परिवारजन चिंतित थे. इसी बीच भक्तू मुर्मू के पिता का देहांत हो गया. इसकी सूचना जमशेदपुर के पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार को मिली, तो उन्होंने अपने प्रतिनिधि इमरान आलम को पीड़ित परिवार के लिए सूखा राशन और आर्थिक सहयोग देकर भेजा. कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार देर शाम को डुमरिया के बाहदा गांव जाकर भक्तू मुर्मू की माता पीति मुर्मू, भाई मंगल मुर्मू से मुलाकात कर सूखा राशन और आर्थिक सहयोग किया. मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर कहा कि किसी भी प्रकार की मदद के लिए डॉ. अजय कुमार परिवारजनों के साथ खड़े रहेंगे. इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष अमित राय, इमरान आलम, प्रखंड अध्यक्ष सुकलाल सोरेन उपस्थित थे.

### संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में कटनी पर्व तीन को

**रांची।** बहुबाजार स्थित सीएनआई चर्च में तीन दिसम्बर को कटनी पर्व मनाया जाएगा. इस दिन धरती में उपजने वाले पहले नये फल, साग-सब्जी, धान को परमेश्वर के समक्ष अर्पित किया जाएगा. सुबह 6 बजे यीशु मसीह की विनती होगी. उसके बाद रांची पेरिस के हजारों मसीह लोग अपने घरों से नये फलों को लाकर चर्च में विनती करेंगे. पूरे चर्च को धान की बालियों से सजाया जाएगा. मुख्य अतिथि पल्ली पुरोहित एस डेविड, साहयक पुरोहित सामुएल भुईयां, रेव्ह मानसीत ओड़ेया, रेव्ह अविनाश बारला शामिल होंगे. इसमें सिरमटोली, कठरटोली, हिंदपीढ़ी, नयाटोली, पत्थलकुदुवा, ढुमसा टोली, गंगु टोली बसर टोली समेत रांची पेरिस के मसीही समुदाय के लोग शामिल रहेंगे.

### आओ जानें

## वनों का वर्गीकरण

-प्रशासनिक दृष्टि से राज्य में वनों को तीन भागों में बांटा गया है.

(i) आरक्षित वन

**-इन वनों में लकड़ी काटने व पशु चराने की अनुमति नहीं होती. इन वनों को सरकारी संरक्षण में रखा जाता है . इन वनों को सरकारी सम्पत्ति माना जाता है .**

-इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार, झारखण्ड के कुल भू-भाग पर आरक्षित वन 4,387 वर्ग किमी है जो वन क्षेत्र का 18.58% है. कुल

(ii) संरक्षित वन

**- इन वनों में लकड़ी काटने व पशुओं को चराने के लिए सरकार द्वारा एक सीमा निर्धारित की जाती है .**

-इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार झारखण्ड के रिकॉर्डेड वन क्षेत्र में राज्य के कुल भू-भाग पर संरक्षित वन 19,185 वर्ग किमी है जो कुल वन क्षेत्र का 81.28% है.

(iii) अवर्गीकृत वन

**- इन वनों में पशुओं की चराई और लकड़ी काटने पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता, किन्तु सरकार इसके लिए शुल्क लेती है. इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार राज्य के कुल भू-भाग पर अवर्गीकृत वन 33 वर्ग किमी है जो कुल वन क्षेत्र का 0.14% है.**

# गिरिडीह के बर्खास्त मेयर के मामले में अब 4 को सुनवाई

संवाददाता। रांची

हाईकोर्ट में अब 4 दिसंबर को गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान के मामले में सुनवाई होगी. शुक्रवार को उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई हुई. सुनवाई जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में हुई. इस मामले में राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गई. अब इस मामले पर सोमवार यानी 4 दिसंबर को सुनवाई होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की. प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया था कि सुनील कुमार पासवान पिता वर्ष 1982- 83 में सरकारी सेवा पर रहते हुए सचिव, व्यापार मंडल गिरिडीह के पद पर थे. सुनील पासवान की शिक्षा- दीक्षा एवं लालन पालन गिरिडीह में ही हुआ. इस दौरान गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार द्वारा इनका जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया था. इन्होंने मुखिया का चुनाव सहित कुछ अन्य जनप्रतिनिधि का चुनाव लड़ा था, लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल नहीं उठाया गया था. मेयर का चुनाव लड़ने के बाद जाति प्रमाण पत्र सवाल उठाया गया. एकीकृत बिहार के समय से वह गिरिडीह में ही थे. इस कारण मेयर पद के अयोग्य घोषित किया जाना गलत निर्णय था.

### नहीं रहे बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सलाहकार सरदार सुरेंद्र सिंह भामरा

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सलाहकार सरदार सुरेंद्र सिंह भामरा का गुरुवार को टाटा मुख्य अस्पताल में निधन हो गया. वे 80 साल के थे. उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर किया जाएगा. उनकी धर्मपत्नी बीवी जसवंत कौर जश स्त्री सत्संग सभा की प्रधान रह चुकी हैं. पुत्र जसवीर सिंह एवं दामाद मनजीत सिंह ने बताया कि रविवार (3 दिसंबर) को बागुन नगर स्थित आवास में अखंड पाठ रखा जाएगा. 5 दिसंबर (मंगलवार) को श्री गुरु नानक सभा गुरुद्वारा साहिब बारीडीह में दोपहर में अंतिम अरदास एवं कीर्तन होगा. सुरेंद्र सिंह भामरा के निधन पर कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह, चेयरमैन करतार सिंह, महासचिव सुखविंदर सिंह, मार्गदर्शक व पूर्व प्रधान बलविंदर सिंह, वरीय उपाध्यक्ष अवतार सिंह सोखी, राजेंद्र सिंह तरसिक्का, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह भामरा, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह, पूर्व प्रधान तरसेम सिंह, पूर्व प्रधान जनरल सिंह ने शोक जताया है. साथ ही वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की अरदास की है.



### गरीबी का लाभ उठाकर छोटे बच्चों से लिया जा रहा है निकाई-गुड़ाई का काम

**चंदवा(लातेहार)।** बच्चों से निकाई गुड़ाई का काम करवाया जा रहा है. ऐसा ही एक मामला सामने आया है. चंदवा वन क्षेत्र के ब्राहमणी से हुचलू रेंची जाने वाली सड़क के किनारे लगे पौधे की निकाई गुड़ाई का काम बच्चों से करवाया जा रहा है. वन विभाग द्वारा नियुक्त कैटल वाचर ने बताया कि मजदूर नहीं मिलते हैं. जिस कारण बच्चों से काम करवाया जा रहा है. बच्चे गरीब परिवार से आते हैं. काम करने से बच्चे कुछ कमाई कर लेते हैं. वे परिवार का सहारा बनते हैं. वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी बड़े ही सफाई से बच्चों के द्वारा काम करने की बात को नकारते हुए कहते हैं कि बच्चों से काम नहीं लिया जा रहा है. वे कहते हैं कि बच्चे काहे काम करेंगे. स्कूल में खाना, कपड़ा सभी मुफ्त मिलता है. वे अपने गार्जियन के साथ खेलने कूदने आये होंगे. बच्चा से काम करवाया जाता है तो पौधे ही कबाड़ देंगे.

# प्राप्त आवेदनों को जल्द स्वीकृत करेगी सरकार : समीर मोहंती



संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ब्राह्मणकुंडी पंचायत भवन में आपकी सरकार आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक समीर कुमार मोहंती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. विधायक ने इस मौके पर कहा कि लाभुकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से जोड़ना है. साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को यथासंभव जल्द स्वीकृति दिया जायेगा. वहीं विधायक ने कहा कि प्राप्त आवेदनों को एक या दो दिन में ऑनलाइन प्रविष्ट किया जायेगा. उन्होंने कहा कि जिले में एक लाख से अधिक लोगों को पिछले चार वर्षों में पेंशन योजना से जोड़ा गया है. छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि में भी वृद्धि की गई है. योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहले जिला तक लोगों को दौड़ना पड़ता था. अब पंचायत स्तर में शिविर का आयोजन कर सरकार आपके घर तक आकर आवेदन ले रही है. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार, अंचलाधिकारी भोला शंकर महतो,आपूर्ति पदाधिकारी,बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा,रासबिहारी साव, हिमांगशु सोम,रिंकू प्रधान आदि उपस्थित थे.

### सदर स्पताल सिमडेगा और बानो में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**सिमडेगा/ बानो।** जिले के सदर अस्पताल सिमडेगा और मदर टेरेसा कॉलेज बानो में मनाया गया. विश्व एड्स दिवस के मौके पर जीएनएम छात्राओं ने स्किट के माध्यम से एड्स के बारे में सबों को जागरूक किया. प्राचार्य संगीता कुमारी ने एड्स के बारे में एवं एड्स से बचाव के बारे में बताया वही उपप्राचार्या एरन बैक ने भी एड्स के बारे में जागरूक किया. निदेशक डॉ. प्रह्लाद मिश्रा ने कहा कि इस बीमारी की सुरक्षा ही बचाव है. उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम भी है कि अपने समुदाय को जागरूक करें. वही सदर अस्पताल सिमडेगा मे विश्व एड्स दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा स्थित एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा सिमडेगा शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया. रैली की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की.

# चांडिल : सुबह देर तक छाया रहा कोहरा



सड़क पर छाया कोहरा

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र शाम ढलते ही कोहरे की आगोश में समा रहा है. सूरज ढलने के बाद वातावरण में चारों ओर घना कोहरा छाया रहता है, जो सुबह सूरज निकलने के बाद भी रहता है. कड़ाके की ठंड अभी पड़ी नहीं और समूचा क्षेत्र कोहरा अपना विस्तार कर रहा है. रात और देर सुबह तक कोहरा छाए रहने के कारण सड़क पर आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. देर सुबह तक वाहनों की लाइट जलाना चालकों के लिए मजबूरी बन गया है. कोहरे से सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को हो रहा है. सुबह से शुरू होने वाली कक्षा के लिए बच्चों को अहले सुबह से तैयार होना पड़ता है. कोहरे के कारण बच्चे स्कूल जाने से भी करता रहे है. वहीं कामकाजी लोगों के लिए भी कोहरा परेशानी का सबब बना हुआ है. जानकार बताते हैं कि सर्दी के मौसम तक एक सी स्थिति बनी रहेगी. सुबह सूरज दिखाई दे रहा है, लेकिन लोगों को धूप की गरमाहट महसूस नहीं हो रही है.

### संघे शक्ति गेट पास बनने का कार्य पूर्ण होने के बाद विधायक के समक्ष रखी जाएंगी बातें

# झारखंड श्रमिक संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता। घाटशिला

झारखंड श्रमिक संघ की मासिक बैठक संघ के अध्यक्ष काजल डॉन की अध्यक्षता में मऊभंडार मैदान आयोजित की गई. बैठक में सर्वप्रथम मजदूर साथी स्व. राजेश पातर रिंकल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उसे श्रद्धांजलि दी गई. तत्पश्चात संघ के सचिव फेबिएन तिर्की द्वारा मजदूरों के समक्ष हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के प्रबंधक द्वारा की गई चर्चाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी. इसमें गेट पास बनाने का कार्य पारदर्शिता से चल रही है.

गेट पास का कार्य समाप्त होते ही बहुत ही जल्द विधायक रामदास सोरेन समक्ष सारी बातों को श्रमिक संघ के पदाधिकारी द्वारा रखी जाएगी एवं उनके निर्देश अनुसार हमारे 1 वर्ष के टेंडर को अंतिम रूप दिया जाएगा. इस बात पर सभी मजदूर साथियों ने अपनी सहमति जताई. सभी मजदूर साथियों से अनुरोध किया गया कि अगली बैठक में एक विचार एक मत होकर इधर-उधर न भटक कर उपस्थित हों, ताकि झारखंड श्रमिक संघ मजबूत होकर हमारे मजदूर भाइयों का बीच एवं उनके हित में काम कर सके. आपकी उपस्थिति ही हमारी ताकत है, अगर आप हमारे श्रमिक संघ को कमजोर करना चाहते हैं तो हमारा आंदोलन कमजोर होगा. फिर मजदूर हित में हमारे श्रमिक संघ किसी तरह का काम नहीं कर पाएंगे और हमारे मजदूर भाई फिर एक बार बेरोजगार हो जाएंगे. आपकी उपस्थिति हमारी मजबूती, आपकी अनुपस्थिति हमारी कमजोरी बनेगी. विचार करे अगला बैठक में आप क्या करेंगे. श्रमिक संघ संघर्ष करने के लिए तैयार है सिर्फ आपके साथ की जरूरत है. बगैर चट्टानी एकता का हमें लगातार कम पर बने रहना मुश्किल है. इस बैठक में झारखंड श्रमिक संघ के अध्यक्ष, सचिव के अलावा हमारे कोषाध्यक्ष कमल दास, संतोष सिंह, अनिल रेवानी, दिल बहादुर, रमेश पातर, वेकट, मंजीत सिंह, शंभु जाना, हिमालय बागती, राम मुर्मू, सुप्रिया सेन, संबोला मुर्मू, तिरपती दता, गांधी टुडु, गोरांगो, विवेक श्रीवास्तव इत्यादि अनेक संख्या में मजदूर साथी उपस्थित थे.



झारखंड श्रमिक संघ की मासिक बैठक में समस्याओं पर विचार-विमर्श करते मजदूर और संघ के नेता.

### गैर आवासीय एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**लातेहार।** सदर प्रखंड के 80 शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन का प्रशिक्षण मध्य विद्यालय आश्रम में आयोजित किया गया. बीईईओ राजश्री पूरी में शुक्रवार को एपीओ मनोज कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप जला कर इसका उद्घाटन किया. बीईइओ ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ग एक से तीन तक के बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के बारे में जानकारी दिया जाना है. मास्टर प्रशिक्षक ज्योति चौधरी, रावर्ट टोपनो, अतुल कुमार, अनूप कुमार, बीआरसी कर्मी नाहिद जमाल अख्तर, पंकज कुमार, टाटा ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर प्रेमलता पूर्ति, अलिसा, गुड़िया, चांद पूर्ति, स्वाति सांगा, क्लस्टर कॉर्डिनेटर सुशील तिरु एवम इदरीश खान ने प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षुओं में पवन कुमार यादव, राजदेव राम आदि उपस्थित रहे.

# गरीबों के हमदर्द थे समरेश दादा



समरेश सिंह को श्रद्धांजलि देते नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी व अन्य गणमान्य लोग.

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के चंदनकियारी स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व मंत्री समरेश सिंह की पहली पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई. समारोह में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वर्गीय शमरेश सिंह की तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. समारोह में मौजूद कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने दादा की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर नमन किया. अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड वनांचल आंदोलन के प्रणेता रहे दादा ने जनहित में कई आंदोलन किया था. यही वजह रही कि उनकी पहचान प्रखर आंदोलनकारी की बन गई थी. वह सही अर्थों में गरीबों के हमदर्द और मसीहा थे.

मौके पर देवाशीष सिंह, विभाष चंद्र महतो, अनुकूल ओझा, संग्राम सिंह, नाडुगोपाल दत्त, ताराशंकर ओझा, अनूप शेखर, पन्नालाल डे, विनोद गोराई, फटिक दास समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

# धनबाद बोले तो कोयला
# रंगदारी और गैंगवार



**कोयले की कमाई के लिए रंगदारी का बुना जा रहा ताना-बाना**



कोयलांचल को डराने धमकाने की साजिश रची जा रही है. आए दिन गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाका सहमा सहमा सा लग रहा है. क्षेत्र में काला हीरा यानी कोयले की तस्करी का लंबा इतिहास रहा है. कोयला माफिया अपराधियों से साथ सांठ गांठ कर कोयला तस्करी में अपना बर्चस्व कायम करने में लगे हैं. इसकी आड़ में अपराधी भी अपना खेल, खेल रहे हैं. धनबाद के बड़े ही नहीं बल्कि छोटे कारोबारियों से भी लाखों की रंगदारी मांगी जा रही है. इसे रोकने में पुलिस बेदम है. पिछले एक डेढ़ साल से कोयलांचल में आपराधिक तापमान कुछ ज्यादा ही गर्म है. आपराधिक गिरोह की ओर से रंगदारी मांगने, हत्या की धमकी देने और इनकार करने पर फायरिंग बमबाजी हो रही है. व्यापारी वर्ग अब इससे निजात चाहता है. इसलिए उसने अपनी सुरक्षा खुद करने की ठानी है. हाल के कुछ महीनों में व्यापारियों की ओर से आर्म्स के लाइसेंस के लिए होड़ सी लग गई है. आर्म्स लाइसेंस के लिए कई नेताओं ने भी अर्जी दी है. शुभम संदेश की टीम ने कोयलांचल में काले हीरे की तस्करी पर गहरी पड़ताल की है. पेश है रिजवान शम्स और राजा गुप्ता की रिपोर्ट...

## रंगदारी से कराह रहे धनबाद को कैसे मिले निजात

### व्यापार जगत का हलक सूखा | खाकी से टूट रही उम्मीदें

दशकों से धनबाद में बड़े अपराध की पृष्ठभूमि कोयला ही रही है. आज भी हर बड़े वारदात के पीछे कहीं न कहीं कोयले की कालिख जुड़ ही जाती है. वर्तमान में धनबाद न सिर्फ अवैध कोयला के कारोबार बल्कि रंगदारी से भी कराह उठा रहा है. व्यापार जगत काफी सदमे में है. पुलिस की भूमिका एक दर्शक से अधिक नहीं दिख रही है. हर दिन किसी न किसी को रंगदारी के फोन आ रहे हैं, धमकी को पूरा करने के लिए गोलियां भी तड़तड़ा रही हैं, ऐसे में अब व्यापार जगत सूखते हलक के साथ इस दौर से निजात की कामना कर रहा है.

### कोलियरी से लेकर कोल मंडियों तक | वर्चस्व की जंग जारी

कभी सिंह मैंशन और रामायण निवास की दुश्मनी झारखंड, बिहार और यूपी की सूर्खिया बनती थी. दोनों के बीच कोयला और वर्चस्व की लड़ाई दशकों तक जारी रही, दोनों तरफ से जानें भी गई. कोलकिंग के नाम से देश भर में मशहूर सुरेश सिंह की हत्या के बाद दुश्मनी का ये बरगद जमीन पर गिर गया. फिर सिंह मैंशन के ही दो घराने एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए, अब नाम है कुंती निवास और रघुकूल.

### दोनों के बीच राजनीतिक और | पारिवारिक लड़ाई जारी

इन सारी लड़ाइयों के पीछे धनबाद की खदानों से निकलने वाला कोयला और उसकी कमाई ही कहीं न कहीं जिम्मेवार है. कोलियरी से लेकर कोयला मंडियों में वर्चस्व की इस लड़ाई ने भी कई जानों की बलि ली. धनबाद के भूतपूर्व उपमेयर नीरज सिंह इसी दुश्मनी का शिकार बने, अब रघुकूल की राजनैतिक कमान पूर्णिमा नीरज सिंह के हाथों में है. जबकि दूसरा यानी कुंती गुट का धड़ा पूरी ताकत से अपनी खोई हुई जमीन तलाश रहा है.

### गैंगवार ने देशभर में | कर दिया बदनाम

गैंग्स आफ वासेपुर फिल्म ने भले ही जबरदस्त हिट का तमगा हासिल किया लेकिन असल में इस फिल्म के बनने के बाद धनबाद को लेकर देश भर की सोच ही बदल गई. धनबाद का नाम सुनते ही गैंगवार का दृश्य उभर आता है. ये गलत भी नहीं है, क्योंकि धनबाद में गैंगवार भी दशकों से जारी है. वासेपुर में जारी गैंगवार में दर्जनों लोगों की जानें गई. आज धनबाद पुलिस के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनकर उभरने वाला प्रिंस खान गुट भी इसी गैंगवार की ही देन है. कभी गैंग्स आफ वासेपुर के सबसे बड़े किरदार फहीम खान के पिता व भाइयों की हत्याओं के साथ गैंगवार की शुरुआत हुई और एक फिर फहीम के ही बेटों पर गोलियां चल रही हैं. इस गैंग का भले ही बंटवारा हो गया हो लेकिन दोनों गुट की कमाई का मुख्य जरिया आज भी रंगदारी ही है.

### प्रिंस ने रुपये का लालच देकर | नेटवर्क को बढ़ाया

रिश्ते में फहीम खान का भांजा प्रिंस खान पहले फहीम के इशारे पर गोलियां चलाता था. आज उसने धनबाद में रंगदारी की नई इबारत लिख दी है. प्रिंस खान के नेटवर्क के बहुत सारे लोग जेल में हैं, लेकिन रंगदारी थमने का नाम नहीं ले रहा है. इस गिरोह ने जेल जाने पर जमानत से मुकदमे का पूरा खर्चा, हर काम के बदले तय रकम और फिर वासेपुर में प्रिंस का टैग लगना जैसी सुविधाएं देकर काफी लोगों को जोड़ लिया.

### पढ़े-लिखे लोग भी | गिरोह का हिस्सा

सूत्रों की मानें तो प्रिंस के गिरोह में सिर्फ सड़क छाप या मवाली टाइप के लोग नहीं हैं. इस गिरोह में कुछ अच्छे-पढ़े लिखे लोग भी शामिल हो गए हैं. यानी जहां गोलियां चलाने की जरूरत पड़ी, वहां दो से दस हजार रुपये वाले लोगों का इस्तेमाल कर लिया, जहां दिमाग चलाने वालों की जरूरत पड़ी, वहां पढ़े-लिखे शातिर कमान संभाल रहे हैं.

### जेल में फेल | हो रही पुलिस

धनबाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल इसलिए उठ रहा है कि तमाम कोशिशों के बाद भी बेहतर परिणाम नहीं मिल रहे हैं. जुर्म की दुनिया के लोगों की मानें तो गैंग का संचालन आज भी धनबाद जेल से ही हो रहा है. भले ही प्रिंस खान के दुबई में होने की बात कही जा रही है व गोपी खान फरार चल रहा है. लेकिन गिरोह का नेटवर्क जेल से फैल रहा है. यहां पुलिस फेल साबित हो रही है.

## 11 महीने में 368 व्यवसायियों-नेताओं ने आर्म्स लाइसेंस के लिए दिया आवेदन



- नवंबर में 59 लोग पहुंचे समाहरणालय
- बैंक मोड़, हीरापुर व पुराना बाजार के कई व्यवसायियों ने जमा किए फार्म
- रोजाना सामान्य शाखा में दो-चार लोग फॉर्म भरकर आ रहे हैं

धनबाद कोयलांचल में प्रिंस खान और अमन सिंह गैंग की ओर से लगातार फोन से रंगदारी मांगने, हत्या करने की धमकी देने और इनकार करने पर फायरिंग-बमबाजी करने वालों से निपटने के लिए धनबाद की जनता ने तैयारी शुरू कर दी है. कई लोग पहले से भी तैयार हैं. सूत्रों के अनुसार 2023 में 01 जनवरी से 30 नवंबर तक, 11 महीने में 368 व्यवसायियों,नेताओं समेत कई अन्य लोगों ने आर्म्स लाइसेंस के लिए आवेदन के साथ फॉर्म भरकर जमा किया. जिसमें कई लोगों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है. अपराधियों से सामना करने के लिए व्यवसायी हो या फिर नेता या फिर अन्य व्यक्ति, पूरी तरह से रणनीति बना चुके हैं. गत दिनों 28 अक्टूबर को बैंकमोड़ में देर शाम कार सेंटर दुकान में घुसकर शूटरों की ओर से व्यवसायी दीपक अग्रवाल और 29 नवंबर को गोविंदपुर में जमीन कारोबारी कृष्णा मंडल को गोली मारने के बाद नवंबर माह में लाइसेंस फॉर्म भरकर 59 लोग समाहरणालय पहुंच चुके हैं. रोजाना सामान्य शाखा में दो से चार फॉर्म जमा हो रहे हैं.



**अपराधियों की खैर नहीं**

### एक लाइसेंस से व्यवसायी रखेंगे दो-दो हथियार

जानकारी के अनुसार अपराधियों की अब खैर नहीं है. व्यवसायी अब एक ही लाइसेंस लेकर दो-दो हथियार रखेंगे. गृह विभाग के निर्देश के बाद अब व्यवसायी एक लाइसेंस से दो-दो हथियार रख सकते हैं. हालांकि पहले यह नियम नहीं था. अभी तक जिनके पास दो-दो हथियार और लाइसेंस भी दो-दो हैं, तो वे एक लाइसेंस जमाकर डाटा अपडेट करा लें, वरना भविष्य में दिक्कत होगी. इसके साथ ही वे रिन्यूअल फीस से बच सकते हैं. नए आर्म्स लाइसेंस के लिए किसी भी व्यक्ति को वेंडर्स से फॉर्म लेकर उसे भरने के बाद आर्म्स चलाने का ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, अंडरटेकिंग एफिडेविट, मेडिकल सर्टिफिकेट, आइटी रिटर्न, पैन कार्ड, आधार कार्ड के साथ जमा करना होगा. फिर पुलिस वेरिफिकेशन के बाद डीसी के निर्देश पर लाइसेंस जारी होगा. एक सप्ताह के भीतर बैंकमोड़, पुराना बाजार, हीरापुर आदि अन्य इलाकों के कई व्यवसायियों ने आर्म्स लाइसेंस के लिए फॉर्म जमा किया है.

## अमन सिंह का गिरोह शांत, तो प्रिंस खान का गिरोह पुलिस को दे रहा है चुनौती

### छोटे कारोबारियों को भी रंगदारों का फोन आना है संदिग्ध

**धनबाद।** धनबाद के बड़े कारोबारियों से लाखों रुपये की रंगदारी मांगा जाना समझ में आता है लेकिन छोटे व्यापारी जिनकी दिनभर की बिक्री ही मुश्किल से हजारों में पहुंचती है, वैसे लोगों को भी रंगदारी के लिए फोन आना कई बातों की तरफ इशारा कर रहा है. कहीं ऐसा तो नहीं कि प्रिंस खान के नाम पर कोई अपनी रोटी सेंकने की फिराक में है या फिर प्रिंस खान का गिरोह जानबूझ कर ऐसा कर रहा है ताकि पुलिस पर किसी बात के लिए दबाव बनाया जा सके. जी हां, ये बात थोड़ी दिलचस्प है, प्रिंस ने कुछ दिनों पूर्व वीडियो जारी कर कहा कि था कि उसे भी कोयले की कमाई चाहिए. कहीं ऐसा तो नहीं लगातार जिसे-तिसे फोन कर, धमकी देकर वह पुलिस से अपनी कुछ बातों को अंदर ही अंदर मनवाने की कोशिश कर रहा है. पिछले कुछ दिनों से अमन सिंह गिरोह ने शांति की चादर ओढ़ रखी है. वहीं प्रिंस खान पुलिस महकमा को लगातार चुनौती ठोंक कर रहा है. कोयला के अवैध कोल जगत में ये बात भी काफी तेजी से फैली है, सूत्रों का कहना है कि अमन सिंह किसी के माध्यम से अवैध खनन की एक-दो साइट का संचालन कर रहा है यानि उक्त साइट की कमाई अमन को जा रही है और इसी कारण से प्रिंस खान शोर मचा रहा है.



## अवैध कोयला कारोबारियों ने हजारीबाग में दर्जनों ठिकानों को बना दिया मंडी...
## न पुलिस का खौफ न कानून का डर है

- ट्रक की लाइट में केरेडारी के कोले में रात भर होती है कोयले की लदाई
- नापो जीएम प्लांट से रात भर 20 से 30 ट्रक कोयले की होती है ढुलाई
- छापेमारी और एफआईआर दर्ज कर पुलिस करती है सिर्फ खानापूर्ति



हजारीबाग में भी कोयले की तस्करी का खेल जारी है. इस काम में लगे माफिया ने दर्जनों ठिकानों को कोयला मंडी में तब्दील कर दिया है. इन स्थलों से बड़े पैमाने पर कोयले की तस्करी होती है.बड़कागांव से हर रोज 20 से 25 ट्रक अवैध कोयला की ढुलाई होती है. जबकि केरेडारी के कोले में संचालित कॉल पॉइंट से 15 से 20 ट्रक तक कोयला मंडियों तक पहुंचाया जाता है. यहां अंधेरे में ट्रकों की लाइट के सहारे अवैध कोयले की लोडिंग होती है. केरेडारी के कोले सहित कई ठिकानों पर अवैध कोल माइंस संचालित है. बड़कागांव में दर्जनों अवैध कोल प्वाइंट के संचालन में स्थानीय लोग शामिल हैं. इसमें स्थानीय पुलिस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है.

अवैध कोयला संचालक स्थानीय पुलिस से सीधे जुड़े होते हैं. अवैध कोयला कारोबार की सूचना जैसे ही पुलिस को मिलती है. उस पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही जाती है. लेकिन ऐसा होता नहीं है. बल्कि कोयला संचालकों को इस संबंध में जानकारी मिल जाती है कि उसकी शिकायत पहुंची है. जब कारोबारी वहां से हट जाते हैं तो पुलिस पहुंचकर छापामारी कर और प्राथमिकी की खानापूर्ति करती है.

## गैंगस्टर प्रिंस खान ने प्रतिबंधित थाई मांगुर के व्यवसाय में डाला हाथ

**वर्चस्व की लड़ाई में खून-खराबा की आशंका, चिरकुंडा-मैथन के कारोबारियों में दहशत**



प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के व्यवसाय में वर्चस्व की जंग भी शुरू है. धनबाद के गैंगस्टर प्रिंस खान की इंट्री से इस व्यवसाय में खूनी संघर्ष की संभावना भी बढ़ गई है. चिरकुंडा-मैथन क्षेत्र में गैंगस्टर की धमक से वैध-अवैध कारोबारियों में दहशत है. उन्हें डर सताने लगा है कि कहीं प्रिंस खान क्षेत्र के सभी व्यवसायियों को अपना शिकार न बनाने लगे. जानकारों की मानें तो थाई मांगुर मछली के व्यवसाय में करोड़ों रुपये का खेल होता है. गैंगस्टर प्रिंस खान इस खेल का हीरो बनना चाहता है. इसलिए वह इस अवैध कारोबार पर एकाधिकार चाहता है. उसने सबसे पहले रोशन वर्णवाल को इस कारोबार से हट जाने की धमकी दी है.

**तीन गुट चला रहे हैं यह अवैध कारोबार**

जानकारों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में तीन गुट शामिल हैं. तीनों अपना वर्चस्व कायम करने के लिये पैसा, पावर व पहुंच का इस्तेमाल भी करते हैं. एक गुट शिवलीबाड़ी का है, जिसके तार गैंगस्टर प्रिंस खान से जुड़े हैं. यह गुट गैंगस्टर प्रिंस खान के जरिये इस अवैध कारोबार पर अपना सिक्का जमाना चाहता है. प्रिंस खान की धमकी वर्चस्व की लड़ाई का पहला कदम माना जा रहा है. चिरकुंडा-मैथन क्षेत्र में इस व्यवसाय में रोशन वर्णवाल, राजकुमार एवं झामुमो का एक युवा नेता शामिल है.

**सभी को सत्ताधारियों व पुलिस का संरक्षण**

इन सभी को सताधारी दल के विधायक, मंत्री एवं उच्च पुलिस पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है. सूत्रों के अनुसार रोजाना थाई मांगुर मछली लदा 30-35 ट्रक बंगाल से झारखंड में प्रवेश करता है. प्रत्येक गाड़ी से 15 हजार रुपये वसूला जाता है. अनुमानतः रोजाना पांच लाख रुपये की वसूली होती है. इसलिये लाखों की कमाई को कोई गुट आसानी से छोड़ने वाला नहीं है. तीनों इस धंधे पर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं. इसीलिए इस व्यवसाय में खूनी संघर्ष की आशंका मंडराने लगी है.

**बंगाल के रास्ते आता है झारखंड**

बांग्लादेश में थाई मांगुर मछली का उत्पादन ज्यादा होता है. वहां से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के वशीरहाट, नलहटी एवं अन्य कई स्थानों पर आता है. वहां से पिकअप या अन्य वाहनों से झारखंड सीमा में प्रवेश करता है, जहां से बिहार, यूपी, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में इसे भेजा जाता है.

### क्या है थाई मांगुर

थाई मांगुर का वैज्ञानिक नाम क्लेरियस गेरीपाइंस है. थाईलैंड में विकसित इस मछली की विशेषता यह है कि यह दूषित पानी में तेजी से बढ़ती है. जहां अन्य मछलियां पानी में ऑक्सीजन की कमी से मर जाती हैं, ये जीवित रहती हैं. थाई मांगुर छोटी मछलियों समेत अन्य जलीय कीड़े-मकोड़ों को खा जाती है. इससे तालाब का पर्यावरण भी खराब हो जाता है. भारत सरकार ने वर्ष 2000 में थाई मांगुर के खाने और व्यापार करने पर रोक लगा रखी है. इससे स्थानीय मछली की प्रजाति नष्ट होने का खतरा है. विशेषज्ञ बताते हैं कि यह बड़े बड़े सांप को भी खा जाती है. यह मांसाहारी होती है, जो तीन-चार महीने में ही ढ़ाई से तीन किलो तक की हो जाती है. इसके खाने से कैंसर, डायबिटीज जैसी कई घातक बीमारी होने का खतरा है. थाई मांगुर मछली जहर है, जिसे खाने के बाद लोग असमय मौत के मुंह में जा सकते हैं.

**रंगदारी स्टोरी**

## बिना गोलियों की तड़तड़ाहट और बम के धमाकों के नहीं शुरु होती आउटसोर्सिंग

### आउटसोर्सिंग कंपनियां भी रंगदारी की एक प्रमुख वजह

**धनबाद** में कोयला उत्पादन के लिए आनेवाली आउटसोर्सिंग कंपनियां भी अब यहां की रंगदारी की जड़ बनती जा रही हैं. कोयला रंगदारी से जुड़े तत्व अब आउटसोर्सिंग में अपना करियर देख रहे हैं. वो भी बिना बहुत अधिक मेहनत किए ही. क्योंकि कई लोग आउटसोर्सिंग कंपनियों के सहारे कमाकर अब कोयलांचल की नजीर बन चुके हैं. ऐसे में सैकड़ों और हजारों करोड़ की बड़ी रकम ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है. सोच यही है कि कैसे करोड़ों का मालिक बना जाए. लेकिन इस करोड़ों के पीछे भी बिना दबंगई और रंगदारी के काम नहीं बन सकता.



### कंपनियां बाहर की, बाहुबली धनबाद के...



**धनबाद** : यहां काम कर रही अधिकांश आउटसोर्सिंग कंपनियां बाहर की हैं, लेकिन उनके मुख्य कर्ताधर्ता धनबाद के ही बाहुबली हैं. यदि बाहर की कंपनियां यहां खुद काम करना चाहती हैं, तो उनके लिए हर दिन एक नई परेशानी सामने आएगी. ऐसे में कंपनियां भी बिना किसी परिश्रम के अपना मुनाफा कमा कर काम लोकल दबंगों के सुपुर्द कर देती है. मसल पावर और राजनैतिक रसूख के कारण ये दबंग कंपनियों का काम संभाल लेते हैं और खुद भी करोड़ों कमा लेते हैं. हालांकि इसके लिए उन्हें भी छुटभैयों से निपटना पड़ता है. हर आउटसोर्सिंग की शुरुआत में गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों के धमाके के साथ होने की बात आम है. इसके बिना आउटसोर्सिंग कंपनियां काम शुरु नहीं कर पातीं.

# आज कत्ल की रात, जनमत की बात

**यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंडिया की अबतक हुई कवायद से विधानसभा चुनाव को बाहर रखा गया था. ऐसी कोई समझ ही नहीं बनी थी. फिर भी जिस प्रकार सपा और आप इन विधानसभा चुनावों में कूद गईं, उसका विपक्षी गठबंधन पर कोई असर पड़ता है या नहीं. बहरहाल, चुनाव परिणाम के बाद मिजोरम छोड़ बाकी चार राज्यों में किस दल के हाथ विजयश्री लगती है और कौन-कौन मुख्यमंत्री बनते हैं, कुछ दिनों तक चर्चा-परिचर्चा का विषय यही रहेगा.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

दो महीने से चले आ रहे गरमागर्म सियासी माहौल का हिसाब-किताब करने के लिए अगले 24 घंटे अपने पास हैं. आज की रात कत्ल की रात है. जनमत किसका कत्ल करता है और किसके सिर पर ताज रखवाता है, इसका फैसला कल हो ही जाएगा. तबतक इधर-उधर से पेश किये जा रहे अनुमानों और बहस-मुबाहिसों पर दिल लगाये रखना ही सबके हाथ में है. मेरा इशारा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में हुए चुनाव के हिसाब-किताब से है. तीन दिसंबर को सुबह से इनका परिणाम आना प्रारंभ हो जाएगा. 2018 में इन्हीं दिनों इन पांच राज्यों में हुए चुनाव में भाजपा कहीं भी टिकी नहीं थी. यह अलग बात है कि मार्च 2020 में कांग्रेस में बड़ी टूट और तोड़े गये धड़े के भाजपा बन जाने के कारण मध्यप्रदेश में कमल दल लहलहा उठा था. इस लिहाज से इस बार के चुनावों में भाजपा को खोने के लिए बहुत कुछ नहीं है, जो मिल जाए, उसके लिए बोनस पाइंट होगा.
चाहे जैसे भी बनी हो मध्यप्रदेश में मार्च 2020 से भाजपा की चली आ रही सरकार का महत्व तभी प्रमाणित होगा, जब वह इस बार अपनी जीत सुनिश्चित कर ले. राजस्थान में 20 साल से हर चुनाव में सरकार बदल देने की चली आ रही रवायत के अनुसार इस बार भाजपा की वापसी की बारी है. देखें क्या होता है. 40 सीटों वाले मिजोरम और 90 सीटों वाले छत्तीसगढ़ पर सबका ध्यान कम है. फिर भी छत्तीसगढ़ का महत्व कम नहीं है. इस बार चुनावी झकझूमर यहीं से शुरू हुआ था. मिजोरम सीमावर्ती छोटा सा राज्य है, जिस पर म्यांमार का साया पड़ा हुआ है. ऐन चुनाव के वक्त छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जिस प्रकार 508 करोड़ के महादेव सट्टेबाजी ऐप्प घोटाले का आरोप लगा, उससे चुनाव परिणाम उनकी लोकप्रियता का एक पैमाना बन सकता है. आरोप तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी लगे. शायद इसी कारण 18 साल के रिकार्ड मुख्यमंत्रित्वकाल के बावजूद भाजपा नेतृत्व ने इस बार उनको फ्रंटफुट पर नहीं रखा. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को तो खैर ऐन चुनाव के दौरान ईडी ने पूछताछ के लिए तलब कर लिया. उनके डिप्टी रह चुके सचिन पायलट से उनकी तनातनी भी चलती रही. भाजपा में भी कुछ कम गुटबाजी नहीं रही. शराब घोटाले की आंच तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी कविता तक भी पहुंची. उसी दौर में बेहद रोचक सियासी माहौल देखा गया, जब उनके बेटे केटी रामाराव ने कहा कि भाजपा उनके दल की संगति चाहती है, जबकि भाजपा ने ठीक इसका उल्टा कहा. जो भी हो, भाजपा ने कुछ अरसा केसीआर की पार्टी बीआरएस के प्रति नरम रुख अपनाया, जो इस चुनाव में खुद उस पर भारी गुजरा. हालांकि वहां क्या, पूरे दक्षिण में दक्षिणपंथी भाजपा का रसूख कायम नहीं हो सका है. सबसे दिलचस्प वाक्या राजस्थान का है, जहां इस बार के चुनाव में कई परंपराएं बदलीं.
भाजपा ने इस बार किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री के तौर पर कोई चेहरा प्रोजेक्ट नहीं किया. राजस्थान इस नीति से अलग नहीं था. यह अलग बात है कि कांग्रेस ने भी राजस्थान में खुलकर किसी मुख्यमंत्री चेहरे को प्रोजेक्ट नहीं किया. राजस्थान में पहली बार चुनाव पीएम बनाम सीएम हुआ. अशोक गहलोत ने सप्रयास चुनाव ऐसे मोड़ पर ला दिया कि वे और पीएम मोदी आमने-सामने हो गये. भाजपा को उम्मीद है कि राजस्थान में इस बार भी रिवाज नहीं बदलेगा, राज बदल जाएगा. कांग्रेस को उम्मीद है कि रिवाज बदलेगा, राज नहीं बदलेगा. एक दिलचस्प सियासी चाल यह भी रही कि गहलोत ने उज्ज्वला लाभार्थियों को 500 रुपये में रसोई गैस देने का ऐलान किया तो भाजपा ने 450 रुपये में. भाजपा की इस चाल को मात देने की नीयत से गहलोत ने 400 रुपये में ही उज्ज्वला लाभार्थियों को रसोई गैस देने की बात कही. क्या ही अच्छी बात होती, यह नीति पूरे देश में लागू कर दी जाती. इस लिहाज से हाल में उछाली गई वन नेशन, वन इलेक्शन की नीति के बरक्स वन नेशन, कई इलेक्शन नीति अवाम को ज्यादा मुफीद लगनी चाहिए. हर चुनाव में सियासी दल बड़े-बड़े लुभावने ऐलान करते रहेंगे, बशर्ते अमल भी करें. खासकर, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में सियासी दलों द्वारा जितनी गारंटियां दी गईं, उन्हें हर राज्य को जानना जरूरी है ताकि वे भी उन्हें अपने यहां लागू करने के लिए सरकारों पर दबाव बना सकें.
अक्टूबर की तीसरी तारीख को जब इन राज्यों में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की गई थी, तब से विपक्षी गठबंधन इंडिया की गतिविधियां सिकुड़ गईं. ऐसे ही एनडीए खासकर भाजपा भी इन्हीं राज्यों पर फोकस करने लगी. इन राज्यों का चुनाव परिणाम आने के बाद लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजनीतिक सेनाएं सजायी जाने लगेंगी. इंडिया की पहल हर किसी के लिए कुछ अधिक काबिलेगौर होगी. तकरीबन दस साल बाद विपक्षी एकता की यह कोशिश होगी. यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंडिया की अबतक हुई कवायद से विधानसभा चुनाव को बाहर रखा गया था. ऐसी कोई समझ ही नहीं बनी थी. फिर भी जिस प्रकार सपा और आप इन विधानसभा चुनावों में कूद गईं, उसका विपक्षी गठबंधन पर कोई असर पड़ता है या नहीं. बहरहाल, चुनाव परिणाम के बाद मिजोरम छोड़ बाकी चार राज्यों में किस दल के हाथ विजयश्री लगती है और कौन-कौन मुख्यमंत्री बनते हैं, कुछ दिनों तक चर्चा-परिचर्चा का विषय यही रहेगा. उसके बाद ऑल इंडिया चुनावी झकझूमर. उसमें चुनाव लड़नेवालों और लड़ानेवालों से अधिक चोंचलड़व्वल 'फूफाओं' में होगी.

# भारत की विकास दर में उछाल

पांच राज्यों के चुनावी मोड़ से बाहर निकलने के पहले ही अगले साल होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए नरेटिव बनाने की प्रक्रिया तेज हो गयी है. भारत एक ऐसे देश के रूप में बदल गया है, जो हर समय चुनावी मोड में ही नजर आता है. ऐसे माहौल में अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन आंकड़ों और धारणाओं पर गौर करने की जरूरत है. पहली बात है कि अगले पांच साल तक 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलता रहेगा. केंद्रीय कैबिनेट ने ये फैसला लिया है. क्या ये इस बात की मुनादी है कि 140 करोड़ में से 81 करोड़ बिना सरकारी सहायता के जीवित रहने की स्थिति में नहीं बचे हैं? क्या ये 81 करोड़ लोग गरीब हैं? जब यह देश गुलामी से निकला, गरीबी थी, भुखमरी थी, अकाल पड़ता था, तब पंचवर्षीय योजनाएं बनीं. करोड़ों लोगों को साल दर साल बाहर निकाला गया. दूसरा मामला उस ताजे एलान से है, जो बता रहा है कि भारत की विकास दर तेजी से छलांग लगा रही है. सवाल पूछना तो लाजिमी ही बनता है कि तो फिर उन्नति में गरीबों की हिस्सेदारी पांच किलो अनाज तक ही सीमित क्यों कर दी जा रही है. भारत सरकार कह रही है कि भारत एक बार फिर दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यस्था बन गया है. मौजूदा वित्त वर्ष 2023 -24 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के बीच देश की अर्थव्यवस्था में 7.6 फीसदी के दर से विकास हुआ है. आरबीआई ने दूसरी तिमाही के लिए 6.5 फीसदी जीडीपी रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन वास्तविक आंकड़ों ने इस अनुमान से भी ज्यादा वृद्धि दर्ज की है. तीसरी बात है कि भारत की विकास दर और चीन को पीछे छोड़ने के संदर्भ में अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वर्ष 2026 तक बढ़कर सात प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जबकि चीन के लिए इसके सुस्त पड़कर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 'चाइना स्लोज इंडिया ग्रोथ' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में उम्मीद जताई है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र का वृद्धि इंजन चीन से हटकर दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की तरफ स्थानांतरित हो जाएगा. इसके साथ ही एसएंडपी ने वर्ष 2026 में वियतनाम की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत, फिलीपीन की 6.4 प्रतिशत और इंडोनेशिया की वृद्धि दर पांच प्रतिशत रहने का अनुमान भी जताया है. रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत देशों के केंद्रीय बैंकों की तरफ से ब्याज दरें ऊंची रखने की संभावना है, जिससे कर्जदारों के लिए कर्ज महंगा हो जाएगा. इसी के साथ पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष का असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ने की आशंका भी है. इससे ऊर्जा लागत बढ़ सकती है, जो मुद्रास्फीति बढ़ाने का काम करेगी. खाद्य सुरक्षा कानून इसलिए लाया गया था कि कोई भुखमरी का शिकार न हो, गरीबों की मदद हो.

> वित्त वर्ष 2023 -24 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के बीच देश की अर्थव्यवस्था में 7.6 फीसदी के दर से विकास हुआ है. आरबीआई ने दूसरी तिमाही के लिए 6.5 फीसदी जीडीपी रहने का अनुमान लगाया था.

## सुभाषित

**आयुषः खण्डमादाय रविरस्तमयं गतः ।**
**अहन्यहनि बोध्दव्यं किमेतेत् सुकृतं कृतम् ।।**

अपनी आयु का एक दिन सूरजइके अस्त होने पर कम हो जाता है. यह जानते हुए हरेक व्यक्ति को दिनभर के अपने किये हुए नेक काम पर विचार करना चाहिये. इसके बाद उस काम में आयी त्रुटि पर विचार करते हुए उसे सुधारने की चेष्टा करनी चाहिए.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## वासना और वैराग्य

वाल्मीकि रामायण में जो वर्णन आया है उसमें तो शूर्पणखा श्रीराम से कहती है कि यह तुम्हारी दुबली-पतली पत्नी है, इसमें क्या सौंदर्य है? तुम मेरे सौन्दर्य की ओर देखो. सौंदर्य का यह मापदण्ड जब उसने प्रभु के समक्ष रखा तो श्रीराम ने उसे लक्ष्मणजी के पास यह कहकर भेज दिया- अहइ कुमार मोर लघु भ्राता। मेरा छोटा भाई कुंआरा है और जब शूर्पणखा वहां पर गयी तो लक्ष्मणजी ने कहा- ₹सुन्दरी. ₹ उन्होंने उसके प्रति सुन्दरी शब्द का प्रयोग किया. शूर्पणखा को सुन्दरी शब्द सुनकर सन्तोष हुआ. उसने सोचा कि बड़े भाई ने एक बार भी सुन्दरी नहीं कहा, पर छोटे भाई ने सुन्दरी कहा तो! पर साथ ही साथ उसे आश्चर्य भी हुआ कि कह तो रहा है मुझे सुन्दरी, पर देख रहा है दूसरी ओर. क्योंकि लक्ष्मणजी भगवान् राम की ओर देख रहे थे. शूर्पणखा के मन में यह प्रश्न था कि सुन्दरी कहने के बाद मुझे देख क्यों नहीं रहा है ? लक्ष्मणजी का अभिप्राय था कि जब तक मैं नहीं देख रहा हूं, बस तभी तक तुम सुन्दरी हो, जब मैं देख लूँगा तब तुम सुन्दरी नहीं रह जाओगी. इसका अभिप्राय है कि लक्ष्मणजी हैं वैराग्य तथा शूर्पणखा है वासना. जब तक वैराग्य की दृष्टि नहीं पड़ती, तभी तक वासना में आकर्षण होता है. पर जब वैराग्य की दृष्टि पड़ेगी तो वासना की कुरूपता सामने आये बिना नहीं रहेगी. शूर्पणखा ने जाकर जब लक्ष्मणजी से प्रस्ताव किया कि तुम मुझसे विवाह करो तब लक्ष्मणजी को तो यही उत्तर देना चाहिये था कि मेरा विवाह हो चुका है तथा श्रीराम ने तुम्हारे ऊपर व्यंग्य किया है. पर लक्ष्मण जी ने एक बार भी नहीं कहा कि मेरा विवाह हो चुका है. यद्यपि भगवान् राम ने जब यह कह दिया कि लक्ष्मण कुमार हैं तब तो आश्चर्य होता ही है, पर इससे भी बढ़कर आश्चर्य तब होता है, जब लक्ष्मणजी ने इसका खण्डन नहीं किया. भगवान् राम ने जो व्यंग्य किया उसका रहस्य बड़ा गहरा था. भगवान् राम के कथन में साहित्यिक व्यंग्य था और इस व्यंग्य के पीछे भाषा का आनन्द था. शूर्पणखा ने भगवान् राम से कहा था कि अब तक मैं कुमारी हूं. भगवान् राम को हंसी आ गयी कि विवाह हो चुका, विधवा हो चुकी और कह रही है कि कुमारी हूं. श्रीराघवेन्द्र ने व्यंग्य किया कि अगर लंका में कुमारी की यही परिभाषा है तब तो मेरा भाई भी कुमार है.

# इजराइल हमास युद्ध का भविष्य किस ओर

• देशांतर

प्रमोद जोशी

इजराइल और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष-विराम के दौरान दोनों पक्षों ने कुछ कैदियों या बंधकों का आदान-प्रदान किया और हिंसक गतिविधियों को रोककर रखा. सवाल पूछा जा सकता है कि अब आगे क्या होगा और यह भी कि इस आंशिक-विराम से किसको क्या मिला? संभव है कि यह विराम कुछ समय के लिए बढ़ा दिया जाए. अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने भी इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को इस आशय का सुझाव दिया है, ताकि बंधकों की रिहाई कराई जा सके. अस्थायी युद्ध-विराम से स्थायी-समाधान के बारे में सोचने का मौका भी मिलेगा, बशर्ते दोनों पक्षों को हिंसा की निरर्थकता का आभास हो. मिस्री अधिकारियों को इस आशय के संकेत मिले हैं, पर इजराइल और हमास ने ऐसी कोई बात कही नहीं है. जो भी होगा उसमें इन दोनों पक्षों के अलावा अमेरिका की भूमिका भी होगी. अमेरिका को दो तरह की चिंताएं है. बड़ी संख्या में नागरिकों की मौतों का अमेरिकी जनमत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है. अगले साल चुनाव को देखते हुए बाइडन अपनी छवि को लेकर संवेदनशील हैं. दूसरे लड़ाई खत्म होने के बाद खंडहर में तब्दील हो चुके गाज़ा का पुनर्निर्माण. अंततः उसकी काफी कीमत अमेरिका को चुकानी होगी. इजराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने 26 नवंबर को कहा कि इस लड़ाई में हमारे तीन लक्ष्य हैं: हमास का सफाया, बंधकों की वापसी और भविष्य में गज़ा को इजराइल के लिए खतरा बनने से रोकना. हम पूर्ण विजय पाने तक लड़ते रहेंगे. पर्यवेक्षकों के अनुसार लड़ाई का दूसरा दौर शुरू हुआ, तो वह गज़ा के दक्षिणी इलाकों में चलेगा. यह ज्यादा विवादास्पद होगा, क्योंकि यहां नागरिकों की ज्यादा मौतें होने का अंदेशा है. कौन सा पक्ष पहले थकेगा, यह भी देखना होगा. हमास की ताकत का पता लगाना आसान नहीं है. उसके काफी लड़ाके अभी सुरंगों में बैठे हैं. अलबत्ता इजराइल का दावा है कि हमास की आधी ताकत खत्म कर दी गई है. लड़ाई खत्म होने के बाद यह भी देखना होगा कि हमास की लोकप्रियता का स्तर क्या है. नागरिकों का एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि हमास की हरकतों के कारण उनका जीवन खतरे में पड़ गया. हमास ने इजराइल में बंद 39 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले 24 बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें 13 इजराइली नागरिक थे. शनिवार को भी 39 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले हमास ने 17 बंधकों को रिहा किया, जिनमें चार थाईलैंड के नागरिक थे. थाईलैंड, फिलीपींस और नेपाल के नागरिकों को बंधक बनाकर रखने से हमास को यों भी कोई लाभ मिलने वाला नहीं था. कुल मिलाकर इस दौरान 50 इजराइली बंधकों के बदले में 150 फिलीस्तीनियों की रिहाई होनी थी. चार दिन के इस विराम के दौरान हर दिन राहत सामग्री से लदे दो सौ ट्रकों, ईंधन के चार ट्रक और चार अन्य ट्रकों को ग़ाज़ा में दाख़िल होना था, पर हमास का आरोप था कि इजराइल ने सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को उत्तरी ग़ाज़ा जाने से रोका और दक्षिणी ग़ाज़ा के ऊपर ड्रोन उड़ाए. इजराइल ने कहा, ऐसा कुछ नहीं हुआ, ट्रक गए. बहरहाल हमास ने इस बिना पर बंधकों की रिहाई में कुछ विलंब भी किया. विशेषज्ञ मानते हैं कि इस संघर्ष-विराम से हमास को सांस लेने का मौका मिला है. इजराइली हमलों ने उसके अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है. चार दिनों की मोहलत भी अस्तित्व-रक्षा में 'डूबते को तिनके का सहारा' बनेगी. वह अपनी रणनीति में बदलाव कर सकता है और अपने लड़ाकों की तैनाती में फेरबदल. युद्ध विराम से उन्हें शेष बंधकों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का मौका भी मिलेगा, जहां इजराइल की पहुंच न हो. हमास के पास अब भी करीब पौने दो सौ बंधक हैं, जो सौदेबाज़ी में उसके काम आएंगे, पर इतनी बड़ी संख्या में बंधकों को सुरक्षित रखना आसान काम नहीं है. इस लड़ाई में 13000 से ज्यादा निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है. इनमें साढ़े पांच हजार से ज्यादा बच्चे हैं. इन निर्दोष नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार हमास और इजराइल दोनों हैं. इस बात की गहराई से तहकीकात की जानी चाहिए कि हमास ने अल-शिफा अस्पताल के नीचे अपना कमांड-सेंटर बनाया था या नहीं. उसका इस्तेमाल ढाल की तरह किया था या नहीं. इजराइल के पास प्रमाण हैं, तो उन्हें दुनिया के सामने रखा जाना चाहिए. युद्ध के लिए अस्पताल की आड़ लेना युद्ध-अपराध है. युद्ध के दौरान स्त्रियों-बच्चों और निर्दोष नागरिकों की आड़ लेने की प्रवृत्ति दुनियाभर में देखी गई है. श्रीलंका में लिट्टे ने इसका अच्छी तरह से इस्तेमाल किया था.

> अलबत्ता इजराइल का दावा है कि हमास की आधी ताकत खत्म कर दी गई है. लड़ाई खत्म होने के बाद यह भी देखना होगा कि हमास की लोकप्रियता का स्तर क्या है. नागरिकों का एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि हमास की हरकतों के कारण उनका जीवन खतरे में पड़ गया. हमास ने इजराइल में बंद 39 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले 24 बंधकों को रिहा कर दिया.

# प्राकृतिक आपदाओं के नये प्रकार

• जलवायु

ज्ञानेन्द्र रावत

उत्तराखंड में चार धाम सड़क परियोजना के तहत बन रही सिलक्यारा सुरंग के हादसे ने सुरंगों की सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल खड़े कर दिये हैं. इस हादसे में 400 घंटे जिंदगी की जंग लड़ते रहे 41 श्रमिकों की सकुशल निकासी के लिए देश की 15 से अधिक एजेंसियों के 650 से ज्यादा बचाव कर्मियों का दिन-रात परिश्रम प्रशंसनीय है वहीं राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर निभाई गयी भूमिका भी सराहनीय है.इस हादसे में सत्रह दिन सुरंग में फंसे रहने और जिंदगी और मौत के बीच झूलते 8 राज्यों के श्रमिक बाहर आकर खुली हवा में सांस ले सके. दरअसल, यह सुरंग हादसा देश-दुनिया का ऐसा मामला रहा जो दुनियाभर के मीडिया की सुर्खियों में रहा. पूरी दुनिया ने सुरंग में फंसे इन मजदूरों की सकुशल वापसी की प्रार्थनाएं कीं. दीगर है कि इस बचाव अभियान में पहली बार पांच विकल्पों पर काम किया गया और आरवीएनएल, टीएचडीसी, ओएनजीसी, एनआईडीसीएल और सतलुज जल विद्युत निगम ने मुख्य सुरंग के समानांतर अलग-अलग राहत सुरंगों को बनाने का काम किया. यही नहीं, इस अभियान में काम आने वाले उपकरणों को लाने के लिए भारतीय वायु सेना के विमानों ने रात-दिन उड़ानें भरीं. इस अभियान में इंटरनेशनल टनल आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष अर्नोल्ड डिक्स का सहयोग भी सराहनीय रहा है.बहरहाल, यह हादसा सुरंग निर्माण में लगे योजनाकारों के लिए सबसे बड़ा सबक है. देश में अब जमीन की कमी के मद्देनजर सुरंग निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है. मैदानी इलाकों में ही नहीं, अब तो देश के हिमालयी राज्यों में सड़क, रेल व जल विद्युत परियोजनाओं के लिए सुरंगों का जाल बिछाया जा रहा है. यही नहीं, हाइड्रो टनल, मेट्रो टनल, रोड टनल, भूमिगत बिजली घर, पेट्रोलियम, रक्षा मंत्रालयों के भंडार, सीवेज प्रबंधन, पार्किंग और परमाणु संयंत्रों में व परमाणु युद्ध से बचाव के लिए भी सुरंगों का उपयोग हो रहा है. विकास की गति को देखते हुए सुरंग निर्माण योजनाओं को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन सुरंग निर्माण में अनुभवी विशेषज्ञों का निर्देशन और सुरक्षा प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाना बहुत जरूरी है. देश में ज्यादातर योजनाओं में सुरंग निर्माण के कार्यों की जिम्मेदारी सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों की निगरानी में स्वतंत्र रूप से निभाई जा रही है. अक्सर ये संस्थान पेशेवर तरीकों को न अपनाकर अपने फायदे के मद्देनजर शॉर्टकट अपनाते हैं. उसी का नतीजा ऐसे हादसों का सबब बनता है.सुरंग निर्माण विशेषज्ञ और कोंकण रेलवे के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विनोद कुमार का कहना है कि सुरंग निर्माण परियोजनाओं को देखते हुए अब एक ऐसा संस्थान बनाया जाना जरूरी हो गया है जो निर्माणाधीन सुरंग प्रोजेक्ट्स का हर साल तकनीकी ऑडिट करे. तभी हम हादसों को रोक पायेंगे. भारत में सुरंग निर्माण की सभी अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता मौजूद है. जहां तक सिलक्यारा सुरंग हादसे का सवाल है, ऐसी स्थिति में मलबा बाहर निकालने से संकट और बढ़ जाता है. ऐसे हालात में बचाव एजेंसियां हड़बड़ाहट में यही रास्ता अपनाती हैं. इस बारे में सरकार को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए.सभी सुरंग विशेषज्ञ सुरंग निर्माण में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्यों को अंजाम देने पर बल देते हैं. इन मानकों के मुताबिक, तीन किलोमीटर से अधिक लम्बी सुरंग पर एस्केप पैसेज होना लाजिमी है जो हर 375 मीटर पर मुख्य सुरंग से जुड़ी होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में सुरंग के अंदर फंसे लोगों को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला जा सके. इससे सुरंग निर्माण के समय और बाद में भी किसी खतरे की संभावना नहीं रहती है. हकीकत यह है कि निर्माण एजेंसी जल्दबाजी में उन नियमों को अनदेखा करती है जो ऐसे संकट का कारण बनते हैं. अधिकारियों में दृढ़ता बेहद जरूरी है. असलियत में सिलक्यारा हादसा यह चेतावनी है कि तय सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ खतरनाक है. इसलिए तय सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन बेहद जरूरी है. हिमालयी राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं का नये प्रकार का दौर शुरू हुआ है. अंधाधुंध विकास के प्रति भी विशेषज्ञ व पर्यावरणविद् चेता रहे हैं. पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी कहते हैं कि हिमालय से पूरा देश जुड़ा है. दूसरे राज्यों को भी इसकी चिंता करनी चाहिए. सरकारों को भी सजग होना होगा.

> इन मानकों के मुताबिक, तीन किलोमीटर से अधिक लम्बी सुरंग पर एस्केप पैसेज होना लाजिमी है जो हर 375 मीटर पर मुख्य सुरंग से जुड़ी होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में सुरंग के अंदर फंसे लोगों को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला जा सके. इससे सुरंग निर्माण के समय और बाद में भी किसी खतरे की संभावना नहीं रहती है.

## मीडिया में अन्यत्र

# भारत की प्रतिष्ठा दांव पर है

संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा एक भारतीय नागरिक के खिलाफ दायर किए गए 15-पृष्ठों के अभियोग का प्रभाव सिर्फ संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत पर ही नहीं, बल्कि इससे से भी कहीं ज्यादा पड़ने की आशंका है. उक्त भारतीय नागरिक के बारे में माना जाता है कि उसे संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नुन के खिलाफ हत्या की साजिश के प्रयास के लिए एक भारतीय सरकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया था. यह अभियोगपत्र अवैध मादक पदार्थों व हथियारों के एक सौदागर आरोपी निखिल गुप्ता, एक सेवारत वरिष्ठ भारतीय सरकारी खुफिया अधिकारी, जिसकी पहचान कर ली गई है, लेकिन उसे अनाम रखा गया है, के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में दो लोगों, जिन्हें कथित तौर पर श्री पन्नुन को मारने के लिए संलग्न किया गया था, के बीच हुए संवाद के विवरण पर आधारित है. कहानी में जिस मोड़ के बारे में अब तक संयुक्त राज्य अमेरिका या कनाडा में नहीं कहा गया है, वह यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित दो व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका के कानून लागू कराने वाले विभाग के लिए काम कर रहे थे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अमेरिकी एजेंट कम से कम मई महीने से इसकी तफ्तीश में जुटे थे. तब से अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच कई बैठकें हुई हैं और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के बीच भी मुलाकातें हुईं हैं. ये आरोप परेशान करने वाले सवाल खड़े करते हैं कि दोनों देशों के बीच क्या कुछ साझा किया गया है और क्या कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए इसी तरह के आरोपों से नाराज हो जाने वाली मोदी सरकार मिली जानकारियों के प्रति कम सजग है. अगर सरकार ने जानबूझकर भारत की यूएपीए आतंकवादी सूची में शामिल रहने वाले सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने की इजाजत दी है, तो इसका मतलब यह हुआ कि भारतीय नीति में एक नाटकीय बदलाव आया है और इसके बारे में सरकार को और ज्यादा स्पष्ट होना चाहिए. लेकिन अगर शीर्ष अधिकारियों को इन "साजिशों" के बारे में कोई इल्म नहीं था और जैसा कि विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह "सरकारी नीति" नहीं है.(द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### इष्ट/इष्टा/इष्टि

**हमारे** सनातन धर्म में छत्तीस कोटि देवताओं की परिकल्पना है. उनमें से कुछ ही देवी-देवताओं को हम जानते हैं. इसी प्रकार हम जितने देवी-देवताओं को जानते हैं, उनमें एक ही देवी या देवता पर समर्पण की भावना होती है. उसे इष्ट देव या देवी कहा जाता है. उदाहरण के लिए किसी के इष्ट राम होते हैं तो किसी के कृष्ण तो किसी के हनुमान. कोई दुर्गा को अपना इष्ट मानता है तो कोई काली को. इसी प्रकार संसार में अनेक विषय हैं, किंतु हर विषय में हर किसी की अभिरुचि नहीं होती. कोई किसी विषय में रुचि रखता है तो कोई किसी विषय में. जिसको जिस विषय में रुचि होती है, देर-सवेर वही उस व्यक्ति का इष्ट विषय हो जाता है और उसमें वह प्रवीण हो जाता है. इससे ही निर्मित शब्द हैं इष्टा और इष्टि. इष्ट संस्कृत का तत्सम शब्द है. इसका प्रयोग संज्ञा पुल्लिंग के रूप में भी होता है और विशेषण के रूप में भी, लेकिन अर्थ में हल्का सा अंतर हो जाता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार इष्ट शब्द का संज्ञा पुल्लिंग के रूप में अर्थ है किसी विशिष्ट कार्य या पदार्थ की सिद्धि या प्राप्ति के लिए मन में होनेवाली तीव्र इच्छा, अभिलाषा या संकल्प. आराध्य देवता, ईश्वर, कुलदेव, हितकारी, श्रुतिसम्मत या अग्निहोत्र आदि कर्म. विशेषण के रूप में इष्ट शब्द का प्रयोग उस व्यक्ति या वस्तु के लिए होता है, जो वांछित हो यानी जिसकी चाह आप करते रहे हों. जो पूजित है या पूजने योग्य है, मान्य है, उसके लिए भी इष्ट का प्रयोग होता है. जब हम इष्ट देव कहते हैं तो इष्ट विशेषण होता है और देव संज्ञा. इष्टा का मतलब हुआ प्रेमिका, प्रिया, महबूबा. इष्टि शब्द संज्ञा स्त्रीलिंग है और इसका मतलब है अभीष्ट काम या बात, अभिलाषा, आकांक्षा, चाह, प्राप्ति या सिद्धि के लिए होनेवाला प्रयत्न, पशुओं, सोम आदि से होनेवाले यज्ञ की जानेवाली दूध या फल की हवि.

# व्यंग्यं शरणं गच्छामि

• तीर-तुक्का

अमित शर्मा



कुछ समय पूर्व कुछ शुभचिंतक मित्रों द्वारा मेरी तरफ चेतावनी फ़ेंक कर मुझे सूचित किया गया कि मैं व्यंग्य लिखता हूं. मतलब लिखने के नाम पर जो भी हरकतें मैं करता हूं उसे व्यंग्य कहा जा सकता है. इसके पूर्व मुझे यही लगता था कि मेरे लेखन का साहित्य से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है. मैं पूरी तरह से उम्मीद का दामन और पायजामा छोड़ चुका था कि कभी साहित्य की कोई विधा मेरे लेखन को राजनैतिक या मानवीय आधार पर शरण देगी. मित्रों के उकसाने पर मैं उनके कंधे पर पैर रखकर आसानी से चने के झाड़ पर चढ़ तो गया, लेकिन उत्सुकतावश बार-बार फोन और वाट्सएप पर उनकी कही गई बात को कन्फर्म करवाने लगा, ताकि वे अपनी बात से भविष्य में मुकर ना जाए. लेकिन मित्रगण अपनी बात पर महंगाई की तरह अड़े रहे और कहने लगे तुम्हारे में एक अच्छे व्यंग्यकार बनने के सारे लक्षण बरामद हुए हैं. यह सुनकर मुझे बाहर से तो गुदगुदी हुई, लेकिन अंदर से भय ने कमान संभाल ली, क्योंकि अगर इस बात का पता नामी व्यंग्यकारों को चल गया तो व्यंग्य की बदनामी करने के लिए कहीं वे मेरे खिलाफ मानहानि का मामला ना दर्ज़ करवा दे, मेरे व्यंग्यकार घोषित होने से बरसों से व्यंग्य तपस्या में लीन व्यंग्यकार कही साहित्याश्रम से फरार ना हो जाए. वरिष्ठ व्यंग्यकारों को ज़ब मेरी इस सनक की भनक लगी तो वे साहित्यिक चिंता की गंभीर मुद्रा अपनी जेब से निकाल उसे चेहरे पर धारण कर पहली फुर्सत में दौड़े आए और मुझे समझाने लगे बेटा, मनमोहन सिंह लगातार बोलने और मोदी चुप रहने का विश्व रिकॉर्ड बना सकते हैं, लेकिन तुम व्यंग्यकार बन सको ऐसी संभावना व्यक्त करना भी पहले से पीड़ित मानवता पर कुठाराघात करना होगा. दूरबीन से देखने पर भी तुम्हारे अंदर दूर-दूर तक व्यंग्यकार के अवशेष तक नज़र नहीं आ रहे हैं. बिना लिखे तुम व्यंग्य साहित्य के चौकीदार और प्रधानसेवक बन सकते हो, अगर तुमने लिखना जारी रखा तो व्यंग्य के लिए सुसाइड-बॉम्बर सिद्ध होंगे...... वरिष्ठ व्यंग्यकारों ने टैलेंडर्स बैट्समैन द्वारा हार टालने जैसा अंतिम और मुश्किल प्रयास किया लेकिन मैं तो चने के झाड़ पर चढ़ा हुआ था इसीलिए वरिष्ठ व्यंग्यकारो की अमृतवाणी मेरे कान तक पहुंच कर मेरी शान में गुस्ताखी नहीं कर सकी. थक हार कर वरिष्ठों ने ज़्यादा भाव न खाकर मुझ पर रहम खाने का फैसला लिया और मुझे अंततः ' व्यंग्यं शरणं गच्छामि' का आशीर्वाद दे ही दिया.

## हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

*गोवा में आयोजित 54 वां इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल(इफ्फी)एक नई पहल के साथ अगले साल नवंबर तक के लिए समाप्त हो गया. इस वर्ष की नई पहल ओटीटी को लेकर थी. सरकार द्वारा घोषित स्वनियमन के बावजूद अमूमन किसी भी नियंत्रण से परे ओटीटी को पहली बार सरकार के स्तर पर यहां मान्यता देने की कोशिश की गई. बेस्ट ओटीटी सीरिज के अवार्ड के साथ ।15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में बने 32 प्रविष्टियों में राजकुमार हिरानी की अध्यक्षता में बनी जूरी के द्वारा पंचायत सीजन 2 पहले बेस्ट ओटीटी अवार्ड से सम्मानित हुई.*

## ग्रामीण सहजता हुई सम्मानित-पंचायत 2

# बदली बदली सी गांवों की हवा




### सोंधी और वास्तविक तस्वीर

वास्तव में हिंसा और अश्लीलता में उबडुब होते वेबसीरिजों के बीच 2000 में अमेजन प्राइम पर गांव की सहजता और सरलता की कथा लेकर 'पंचायत' किसी ठंडी बयार की तरह आयी थी. दर्शकों ने थोड़े चकित भाव से इसे देखा और सराहा था. अपने जैसे लोग, अपने जैसा वातावरण, अपनी जैसी बोली, अपने जैसा गांव. स्वभाविक था दो वर्षों के बाद जब 'पंचायत' सीजन2 आया, तो दर्शक जैसे पलक पांवडे बिछाए थे. वास्तव में वेबसीरिज की स्याह दुनिया में खोए दर्शकों को यह गांव की सहजता, सरलता और नैतिकता आकर्षित कर रही थी, तो उसकी वजह है कहीं न कहीं हमारे मन के कोने में अच्छाई और बेहतरी की उम्मीद बची है.

### पहुंचता बहुत कुछ अनकहा

'पंचायत' सीजन2 के केन्द्र में भी फुलेरा की पंचायत, प्रधान और उसके सचिव हैं, उनकी छोटी छोटी समस्याएं और उतने ही सरल समाधान हैं. लेकिन कोई भी बेहतर कृति सिर्फ वही नहीं कहती, जो कहना चाहती है, बहुत कुछ अनकहा भी दर्शकों तक संप्रषित करने में सक्षम होती है. आश्चर्य नहीं कि 'पथेर पांचाली' जैसी फिल्मों की व्याख्या आज तक हो रही है, और नए नए संदर्भ रेखांकित किए जा रहे हैं. 'पंचायत' सीजन2 पथेर पंचाली की तरह महान भले ही न हो, इतनी खूबसूरती से अवश्य बनायी गई है कि अपने स्वभाविक रौ में दर्शकों तक वह भी पहुंचाने में सक्षम होती है, जो शायद इसकी कहानी का हिस्सा लगता नहीं. महिला आरक्षण की नीतियों के कारण फुलेरा पंचायत के प्रधान तो मंजू देवी चुनी जाती हैं, लेकिन प्रधान उनके पति ही कहे जाते हैं, और काम भी वही करते हैं. लेकिन 'पंचायत सीजन2' इसे नीतियों की असफलता के रुप में नहीं रेखांकित करती, बल्कि यह स्थापित करती है कि समय के साथ निर्णय में मंजू देवी का हस्तक्षेप बढ रहा है. यहां तक कि प्रधान कहे जाने वाले उनके पति भी अपनी बेटी से कहते हैं, मां अब राजनीति के दांवपेंच समझने लगी है वह विधायक से गांव के विकास के लिए स्वयं बात करना चाहती है. 'पंचायत' सीजन2 में जो सबसे महत्वपूर्ण संदेश ध्वनित होता है, वह है ग्रामीण परिवारों में भी बेटियों की बढती अहमियत. प्रधान की एक ही संतान है, रिंकी. रिंकी और प्रधान बमुश्किल तीन चार दृश्यों में साथ दिखते, लेकिन बाप बेटी का यह रिश्ता बहुत प्यार और सहजता से परिवार और समाज में हो रहे बदलाव को संप्रेषित कर जाता है.

**'पंचायत'सीजन2 कहीं भी महिला सशक्तीकरण का स्लोगन नहीं देती, लेकिन ग्रामीण समाज में लडकियों की स्थिति में आए बदलाव को बहुत ही सहजता से संप्रेषित करती है. शायद यही सहजता होगी, जो 'पंचायत'सीजन2 को निर्विवाद सर्वश्रेष्ठ बनाती है.**



#### पंचायत सीजन 2

**कलाकार**
रघुवीर यादव , नीना गुप्ता , जितेंद्र कुमार चंदन रॉय , फैसल मलिक , पूजा झा और पूजा सिंह

**लेखक**
चंदन कुमार

**निर्देशक**
दीपक कुमार मिश्र

**निर्माता**
टीवीएफ फिल्म्स

**ओटीटी**
अमेजन प्राइम वीडियो



### बदलाव की सुखद बयार

गांव में रामधुन के लिए चंदा देना है, पत्नी बीस हजार बोल रही है, प्रधान दस देना चाहते हैं, घर के निर्णय में बेटियों की सहमति जरुरी है, प्रधान बेटी से पूछते हैं, बेटी भी अधिकार के साथ अपना निर्णय देती है. पिता के फोन के रिंगटोन में रिंकी... सुनाई देती है, रिंकी के विवाह की बात चलती है तो वे लडके पर उसकी राय भी लेते हैं. अद्भुत है रिंकी का चरित्र एकदम सामान्य पारिवारिक ग्रामीण लडकी, लेकिन उसके हर व्यवहार में जो आत्मविश्वास छलकता दिखता, कुछ कहने की जरुरत नहीं रह जाती. वह जींस पहनती है, स्कूटी चलाती है, शहर के रेस्टोरेंट में समोसे खाने जाती है. अपने हमउम्र पंचायत सचिव को यह नजर बचा कर हाय भी करती है.

## जन्मदिन आज : बोमन ईरानी

# वेटर बन गया डॉ अस्थाना



वायरस से बटुक तक के किरदारों के जरिए सिल्वर स्क्रीन में अपनी सशक्त छाप छोड़ने वाले बोमन ईरानी का आज जन्मदिन है. बलराज साहनी जैसे कलाकारों ने चरित्र अभिनेताओं की जो एक अलग और मुक्कमल फ्रेम बनाई, बोमन ईरानी उस फ्रेम में फिट नजर आते हैं. फिल्मों में छोटे-छोटे किरदारों में जानफूंक उसे जीवंत बना दिया. 3 इडियट्स, डॉन, डॉन 2, हैप्पी न्यू ईयर, संजू, लगे रहो मुन्ना भाई, हाउसफुल, पीके, जॉली एलएलबी और हाउसफुल 3, खोसला का घोसला, शिरीद फरहाद की तो निकल पड़ी, रनवे जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुके हैं. उनकी भूमिकाओं की तरह ही उनके वास्तविक जीवन के भी कई रंग नजर आते हैं. आज 2 दिसंबर को उनके जन्मदिन के मौके पर आइए उनके जीवन के इन्हीं जाने-अनजाने रंगों से रूबरू हों-

**वेटर का किया काम :** 2 दिसंबर 1959 को पारसी परिवार में जन्मे बोमन ईरानी का संघर्ष 6 महीने की नन्हीं उम्र से ही शुरू हो गया जब उनके पिता का निधन हो गया. मां घर में चिप्स बनाती. एक बेकरी की दुकान भी चलाती थीं. इसी दुकान से होने वाली आय से मां ने बोमन सहित चार बच्चों की परवरिश की. बोमन ईरानी ने 17 साल की उम्र में वेटर का कोर्स किया. फिर वेटर की नौकरी भी की. करीब 2 साल तक उन्होंने होटल में वेटर और होटल रूम सर्विस का काम किया. मां की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी. मां दुकान पर अब नहीं बैठ सकती थीं, सो उन्होंने अपनी बेकरी शॉप पर बैठना शुरू किया. इसी से उनके परिवार का खर्चा चलता. ऐसे ही जिंदगी के 12 साल गुजर गए. इसीबीच बोमन ईरानी की शादी भी हो गई. पर रचनात्मकता की तलब इस बीच उन्हें बेचैन करती रही. फोटोग्राफी और थिएटर में उन्हीं दिनों हाथ पांव मारने शुरू किए.

### फोटोग्राफी के लिए बेचे पत्नी के जेवर

फोटोग्राफी का शौक तो शुरू से था, पर कैमरा लंबे समय तक अर्थाभाव में नहीं खरीद सके. वेटर बनने के बाद पहली बड़ी खरीदारी कैमरे की ही की और इसके साथ एक फोटोग्राफर के तौर पर भी जिंदगी का सफर शुरू हुआ. बात केवल कैमरा खरीदने और फोटो क्लिक करने तक सीमित नहीं रही. मुम्बई में एक स्टूडियो लोन लेकर तैयार किया. स्टूडियो नहीं चला, इससे उनकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ गई. बोमन को चिंतित देख उनकी पत्नी ने अपने गहने देते हुए कहा कि इसे बेच दो. ये इन्हीं दिनों के लिए होते हैं. पत्नी के गहने बेचकर बोमन ने स्टूडियो का बकाया पूरा किया.

### इस एक मुलाकात ने बदल दी जिंदगानी

बोमन ईरानी जब फोटोग्राफर के तौर पर काम कर रहे थे, तब उनकी मुलाकात मशहूर कोरियोग्राफर श्यामक डावर से हुई. श्यामक डावर ने बोमन ईरानी को एक थिएटर डायरेक्टर से मुलाकात करवाई थी. इसके बाद एक्टर को थिएटर की दुनिया जम गई और फिर वह कई सालों तक वहां बतौर थिएटर एक्टर काम किया और खूब पॉपुलैरिटी कमाई. इस तरह बोमन ईरानी की उम्र 35 साल हो गई. एक बार उनका प्ले देख फिल्ममेकर विधु विनोद चोपड़ा ऐक्टर से इतने प्रभावित हुए कि बोमन ईरानी को अपनी फिल्म ऑफर कर दी.

**अंग्रेजी फिल्मों से एंट्री :** वर्ष 2001 में बोमन ईरानी को दो इंग्लिश फिल्मों में काम करने का मौका मिला. ये फिल्में थीं लेट्स टॉक और एवरीबॉडी सेज आई एम फाइन. वर्ष 2003 में बोमन ईरानी ने फिल्म 'डरना जरूरी है' में सैफ अली खान के साथ काम किया. साइको किलर के किरदार में बोमन ईरानी छा गए थे. इसके बाद ही वह फिल्म मिली जो उनके करियर को एक लंबी छलांग दी. यह फिल्म थी संजय दत्त की 'मुन्ना भाई एमबीबीएस'. इस फिल्म में बोमन ने डॉक्टर अस्थाना का किरदार निभाकर बॉलीवुड में अपना सशक्त हस्ताक्षर कर दिया.

## सोशल मीडिया पर आज एनिमल ही एनीमल

# " फर्स्ट हाफ इज किलिंग "

लंबे समय से जिस फिल्म की लोगों को प्रतीक्षा थी, वह फिल्म आज रिलीज हो गई है. रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल स्टारर एनिमल आखिरकार सिनेमाघरों में आ गई है और सोशल मीडिया पर पहली प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं. शुरुआती ऑनलाइन प्रतिक्रियाएं काफी हद तक सकारात्मक हैं, नेटिजन्स ने रणबीर की जमकर तारीफ की और फिल्म को मेगा ब्लॉकबस्टर घोषित किया. संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर की परफॉर्मेंस से दर्शक काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, "इस मास्टरपीस को देखना मिस ना करें" वहीं एक और ने फिल्म से एक फाइटिंग सीन का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, "इस फाइटिंग सीन ने सिनेमाघरों में धूम मचा दी है." एक यूजर ने लिखा है, 'क्या बात है फर्स्ट हाफ इज किलिंग... स्टोरी लाइन बेमिसाल.' दूसरे फैन ने लिखा, 'अभी एनिमल देख रहा हूं. मैं बहुत उत्साहित और बहुत घबराया हुआ हूं, उम्मीद है कि फिल्म बहुत अच्छी होगी, पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म की तरह शो हाउसफुल है.' एक यूजर ने लिखा, एनिमल की शुरुआत रणबीर मोंटाज लुक से होती है और इसके बाद बचपन का एपिसोड आता है. ब्लड बाथ की तर्ज पर बताई गई पिता पुत्र की कहानी. कभी बोर नहीं होने देती. एक्शन का भरपूर आनंद.



### यह सीन हो रहा वायरल

इस फिल्म का इंटरवल से पहले का एक सीन तेजी से वायरल हो रहा है, जिसकी लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. इस सीन में रणबीर सिंह जांबाज की तरह कई लोगों को अकेले ढेर करने के बाद जमीन पर लेटे हुए नजर आ रहे हैं. 'एनिमल' के लिए रणबीर ने भी खूब मेहनत की और अपने किरदार को घोल कर पी गए. फिल्म के इस सीन को देखकर पता चल रहा है कि उन्होंने अपने रोल पर कितना काम किया.

### एडवांस बुकिंग से 20 करोड़ की कमाई

फिल्म ने शुक्रवार सुबह तक 12,539 शो के लिए 7,45,992 टिकट बेचे. एक रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल ने एडवांस बुकिंग में करीब 20 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. जहां हिंदी शो के लिए 5,75,197 टिकट बेचे गए हैं, वहीं तेलुगु शो के लिए 1,63,361 टिकट खरीदे गए हैं.

### यहां फ्री में ऑनलाइन उपलब्ध एचडी क्वालिटी फुल मूवी

कल फिल्म रिलीज हुई और कल ही यह ऑनलाइन फ्री में उपलब्ध हो गई. रिलीज के पहले ही दिन फिल्म लीक होने से बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर पड़ने की आशंका है. एनिमल फिल्म टोरेंट वेबसाइटों, तमिलरॉकर्स, टेलीग्राम और मूवीरुलज़ पर मुफ्त डाउनलोड करने के लिए एचडी क्वालिटी में ऑनलाइन लीक हो गई है. फुल मूवी एनिमल के पायरेटेड वर्जन को कई अमान्य साइटों पर उपलब्ध करा दिया गया, जिससे लोग इसे मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं और ऑनलाइन देख सकते हैं. फिल्म के एचडी प्रिंट अब मुफ्त में डाउनलोड किए जा सकते हैं. गौरतलब है कि टाइगर 3, 12वीं फेल, यूटी 69, आर्या 3, तेजस, गणपथ, द वैक्सीन वॉर, द ग्रेट इंडियन फैमिली और अन्य जैसी कई फिल्में भी ऑनलाइन पायरेसी का शिकार हुई हैं और इससे फिल्म मेकर्स को नुकसान हुआ था.

### यह है कहानी

'एनिमल' पिता-पुत्र के खुबसूरत रिश्ते पर आधारित है. यह अर्जुन सिंह ( रणबीर कपूर) की कहानी है, जो अपने पिता को खुश करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है. रणबीर अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक कुछ भी कर सकते हैं. बाद में, उसका ये जुनूनी प्यार ही उसे एक खतरनाक इंसान में बदल देता है.

**इतिहास बन गया**

एनिमल फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में एक मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है. इसके साथ, यह उपलब्धि हासिल करने वाली उत्तरी अमेरिका में संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म पहली हिंदी फिल्म बन गई है. यह जानकारी एनिमल के आधिकारिक एक्स हैंडल से प्राप्त हुई. एनिमल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा गया है,-"इतिहास बन गया!! #एनिमल ने नॉर्थ अमेरिका में 1 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया, इसका प्रीमियर शाम 5 :30 बजे पीएसटी पर होगा! यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली हिंदी फिल्म! टूटेंगे कई और रिकॉर्ड!"

# सैम बहादुर हुई ऑनलाइन लीक




मेघना गुलजार निर्देशित विक्की कौशल की 'सैम बहादुर' को रिलीज के पहले ही दिन धक्का लगा है. ऑनलाइन तमिलरॉकर्स, मूवीरुलज, तमिलएमवी, फिल्मीज़िला, इबोम्मा आदि जैसी टोरेंट वेबसाइटों ने 'सैम बहादुर' के एचडी प्रिंट लीक कर दिए हैं. ऐसे में सैम बहादुर के मेकर्स ही नहीं बल्कि विक्की कौशल के फैंस के लिए भी फिल्म का ऑनलाइन लीक होना बड़ी निराशा है. फिल्म के ऑनलाइन लीक होने से फिल्म की कमाई पर भारी असर देखने को मिल सकता है.
फिल्म में मुख्य कलाकार के तौर पर विक्की कौशल के अलावा सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख में नजर आ रहे हैं. मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित पीरियड ड्रामा में विक्की ने भारत के पहले फील्ड मार्शल की मुख्य भूमिका निभाई है.

# ये मोये-मोये क्या है!

**इन दिनों हर किसी पर 'मोये-मोये' का खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है. इंस्टा हो या फेसबुक, स्क्रॉल करते ही आपको ये वीडियो और इस पर बनी रील दिख ही जाएगी. वहीं सड़कों पर आम जनता तो कार्यक्रमों में सेलेब्स भी 'मोये-मोये' करते नजर आ रहे हैं. आखिर ये 'मोये-मोये' है क्या, अचानक से कैसे ट्रेंड में आ गया और लोगों की जुबान पर छा गया.**



### 58 मिलियन व्यूज, 1.1 मिलियन लाइक्स

ये ट्रेंड सर्बियाई गाने 'मोरे मोरे' के बाद वायरल हुआ है. असली गाने का टाइटल डेज़नम है. वायरल सॉन्ग को सर्बियाई सिंगर तेया डोरा ने अपनी आवाज दी है. 8 महीने पहले रिलीज हुए गाने को यूट्यूब पर अब तक 58 मिलियन व्यूज और 1.1 मिलियन लाइक्स मिल चुके हैं. अब इंडिया में इसका क्रेज किस तरह लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है. वो साफ देखा जा सकता है.

### क्या है गाने का मतलब

डेज़नम एक दर्दभरा इमोशनल सॉन्ग है. मीडिया रिपोर्ट्स से प्राप्त जानकारियों के मुताबिक असल में मोये मोये शब्द सर्बियाई गीत से लिए गए हैं. गीत में तो ये 'मोये मोरे' है, लेकिन भारत में इसका उच्चारण 'मोये मोये' किया जा रहा है. सर्बियाई में इसका मलतब एक बुरा सपना होता है. गीत में संदेश है कि बुरे सपने आने के बावजूद जिंदगी में उम्मीद का दामन नहीं छोड़ना चाहिए. अगर आपका सपना अधूरा रह गया है, तो भी जिंदगी को लेकर हार मत मानिए. बुरे सपनों और निराशा पर काबू पाकर हम चीजों को बेहतर बना सकते हैं. आज भले ही पब्लिक गाने पर जमकर मीम बना रही है. पर असल में इस गाने का मतलब काफी गंभीर है.
बहरहाल, गाना जिस तरह से सोशल मीडिया पर छाया है, उससे इसकी सिंगर काफी खुश हैं. तेया डोरा ने वायरल गाने को लेकर अपनी खुशी जताते हुए कहा- मैं खुश हूं कि फाइनली सर्बियाई गाने को अपनी पहचान मिल रही है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**जातीय रैलियों की आयी बहार : लोस चुनाव जितना करीब आता जा रहा, जातीय गोलबंदी उतनी ही तेज हो गयी है**

# जातीय गोलबंदी में जुटे महागठबंधन और एनडीए के घटक दल

ज्ञानवर्द्धन मिश्र । पटना

बिहार की सियासत में जाति सबसे बड़ा सत्य है. यह ऐसा सच है, जिसके आगे सारे वादे और दावे फीके पड़ जाते हैं. जातीय गोलबंदी के बिना बिहार की सियासत को साध पाना संभव नहीं. यही वजह है कि 2024 लोकसभा चुनाव जितना करीब आता जा रहा, जातीय गोलबंदी उतनी ही तेज हो गयी है. न केवल सत्ताधारी दल बल्कि विपक्ष भी किसी न किसी महापुरुष के नाम पर उनके स्वजातियों का सम्मेलन करने से बाज नहीं आ रहा है. इसी कड़ी में संविधान दिवस के असर पर बाबा भीमराव आंबेडकर की स्मृति में भव्य 'भीम संसद' का आयोजन जदयू की ओर से किया गया. भाजपा ने हाल ही में स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर भूमिहार वोटों को एकजुट करने की कोशिश की थी. साथ ही गोवर्धन पूजा पर 'यदुवंशी समाज मिलन सम्मेलन' के जरिए बड़ी संख्या में यादव समुदाय के लोगों को पार्टी में शामिल करके राजद के प्रभावशाली वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की. इसके अलावा भाजपा ने 25 नवंबर को स्वतंत्रता सेनानी झलकारी बाई की जयंती समारोह के बहाने अनुसूचित जातियों के वोटों को साधने की कोशिश की.

जातीय गोलबंदी में सिर्फ भाजपा या एनडीए के घटक दल ही नहीं जुटे हैं, बल्कि सत्तारूढ़ महागठबंधन के घटक दल भी अपने पक्ष में जातीय गोलबंदी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे.

जदयू की 'भीम संसद' को इसी क्रम में देखा जा सकता है. जदयू ने 'भीम संसद' के माध्यम से दलित वोटों को साधने की पूरजोर कोशिश की है. इससे पूर्व पूर्व सांसद आनंद मोहन के पितामह की स्मृति में उनके सहरसा स्थित गांव में विशाल क्षत्रिय सम्मेलन ही हुआ कहा जाता है. दूसरी तरफ, 'भीम संसद' में उमड़ी भीड़ ने विपक्ष को चिंतित कर दिया है. इस बाबत पूर्व उप मुख्यमंत्री सम्प्रति राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी का आरोप है कि जदयू के भीम संसद में सरकारी मशीनरी का भारी दुरुपयोग कर भीड़ जुटाने का प्रयास किया गया. दलित बस्तियों में काम करने वाले 'विकास मित्र', 'टोला सेवक', 'तालिमी मरकज' के हजारों कर्मियों को प्रलोभन देकर भीड़ जुटाई गई कि उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा और वेतन वृद्धि दी जाएगी.

मोदी ने कहा कि देश के सबसे बड़े दलित नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान को राज्यसभा में जाने का विरोध करने और उनकी जाति पासवान को महादलित से अलग करने, मुसहर के नेता जीतन राम मांझी को अपमानित कर मुख्यमंत्री से हटाने और फिर विधानसभा में तुम-ताम और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वाले नीतीश कुमार को बिहार का दलित कभी माफ नहीं करेगा. हम पार्टी के अध्यक्ष और राज्य के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी का कहना था कि भीम संसद में यदि नीतीश कुमार घोषणा करते कि उनके मंत्रिमंडल में दलितों को उनकी आबादी के मुताबिक शामिल किया जायेगा या राज्य में आरक्षित पदों की रिक्त सीटों (बैक लॉग) को भरा जायेगा, तभी माना जाता कि यह असल में भीम संसद है लेकिन यह तो 'चेहरा चमकोउ संसद' साबित हुआ. वहीं, सांसद चिराग पासवान का कहना था कि जिस पार्टी के नेता की मानसिकता दलित विरोधी है वह पार्टी खुद को दलितों का सबसे बड़ा हितैषी बता रही है. दलित समाज के नेता और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के लिये सदन में जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मानसिकता को दर्शाता है.

भीम संसद के जवाब में भाजपा 7 दिसंबर को मिलर स्कूल मैदान में अंबेडकर जयंती मनाने जा रही है. इस कार्यक्रम के बहाने भाजपा दलितों में अपनी पैठ दिखाना चाहेगी और समारोह में भारी भीड़ जुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी. बिहार में यह तो अभी शुरुआत है, महापुरुषों के नाम पर जातीय रैलियां अभी और रफ्तार पकड़ेगी. तमाशा अभी बाकी है.

**आओ जानें**

## उत्पाद एवं मद्य निषेध

| | |
|---|---|
| कुल प्राप्त राजस्व | 0000 |
| कुल छापेमारी की संख्या | 101385 |
| कुल दर्ज अभियोग की संख्या | 14150 |
| गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या | 7775 |
| कुल जेल | 7775 |
| कुल अवैध देसी शराब जब्त | 178050.1 |
| कुल जब्त अवैध सुधा (लीटर में) | 158112.1 |
| कुल जब्त अविस (लीटर में) | 710089.1 |
| कुल जब्त बियर (लीटर में) | 23904.2 |
| कुल जब्त अचुस (लीटर में) | 249136.5 |
| कुल जब्त अजाम (क्विंटल में) | 42599.2 |
| कुल जब्त अवैध महुआ फूल (क्विंटल में) | 1245.8 |
| कुल जब्त मसालेदार देसी शराब | 10948.7 |
| कुल जब्त पॉली फिल्म | 309.1 |

(01.01.2020 to 31-12-2020)

**ब्रीफ खबरें**

### मारपीट में गर्भवती सहित पांच घायल

**नवादा** । जिले में अंधविश्वास के चक्कर में शुक्रवार को सात महीने की गर्भवती महिला सहित पांच लोगों के साथ जमकर मारपीट की गई है. मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में ओझा का आरोप लगाकर इसी परिवार के पांच लोगों के साथ जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है. सभी घायलों को नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गांव के ही पड़ोसी में रह रहे चचेरे भाई ने अपने ही भाई पर ओझा-गुणी का आरोप लगाकर परिवार के साथ मारपीट किया है. घायलों में सात महीने की एक गर्भवती महिला भी शामिल है.

### मजिस्ट्रेट ने पानी मांगा तो भिड़ गए पुलिसकर्मी

**पटना** । सुरक्षा व्यवस्था में तैनात मजिस्ट्रेट को अपने पुलिसकर्मियों से पानी मांगना महंगा पड़ गया. मजिस्ट्रेट ने जैसे ही कहा कि पानी ला कर दो तो पुलिसकर्मी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिए और उलझ गए. पुलिसकर्मियों ने कहा मैं क्यों पानी लाकर दूं. मैं सरकार का नौकर हूं, आपका पर्सनल नौकर नहीं हूं. दरअसल, गुरुवार को पटना के दीघा घाट पर पशु एवं मत्स्य विभाग द्वारा गंगा नदी में 1 लाख 5 हजार मछली के बच्चे को छोड़ने का कार्यक्रम था. इसके लिए मजिस्ट्रेट बीपी गुप्ता को रखा गया था.

**केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने की सीएम से मांग**

# बिहार में अवैध मदरसों की भरमार, इन्हें बंद करें

- देश के आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है बिहार का अवैध मस्जिद और मदरसा

संवाददाता । बेगूसराय



केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के सीमांचल में तेजी से बढ़ रहे अवैध मस्जिद और अवैध मदरसा को लेकर बिहार सरकार से तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग मुख्यमंत्री से किया है. गिरिराज ने शुक्रवार को कहा है कि बिहार सरकार तत्काल मदरसों पर रोक लगाएं. सीमांचल की हालत देखकर लगता है कि ना धर्म बचेगा और ना ही धन. बिहार में लगभग तीन हजार मदरसे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए.

धार्मिक ब्रेनवाश की जगह प्रगतिशील शिक्षा दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि बिहार में अवैध मस्जिद और अवैध मदरसों की बाढ़ आ गई है. बिहार, बांग्लादेश और नेपाल के बॉर्डर से सटा हुआ है. इन बॉर्डर सीमांचल इलाकों में और अधिक कब्जा हो गया है. यह सिर्फ बिहार ही नहीं, देश के आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है. पीएफआई बिहार में काफी सक्रिय है, बिहार में मुसलमान की आबादी 18 प्रतिशत है. इस अवैध कब्जे को बंद कर मस्जिदों में विज्ञान की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तुरंत कार्रवाई करते हुए इस अवैध मस्जिद और मदरसों को बंद कराएं. वोट के लालच में बहुत हो गया है. नीतीश कुमार अब बिहार और देश के आंतरिक खतरों पर विचार करें. अगर ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बिहार के लोगों का धर्म, धन और संस्कृति खतरा में पड़ जाएगा. इसके लिए दोषी होंगे नीतीश कुमार और लालू यादव. नीतीश कुमार तुष्टिकरण की इस निंद्रा से उठें और देश को आंतरिक सुरक्षा के खतरा से सुरक्षित करें.

**लखीसराय गोलीकांड**

### मुख्य आरोपी अभी तक फरार है : विजय सिन्हा

**लखीसराय** । जिले में बीते 20 नवंबर को कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ला में हुई फायरिंग की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी. इस घटना को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया. इस धरना कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे. सिन्हा ने कहा कि अब तक इस मामले का मुख्य आरोपी आशीष चौधरी पुलिस गिरफ्त से बाहर है. पुलिस ने पीड़ित परिजनों को अब तक न तो मुआवजा और न ही सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है. ये घटना सरकार और पुलिस प्रशासन की विफलता है.
सिन्हा ने कहा कि घटना के 12 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है.

### उज्बेकिस्तान की महिला इंडो-नेपाल बॉर्डर पर गिरफ्तार

**मधुबनी** । इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल ने उज्बेकिस्तान की एक महिला को भारतीय सीमा में प्रवेश करने के दौरान पकड़ा है. बताया जा रहा है कि टीम ने भारत-नेपाल सीमा के स्तंभ संख्या 246 के पास कस्टम चेकपोस्ट पर इस महिला को बिना दस्तावेज के अवैध तरीके से दाखिल होते हुए पकड़ा है. महिला के पास से फर्जी आधार कार्ड के साथ ही कई देशों की करंसी और सिक्के सहित कई सामान बरामद हुए हैं. एसएसबी इंस्पेक्टर राजकुमार ने इस बारे में जानकारी दी है. महिला की पहचान खुजेवा जिलोला के रूप में की गई है.

### एसकेएमसीएच में मरीज के अटेंडेंट से दुष्कर्म

**मुजफ्फरपुर** । मुजफ्फरपुर के श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) में मरीज के एक अटेंडेंट से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है. पुलिस के मुताबिक, रामपुरहरि थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय पीड़िता एसकेएमसीएच में भर्ती एक रिश्तेदार से मिलने आई थी. आरोप है कि बुधवार की रात वह परिसर में टहल रही थी, तभी एक युवक आया और उसको जबरदस्ती बिल्डिंग के पीछे ले गया और नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया.

# टनल में फंसे 5 मजदूर पटना पहुंचे, स्वागत

संवाददाता । पटना



बिहार सरकार ने फजीहत के बाद शुक्रवार को उत्तरकाशी के टनल में 17 दिनों तक फंसे रहने वाले बिहार मूल के मजदूरों की वापसी पर स्वागत के लिए अपने श्रम मंत्री को पटना एयरपोर्ट पर भेजा. पटना हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए राज्य के श्रम संसाधन मंत्री सुरेन्द्र राम मौजूद रहे. सभी श्रमिकों को फूल-माला से जोरदार स्वागत किया गया. उत्तराखंड में टनल से रेस्क्यू किए गए बिहार के पांच मजदूरों को पटना लाया गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सभी मजदूरों को बिहार सरकार अपने स्तर पर पटना लाई और यहां से विशेष वाहनों से उन्हें अलग-अलग जिलों में भेजा गया. मजदूरों ने बताया कि वे कैसे 17 दिनों तक सुरंग में अपना जीवन बिताये. उन्होंने कहा कि पहले 24 घंटे उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी. बाद में सभी को अलग-अलग प्रकार की सुविधाएं मिलने लगी तो उन्हें उम्मीद जग गई कि जल्द ही वे सुरंग से बाहर आ जाएंगे. मजदूरों ने कहा कि इस दौरान उन्हें खाना, कपड़ा और अन्य प्रकार की चीजें आती रही जिससे सुरंग की विषम परिस्थिति में 17 दिन बिताना आसान हुआ.

## अनियंत्रित वाहन ने तीन को रौंदा, 2 लोगों की मौत

**औरंगाबाद** । रफीगंज शिवगंज पथ पर गुरुवार की देर रात अनियंत्रित वाहन ने तीन को रौंद दिया. इस हादसे में दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. मृतकों की पहचान रामस्वरूप यादव के पुत्र रवि कुमार और रामाशीष यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है, जबकि घायल की पहचान ऋतिक कुमार के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार ऋतिक और नीतीश रफीगंज से अपने बाइक से घर वाजिदपुर लौट रहे थे. इस दौरान अमीर बिगहा मोड़ के पास दोनों की मुलाकात उनके ही गांव वाजिदपुर के रवि से हुई और तीनों ने बाइक रोकी और सड़क किनारे बात करने लगे. इसी दौरान शिवगंज की तरफ से तेज रफ्तार वाहन ने तीनों को रौंद दिया. इस सड़क हादसे में रवि और नीतीश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने रवि और नीतीश को मृत घोषित कर दिया.

### पूर्व मध्य काल की प्राचीन मूर्ति मिली, लोगों ने शुरू की पूजा

**मुजफ्फरपुर** । मुजफ्फरपुर जिले में जमीन के भीतर से पूर्व मध्य काल की प्राचीन मूर्ति मिली है. जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई. मूर्ति मिलने की सूचना पर वहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई. लोगों ने मूर्ति को उठाकर एक पीपल के पेड़ के नीचे रख दिया. जिसके बाद आस-पास के लोग अब उसकी पूजा-अर्चना कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि मूर्ति सकरा प्रखंड के गनियारी मध्य विद्यालय के पास मिली है. लोगों ने मूर्ति को मध्य विद्यालय के पास ही कदाने नदी के किनारे रख दिया है.

**कारोबार**

### कोयला उत्पादन 11.5% बढ़कर 46 करोड़ टन हुआ

**नयी दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में कोयला उत्पादन 11.5 प्रतिशत बढ़कर 46 करोड़ टन रहा. सीआईएल का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है. कंपनी के बयान के अनुसार एक साल पहले समान अवधि में कोयला उत्पादन 41.25 करोड़ टन था. कंपनी के अनुसार, कोल इंडिया 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वार्षिक मांग दर 10.2 प्रतिशत से आगे है. पिछले वर्ष समान अवधि में कोयला उत्पादन 41.25 करोड़ था.

### वीईसीवी की नवंबर में बिक्री करीब 6% बढ़ा

**नयी दिल्ली** । आयशर मोटर्स लिमिटेड की इकाई वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की नवंबर में कुल बिक्री 5.9 प्रतिशत बढ़कर 5,194 इकाई रही. आयशर मोटर्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वोल्वो ग्रुप तथा आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स ने नवंबर 2022 में 4,903 वाहन बेचे थे. नवंबर 2023 की बिक्री में आयशर ब्रांड की 4,989 इकाइयां और वोल्वो ब्रांड की 205 इकाइयां शामिल हैं. घरेलू वाणिज्यिक वाहन बाजार में आयशर ब्रांड के 4,686 ट्रक और बस बेचे गए.

### मारुति की कुल बिक्री 3.39 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली** । मारुति सुजुकी इंडिया की नवंबर 2023 में कुल बिक्री 3.39 प्रतिशत बढ़कर 1,64,439 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,59,044 इकाई थी. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और तीसरे पक्ष की आपूर्ति सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने 1.57 प्रतिशत बढ़कर 1,41,489 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,39,306 इकाई थी. घरेलू स्तर पर यात्री वाहन (पीवी) की कुल बिक्री 1.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले महीने 1,34,158 इकाई रही.

**टेक्सास स्थित कंपनी की फैक्ट्री में हुए डिलीवरी, इवेंट में एलन मस्क ने पहले 10 कस्टमर्स को इसे सौंपा**

# इलेक्ट्रिक पिकअप साइबरट्रक की डिलीवरी अमेरिका में शुरू

भाषा । नयी दिल्ली



गुरुवार देर रात को टेक्सास में डिलीवरी की गई

आखिर लंबे इंतजार के बाद टेस्ला के मोस्ट अवेटेड साइबरट्रक की डिलीवरी शुरू हो गई. डेब्यू के 4 साल बाद टेस्ला ने अपने पहले इलेक्ट्रिक पिकअप साइबरट्रक की डिलीवरी अमेरिका में शुरू कर दी है. गुरुवार देर रात को टेक्सास शहर स्थित कंपनी की फैक्ट्री में हुए डिलीवरी इवेंट में कंपनी के सीइओ एलन मस्क ने पहले 10 कस्टमर्स को इसे सौंपा. एक बार फुल चार्ज करने पर इसमें मैक्सिमम 548 किमी तक की रेंज का दावा किया गया है. इसकी शुरुआती कीमत 50.85 लाख रुपए है. कंपनी ने बताया कि इसका सबसे सस्ता रियर-व्हील ड्राइव मॉडल 2025 तक अवेलेबल होगा. इसमें 402 किलोमीटर की रेंज मिलेगी.

अभी साइबरट्रक के तीन वैरिएंट रियर व्हील ड्राइव, ऑल-व्हील ड्राइव और साइबरबीस्ट में अवेलेबल है. इसे साल 2019 में अनवील किया गया था. इसको 39,900 डॉलर यानी करीब 33 लाख रुपये में लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब इसकी कीमत 50 लाख रुपए के पार पहुंच गई है. अब तक इसे करीब 19 लाख लोग बुक कर चुके हैं. इसमं कई तरह की खासियत हैं. टेस्ला के साइबरट्रक की बॉडी अल्ट्रा-हार्ड 30एक्स कोल्ड-रोल्ड स्टेनलेस स्टील से बनी है. इसका ओवरऑल डिजाइन बॉक्सी है. अन्य टेस्ला मॉडलों की तरह साइबरट्रक में भी इंजन नहीं होने की वजह से बोनट के नीचे एक फ्रंक मिलता है. यह एक तरह का छोटा सा स्टोरेज होता है. अपकमिंग इलेक्ट्रिक ट्रक के इंटीरियर की ओवरऑल स्टाइलिंग प्री-प्रोडक्शन यूनिट और कॉन्सेप्ट मॉडल की तरह है. इसका ओवरऑल इंटीरियर लुक यूनिक वाइट और ग्रे थीम पर बेस्ड है.

इसका डैशबोर्ड लेआउट अन्य टेस्ला मॉडलों की तरह नजर आ रहा है. इसके सेंटर में 17 इंच की बड़ी टचस्क्रीन डिस्प्ले दी गई है. स्टीयरिंग व्हील टिपिकल टेस्ला कारों जैसा ही चौकोर है.

टचस्क्रीन डिस्प्ले में बेड कवर, सस्पेंशन सेटिंग्स, स्टीयरिंग एडजस्टमेंट और विंग मिरर सेटिंग्स के लिए कंट्रोलर दिए गए हैं. इसके अलावा चाइल्ड लॉक, हेडलैंप, सेंट्री मोड, कार वॉश मोड और कुछ अन्य कंट्रोलर भी नजर आ रहे हैं. कंपनी के सीइओ एलन मस्क ने हाल ही में सायबरट्रक के बारे में बात करते हुए कहा था कि इलेक्ट्रिक पिकअप की इस समय काफी ज्यादा डिमांड है. इसे देखते हुए कंपनी मैक्सिमम कैपेसिटी के साथ सायबरट्रक की हर साल 3.75 लाख यूनिट बनाएगी. नए ऑर्डर करने वाले बायर्स को डिलीवरी के लिए 5 साल का इंतजार करना पड़ सकता है.

**साइबरट्रक बिक्री बढ़ाने में अहम रोल निभा सकता है :** बता दें कि मस्क ने 2019 में साइबरट्रक के लगभग 40,000 डॉलर (लगभग 33 लाख ) में बिकने की संभावना जताई थी. इसके बाद दस लाख से ज्यादा ग्राहकों ने 100 डॉलर के साथ इसकी बुकिंग कर डाली. जिसके आने में लगभग चार साल लग गए. टेस्ला का ये पहला नया मॉडल है, जो कंपनी की साख को बरकरार रखने के लिए जरुरी है. खासकर ऐसे समय में जब कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेगमेंट में अस्थिर डिमांड से जूझ रही है. साइबरट्रक बिक्री बढ़ाने में अहम रोल निभा सकता है. साइबरट्रक का सबसे ज्यादा रेंज देने वाला वेरिएंट लगभग 547 किमी तक की दूरी तय कर सकता है, ये रेंज एक्सटेंडर या एक्स्ट्रा बैटरी पैक के साथ है. जो इसकी रेंज को और बढ़ने में मदद करेगा. 2019 में मस्क ने इसके सिंगल चार्ज पर 800 या इससे ज्यादा रेंज देने में सक्षम होने की बात कही थी. साथ ही मस्क ने टेस्ला साइबरट्रक के 2025 में हर साल लगभग 250,000 यूनिट्स के उत्पादन तक पहुंचने की संभावना जाहिर की.

**हुई डिलीवरी**

- साइबरट्रक की शुरुआती कीमत 50.85 लाख रु. है
- सबसे सस्ता रियर-व्हील मॉडल 2025 तक आएगा



जेद्दा में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अभिनेता रणवीर सिंह और जॉनी डेप.

## विमान ईंधन की कीमत में 4.6% की कटौती

**नयी दिल्ली** । विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में शुक्रवार को 4.6 प्रतिशत की कटौती की गई. वहीं वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) का दाम 21 रुपये बढ़ाया गया है. हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम रखा गया है. सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में 5,189.25 रुपये या 4.6 प्रतिशत की कटौती की गई है. राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ का दाम 1,06,155.67 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है, जो पहले 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर था. विमान ईंधन की कीमतों में एक महीने में दूसरी बार कटौती की गई है.

**घोषणा** **भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा, 2,000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे**

# जनता के पास 2,000 रु. के कुल 9,760 करोड़ अब भी मौजूद

एजेंसी । मुंबई




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये के करीब 97.26 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं, जबकि ऐसे 9,760 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास मौजूद हैं. आरबीआई ने 19 मई को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी.

रिजर्व बैंक की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर चलन में रहे 2,000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था. 30 नवंबर 2023 को यह घटकर 9,760 करोड़ रुपये रह गया. आरबीआई के मुताबिक, इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के कुल नोट में से 97.26 प्रतिशत से अधिक अब वापस आ चुके हैं.

बयान में कहा गया, 2,000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे. लोग देश भर में आरबीआई के 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के बैंक नोट जमा करा सकते हैं या उन्हें बदल सकते हैं. लोग अपने 2,000 रुपये के नोट सीधे अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए उन्हें बीमाकृत डाक के जरिए रिजर्व बैंक के निर्दिष्ट क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज सकते हैं. इन नोट को बदलने या बैंक खातों में जमा कराने की समय सीमा पहले 30 सितंबर थी. बाद में यह समय सीमा सात अक्टूबर तक बढ़ा दी गई. बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय दोनों सेवाएं सात अक्टूबर को बंद कर दी गई थीं. इसके बाद आठ अक्टूबर से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा का आदान-प्रदान करने या उनके बैंक खातों में समतुल्य राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया था. इस बीच 2,000 रुपये के नोट को बदलने/जमा करने के लिए आरबीआई कार्यालयों में कामकाजी घंटों के दौरान कतारें देखी जा रही हैं. आरबीआई के यह 19 कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं.

**आशंका जतायी**

- 19 मई को 2000 रुपये वापस लेने की घोषणा की थी
- नोट जमा कराने की समय सीमा 30 सितंबर थी

**पंजाब सरकार ने की घोषणा**

# गन्ने की कीमत में 11 रुपये प्रति क्विंटल की हुई बढ़ोतरी

एजेंसी । चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को गन्ने की कीमत में 11 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की और कहा कि 391 रुपये प्रति क्विंटल की नई दर देश में सबसे अधिक है.

हालांकि, किसानों ने कहा कि गन्ने की कीमत में बढ़ोतरी बहुत कम है और राज्य सरकार के कदम को विश्वासघात करार दिया. मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही किसानों को आश्वासन दिया था कि उनके लिए अच्छी खबर आने वाली है. मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 11 रुपये की बढ़ोतरी के साथ नई दर 391 रुपये प्रति क्विंटल होगी, जो देश में सबसे अधिक होगी. सरकारी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने कहा कि पंजाब में 11 रुपये को 'शगुन' माना जाता है और उनकी सरकार ने किसानों को यह तोहफा दिया है. मान ने कहा कि उन्होंने किसानों के साथ हालिया बैठक के दौरान जो वादा किया था, उसे पूरा किया है.

▼ ब्रीफ खबरें

### डीडीसी ने जागरूकता रथ किया रवाना

**रामगढ़** । शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे वीआर जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया.यह जागरूकता वाहन जिले के प्रत्येक गांव में पहुंच कर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकरी योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी. कई लोगों ने जागरूकता रथ में लगे एलईडी स्क्रीन एवं वीआर बॉक्स का जायजा लिया.

### प्रशिक्षण शिविर में कई कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा** । 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन में कैडेटों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. शुक्रवार की कार्रवाई में कोडरमा जिला अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में विमान चंद्र मांझी, राम चंद्र महतो और किशोर कुमार पासवान के द्वारा कैडेटों को आग लगने के कारण एवं बचाव की जानकारी दी गई. उन्होंने कैडेटों को दौरान उपयोग होने वाले उपकरण तथा घरों में आग से बचाव की जानकारी दी.

### शहीद गौरी शंकर को बाउरी ने दी श्रद्धांजलि

**बोकारो** । शहीद गौरी शंकर सिंह की 9वीं शहादत दिवस शुक्रवार को बोकारो जिले के चास प्रखंड स्थित उनके पैतृक गांव महुदा में आयोजित किया गया. इस दौरान महुदा गांव में में लगे शहीद गौरी शंकर सिंह की आदमकद मूर्ती पर झारखंड सरकार के प्रतिपक्ष के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी, सीआरपीएफ 26 बटालियन के कमांडेंट टीके बनर्जी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर श्री बाउरी ने शहीद की मां का चरण वंदन करते हुए कहा कि आज अपार दुख के साथ हमें गौरव का भी एहसास हो रहा है,.

### झारबेड़ा के जंगलों में पहुंचा हाथियों का झुंड

**किरीबुरु** । सारंडा के झारबेड़ा गांव क्षेत्र के जंगलों में हाथियों का समूह आने से ग्रामीणों में भारी भय का माहौल है. पिछले कुछ महीनों से हाथी समूह में या एक-एक कर इसी क्षेत्र के जंगलों में निरंतर आना-जाना कर रहे हैं. झारबेड़ा निवासी मंगरा ने बताया की वह ज गांव से जंगल रास्ते पैदल खदान में ड्यूटी करने जा रहा था तभी हाथियों के समूह के ताजा पैरों के निशान और लीद ऊपर पहाड़ी पर देखा. हाथियों का यह समूह पहाड़ी की चोटी से नीचे की तरफ उतरा है. संभावना जताई जा रही है कि वह गांव क्षेत्र में भी आ सकता है.

### छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग

**हजारीबाग** । छात्र प्रतिनिधि अभिषेक राज के नेतृत्व में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में छात्र संघ चुनाव करवाने कि मांग को लेकर शुक्रवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय में छात्रों ने जमकर हंगामा किया.अभिषेक राज ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से विभावि में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए है.छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों के मुद्दे भी अत्र तत्र फाइलों में ही दफन है.सीनेट में भी छात्रों का कोई भी प्रतिनिधि पिछले पांच वर्षों से नहीं है जो की यूजीसी के नियमों का उल्लंघन विभावि के द्वारा किया जा रहा है.

# गोमिया के विधायक व पूर्व विधायक भिड़े, चली कुर्सियां

संवाददाता । बेरमो

गोमिया प्रखंड के बड़की सीधाबारा पंचायत के तुसको फुटबॉल मैदान परिसर में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान परिसंपत्तियों के वितरण को लेकर गोमिया के विधायक डॉ. लंबोदर महतो और पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के बीच भिड़ंत हो गई. दोनों के कार्यकर्ताओं की ओर से धक्का मुक्का हुई और एक दूसरे पर कुर्सी फेंकी गयी. जानकारी के अनुसार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था. पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण अपने-अपने आवश्यकता के अनुसार आवेदन पत्र जमा कर रहे थे.



### विधायक ने क्या कहा

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर ने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार स्थानीय विधायक परिसंपत्तियों का वितरण करने का अधिकार है. यह सवाल बीडीओ से पूछ रहे थे कि दूसरे लोग कैसे वितरण करेंगे.

### पूर्व विधायक ने क्या कहा

पूर्व विधायक सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि जब सरकार का यह कार्यक्रम फेल है तो क्यों परिसंपत्तियों का वितरण करने पहुंचे हैं. इसी बात पर टेबुल कुर्सी उलट दिया.

### प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं

इसी बीच वर्तमान विधायक डॉ. लंबोदर महतो कार्यक्रम में पहुंच गए. वहां पहुंचते ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कैसे परिसंपत्तियों का वितरण किया जा रहा है. प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है. इतना सुनते ही पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक से कहा कि उनकी सरकार है वह परिसंपत्तियों का वितरण कर सकते हैं. इसी बात को लेकर दोनों ओर से गरमा गरम बहस होने लगी. देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया. वहां पर मौजूद दोनों नेताओं के कार्यकर्ता भी बहस में शामिल हो गए. कुछ ही पल में दोनों ओर से धक्का मुक्की शुरू हो गई. वहां रखे टेबल कुर्सी भी चलने लगे. दोनों के कार्यकर्ताओं के बीच भी लात जूता चलने लगी. वहां मौजूद कुछ प्रबुद्ध लोग एवं प्रशासन के लोगों ने किसी तरह से दोनों नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं अलग किया, तब मामला को शांत हुआ. बता दे की विधायक और पूर्व विधायक के बीच बहुत पहले से ही तनातनी चली आ रही है. दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग पहले से ही चलती आ रही है. आज इसकी एक बानगी थी कि दोनों ओर से धक्का मुक्की तक पहुंच गई, लेकिन जिस प्रकार दोनों और से बहसबाजी होती है, आने वाले दिनों में इसका बड़ा रूप भी हो सकता है.

आओ जानें

## झारखंड : एक नजर

1. झारखंड राज्य गठन के पश्चात् कितने नए ब्लॉक बने -50
2. झारखंड की उपराजधानी कौन सी है ? -दुमका
3. झारखण्ड की जिलों के गठन के क्रम में 19 वा जिला कौन सा है ? -सरायकेला
4. झारखंड की जिलों के गठन के क्रम में 20 वा जिला कौन सा है ? -लातेहार
5. झारखंड की जिलों के गठन के क्रम में 21 वा जिला कौन सा है ? -जामताड़ा
6. झारखंड की जिलों के गठन के क्रम में 22 वा जिला कौन सा है ? -सिमडेगा
7. झारखंड की जिलों के गठन के क्रम में 23 वा जिला कौन सा है ? -खूंटी
8. झारखंड की जिलों के गठन के क्रम में 24 वा जिला कौन सा है ? -रामगढ़
9. झारखंड में कुल कितने नगर निगम है ? -8

दंगल 2024: गोड्डा लोकसभा सीट पर बदल रही सियासी हवा

# निशिकांत को भागलपुर भेज प्रदीप पर दांव लगा सकती है भाजपा

- गोड्डा से निशिकांत लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीते, प्रदीप लगातार 4 चुनाव हार चुके हैं

सत्य शरण मिश्रा । रांची





गोड्डा संसदीय सीट पर 2024 का दंगल दिलचस्प होने के आसार हैं. चुनाव से पहले कई संभावित समीकरण जन्म ले रहे हैं. निशिकांत दुबे भाजपा से लगातार तीन चुनाव जीत कर मजबूत दावेदारी पेश कर रहे, लेकिन इस बार चर्चा कुछ और ही है. सियासी गलियारे में चर्चा जोरों पर है कि विधायक प्रदीप यादव जल्द ही भाजपा में वापसी कर सकते हैं. इसके बाद भाजपा उन्हें गोड्डा से चुनाव लड़वा सकती है और निशिकांत दुबे को भागलपुर सीट से चुनाव लड़वाया जा सकता है. भागलपुर सीट को जदयू से छीनने के लिए भाजपा यह प्रयोग कर सकती है. दरअसल भागलपुर के लिए भाजपा के पास बड़ा चेहरा नहीं. 2004 में सुशील मोदी और फिर 6 के उपुनाव और 2009 के चुनाव में शाहनवाज हुसैन वहां से जीते, लेकिन इसके बाद 2014 और 2019 में यह सीट राजद और जदयू के पास चली गई. इसलिए भाजपा इस बार यहां किसी माटी पुत्र को उतार कर यहां कब्जा जमाना चाहेगी. ऐसे में पहला नाम निशिकांत का आता है. निशिकांत का पैतृक गांव भागलपुर में है. उनका अधिकांश समय भागलपुर में ही बीतता है. प्रदीप यादव के भाजपा में जाने के चर्चे जोरों पर है. वे भाजपा के बाबूलाल मरांडी के पुराने साथी हैं. 2006 में जब झाविमो बनी तब से लेकर जब 2020 में पार्टी टूटी तब तक बाबूलाल और यादव साथ थे. 2019 के विस चुनाव में दोनों के बीच दरार पड़ी और रास्ते अलग हो गये. जैसे बाबूलाल भाजपा में आये वैसे ही प्रदीप यादव आ सकते हैं. आखिर प्रदीप भाजपा वापस क्यों जाएंगे. इस पर जाएं तो जवाब खुद मिल जाएगा. पिछले चुनाव के बाद प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन पार्टी के कार्यक्रमों और बयानों में सिर्फ बंधु तिर्की ही नजर आते हैं. पिछले साढ़े 4 साल में कांग्रेस में प्रदीप यादव की सक्रियता ज्यादा नहीं दिखी. पार्टी उनकी उपेक्षा कर रही है या फिर प्रदीप यादव खुद ही कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं यह अंदर की बात है, लेकिन इतना तय है कि 2024 में लंबी छलांग मारने के लिए प्रदीप यादव बेहतर संभावनाओं के द्वार जरूर तलाशेंगे.

### गोड्डा में कांग्रेस के कई दावेदार

गोड्डा सीट पर भाजपा के पास निशिकांत दुबे को छोड़ कर कोई चेहरा नहीं है, जबकि कांग्रेस में यहां से नेताओं की फेहरिस्त है. पूर्व सांसद फुरकान अंसारी हर बार की तरह इस बार भी ताल ठोकेंगे. हो सकता है अपने पुत्र विधायक इरफान को टिकट देने के लिए दवाब भी बनाएं. उधर महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी मजबूत दावेदार हैं. ऐसे में प्रदीप यादव का मामला फंस सकता है और वह गोड्डा से चुनाव लड़े बिना रह भी नहीं सकते. चाहे निर्दलीय ही क्यों न लड़ना पड़े. इससे बेहतर वे भाजपा से चुनाव लड़ना चाहेंगे. वे 2002 में हुए उपचुनाव में जीत सांसद बने थे. इसके बाद 2004 में चुनाव लड़ा था, लेकिन फुरकान से हार गये थे. फिर 2009, 2014 और 2019 में भी वे झाविमो की टिकट से गोड्डा लोकसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हर बार वे हार गये.

### पिछले 4 चुनावों में प्रदीप यादव की स्थिति

- 2019 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को 53 फीसदी और प्रदीप को 38 फीसदी वोट मिले थे.
- 2014 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को 37 फीसदी और प्रदीप यादव को 18.44 फीसदी वोट मिले थे.
- 2009 के लोकसभा चुनाव में निशिकांत को 24 फीसदी और प्रदीप यादव को 22.18 फीसदी वोट मिले थे.
- 2004 के लोकसभा चुनाव में फुरकान अंसारी (कांग्रेस) को 44.88 और प्रदीप को 41.67 फीसदी वोट मिले थे.

### विस क्षेत्रों की स्थिति

गोड्डा में 6 विस सीटें हैं. इनमें से 4 पर इंडिया का कब्जा है, सिर्फ दो सीटों पर भाजपा का कब्जा है. मधुपुर विधानसभा सीट झामुमो, जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट सीट कांग्रेस और देवघर एवं गोड्डा सीट भाजपा के पास है. गोड्डा लोकसभा सीट पर वहां की जनता ने यादव, ब्राह्मण, मुस्लिम और कुर्मी सभी जाति के उम्मीदवारों को मौका दिया है.

### चिलगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**पीरटांड़ (गिरिडीह)** । पीरटांड़ प्रखंड के चिलगा पंचायत स्थित मसनुटंड स्कूल में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीडीओ मनोज कुमार, प्रमुख सविता टुडु, मुखिया सोमी देवी, चिलगा पंचायत समिति सदस्य नवीन सिंह, खुखरा पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया. इस बीच विधायक, बीडीओ, प्रमुख सहित अन्य लोगों के द्वारा सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. जिसके बाद उपस्थित विधायक एवं पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए स्टाल का निरीक्षण कर स्टाल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया.

### लोजपा : पार्टी में आओ, पद पाओ

**गिरिडीह** । राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी जब केवल लोजपा होती थी तब से ही जिले में इस पार्टी की हैसियत ट्रेनिंग सेंटर जैसी रही है. राजनीति के हर गुर सीखने के बाद पार्टी के कई वरीय नेताओं ने अन्य दलों की शरण ले ली है. पार्टी ने भी दिल खोल कर ऐसे नेताओं का स्वागत किया है. समय-समय पर नए नवेले को पार्टी में शामिल कर उन्हें पद से नवाजा गया है. अन्य दलों में जिन्हें सामान्य कार्यकर्ता की हैसियत हासिल थी, वैसे नेताओं को भी प्रदेश स्तरीय पद से नवाजा गया है. इसके यहां कई उदाहरण हैं.

## न्यूज अपडेट

### एनटीटीएफ में यूथ स्किल स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन



**जमशेदपुर** । जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित आरडीटाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को दो दिवसीय 'यूथ स्किल स्पोर्ट्स फेस्ट' का आयोजन किया गया. स्पोर्ट्स फेस्ट में रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल, आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय, डिस्ट्रिक्ट कम उच्च विद्यालय, बाल ज्ञान पीठ स्कूल, पीपल हाई स्कूल, साउथ प्वाइंट स्कूल , विद्या भारती चिन्मया, केरल समाज मॉडल स्कूल, सिस्टर निवेदिता इंग्लिश स्कूल, उत्कल समाज हाई स्कूल,विवेक विद्यालय, शिक्षा निकेतन शामिल हुए. वॉलीबॉल बालक वर्ग में गोविंदपुर विवेक विद्यालय को प्रथम स्थान मिला वहीं विद्या भारती चिन्मया को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ. वॉलीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल एवं द्वितीय स्थान सिस्टर निवेदिता हाई स्कूल के नाम हुआ. इसके अलावा बालक वर्ग कबड्डी में चिन्मया विद्यालय व विवेक विद्यालय के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें चिन्मया विद्यालय विजेता रही. कबड्डी बालिका वर्ग में आदिवासी प्लस प्लस टू हाई स्कूल विजेता रही.

### 4 से 14 दिसंबर के बीच करीब 16 ट्रेनें रद्द रहेंगी

**जमशेदपुर** । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन में राजनांदगांव-कलमना रेलखंड के बीच कन्हान स्टेशन पर तीसरी लाइन डालने का काम किया जा रहा है. इस कारण यहां 4 दिसंबर से 16 दिसंबर तक नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है. इस कारण टाटानगर होकर इस रूट से गुजरने वाली 16 गाड़ियां अलग-अलग दिन रद्द रहेगी. 04 से 14 दिसंबर के बीच इन ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा. रद्द रहने वाली ट्रेनों की सूची : 18109 टाटा-इतवारी एक्सप्रेस 04 से लेकर 12 दिसंबर तक रद्द, 18110 इतवारी-टाटा एक्सप्रेस 06 से 14 दिसंबर तक रद्द, 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस हावड़ा से 08 दिसंबर को रद्द, 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस 10 दिसंबर को रद्द, 22905 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस ओखा से 10 दिसंबर और 22906 शालीमार-ओखा शालीमार से 12 दिसंबर को रद्द, 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस 8 और 9 को और 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस 10 और 11 दिसंबर को रद्द, 20822 संतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस 9 को और पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस पुणे से 11 को रद्द, 12767 हजूर साहेब नांदेड़(एनईडी)-संतरागाछी 04 और 11 दिसंबर को रद्द, 12768 संतरागाछी-हजूर साहेब नांदेड़(एनईडी) 06 और 13 दिसंबर को रद्द, 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस 02 और 09 दिसंबर को रद्द, 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 04 और 11 दिसंबर को रद्द, 12101 लोकमान्य तिलक-शालीमार एक्सप्रेस 08,09,11 और 12 दिसंबर को रद्द, 12102 शालीमार-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 10,11,13 और 14 दिसंबर को रद्द रहेगी.

### साल भर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम पर लगे रोक

**चाईबासा** । टाटा कॉलेज में विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित कर साल भर सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसमें नये बहाली पर आये अधिकतर शिक्षक शामिल है. लेकिन इस पर कॉलेज प्रभारी डॉ एससी दास किसी तरह का रोक नहीं लगा रहा है. जिसके कारण विद्यार्थी काफी परेशान है. यह बातें शुक्रवार को पूर्व छात्र प्रतिनिधियों ने कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती से मुलाकात कर कहीं. इस दौरान वर्तमान छात्र भी शामिल थे. विद्यार्थियों का कहना है कि टाटा कॉलेज एवं पीजी विभाग द्वारा सालभर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम पर रोक लगे. साथ ही टाटा कॉलेज के मल्टीपरपज बिल्डिंग में आए दिन नए नए छात्रों का स्वागत कार्यक्रम, विदाई कार्यक्रम, पिकनिक, आदि के नाम पर नाच गान आयोजित किया जाता है. जिससे कॉलेज का माहौल बिगड़ रहा है. इससे अनहोनी की संभावना बनी रहती है. शिक्षकों द्वारा पढ़ाई का महौल नहीं बनाय जा रहा है. कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है.

### शहर में पेयजल आपूर्ति ठप, बढ़ी परेशानी

**कोडरमा** । झुमरीतिलैया नगर पार्षद और पीएचडी विभाग की लापरवाही के कारण एक सप्ताह से झुमरीतिलैया शहर में सप्लाई पानी की आपूर्ति बंद है. जिससे लोगों को इस ठंडी में भी पानी केपरेशान होना पड़ रहा है.वहीं बात करें शहर के राजगढ़िया रोड की तो यहां के हजारों घरों में रहने वाले लोग काफी परेशान एवं गुस्से में भी है.इस संबंध में निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि नगर प्रशासक को इस पर ध्यान देना चाहिए.नगर पार्षद पूरे महीने का पानी का पैसा लेने घर आ जाती है भले ही पानी महीने में 10 दिन ही क्यों ना आया हो. साथ ही उन्होंने कहा कि छठ महापर्व जैसे मौके पर भी लगातार तीन दिनों तक पानी नहीं आया.सप्लाई पानी नहीं आने से जनता बाजार से पानी खरीद कर पी रही है.

## योजनाओं का लाभ समाज के हर व्यक्ति को मिले : विधायक

संवाददाता । चाईबासा

खास बातें

- गाईसूटी व रुईया पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन
- विधायक दीपक बिरुवा हुए कार्यक्रम में शामिल

सदर प्रखंड के गाईसूटी पंचायत एवं हाटगम्हारिया प्रखंड के रुईया पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपक बिरुवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य श्री सुभाष बनर्जी उपस्थित हुए. जिनके हाथों से विधिवत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में विधायक दीपक बिरुवा के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. वही विधायक ने कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना ही सरकार के द्वारा लगवाए जा रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य है. पहले लोग सरकारी कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक जाते थे. लेकिन पर अब पंचायत स्तर पर गांव में ही सरकारी अधिकारी पहुंच कर आपकी समस्या सुन रहे हैं. ऑन स्पॉट आपकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य कर रहे हैं. शिविर में ग्रामीणों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है. ग्रामीणों को भी चाहिए कि वे आगे आकर शिविर का लाभ उठायें. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिले जिससे उसका और क्षेत्र का हो समग्र विकास हो सके. ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें.

## आरएएफ 106वीं बटालियन का धूमधाम से मनाया गया 34वां स्थापना दिवस

संवाददाता । जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित आरएएफ की 106वीं बटालियन ने शुक्रवार को अपना 34वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया. इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट डॉ. निशीत कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र ने समेत अन्य अधिकारियों ने गॉंधी कॉम्पलेक्स स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर की कार्यवाही क्वाटर गार्ड पर की गई. उसके पश्चात मेन्स कल्ब में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें कमांडेंट ने सभी कार्मिकों को स्थापना दिवस की बधाई दी. साथ ही विगत वर्षों के दौरान 106वीं बटालियन की ओर से किये गये उत्कृष्ट कार्यों तथा पिछले एक वर्ष के दौरान कई त्योहारों व महत्वपूर्ण चुनाव को सफलतापूर्वक कराने की भूमिका पर चर्चा की.




स्थापना दिवस पर श्रद्धांजलि देते कमांडेंट

### कमांडेंट ने जवानों को दी शुभकामनाएं

बल के गौरवशाली अतीत को मार्गदर्शक मानकर आश्वस्त किया की यह बटालियन देश की मानवता की सेवा संवेदनशील पुलिसिंग के साथ कार्य करने के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. इस बटालियन की स्थापना 01 दिसंबर 1990 को दीमापुर, नागालैंड में हुई थी तथा बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 22 जुलाई 1994 से यह बटालियन दीमापुर, नागालैंड से जमशेदपुर में स्थानांतरित हुई थी. इस बटालियन के प्रथम कमांडेंट एलएन बैष्णव थे. आरएएफ 106वीं बटालियन का स्थापना दिवस अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस शानदार स्थापना दिवस पर कमांडेंट ने जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी.

नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी | इंटर-कॉलेज फेस्ट एक्सप्लोर के 10वें संस्करण का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

# एक्सप्लोर-10 का ओवरऑल विजेता रहा अलकबीर पॉलिटेक्निक

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को इंटर-कॉलेज फेस्ट एक्सप्लोर के 10वे संस्करण का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ. एक्सप्लोर के दूसरे व अंतिम दिन भी यूनिवर्सिटी कैंपस में यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जमशेदपुर के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों से आए हुए विद्यार्थियों का स्वागत फ्लैश मॉब के जरिये शानदार डांस से किया. एक्सप्लोर के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत यूनिवर्सिटी के बैंड "रूहानियत" की सुरीली प्रस्तुति से हुई. रूहानियत बैंड का प्रतिनिधित्व जनसंचार विभाग के छात्र अंशुमान कुमार ने किया. बैंड ने मनमोहक प्रस्तुति दी. एक्सप्लोर के दूसरे व अंतिम दिन प्रतिभागियों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, स्किट, माइम एक्ट, क्रिकेट, और रैंप वॉक में अपना दम-खम दिखाया. ग्रुप डांस की विजेता पूजा मुर्मू एंड ग्रुप रहा और रनरअप प्रियांशी एंड ग्रुप हुआ. सोलो डांस में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. स्किट की विजेता ऋतिका एंड ग्रुप और रनरअप विश्वजीत एंड ग्रुप रहे. वहीं रैंप वॉक की विनर प्रिया एंड ग्रुप और रनरअप मनीष मुखी एंड ग्रुप रहे.



समारोह में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि.



कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता व उप विजेता प्रतिभागी.

कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने दर्शकों के लिए नाटक का मंचन किया. इसमें नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया.

साइलेंट एक्टर माइम एक्ट के विजेता रहे. एक्सप्लोर के 10वे संस्करण के ओवरऑल विजेता अलकबीर पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी रहे. कार्यकर्म के अंत में एनएसयू के द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. एक्सप्लोर के दूसरे व अंतिम दिन मंच का संचालन अभिषेक सिंह, भूमि शर्मा, कल्प निवास, कृति साई और सबा अंसारी ने बारी-बारी से किया. एक्सप्लोर के दूसरे दिन सभी विद्यार्थियों का उत्साह दखते ही बन रहा था.

इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन में प्रबंधन विभाग, कानून विभाग, कला विभाग समेत अन्य विषयों के विद्यार्थियों ने योगदान किया. इस कार्यक्रम को जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने कवर किया. कार्यक्रम के दौरान प्रतिकुलपति प्रो डॉ आचार्य ऋषि रंजन, प्रो दिलीप शोम, प्रो नाज़िम खान, प्रो मोजिब अशरफ़, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित महतो, असिस्टेंट प्रोफेसर अभिनव झा, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका कुमारी, प्रोफेसर ज्योति प्रकाश और अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे.

# नक्सल क्षेत्र में रोड को लेकर डीसी और सपी ने की बैठक

संवाददाता । चाईबासा

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अनन्य मित्तल व पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त अध्यक्षता में जिला अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोड और नेटवर्क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए संचालित कार्यों की समीक्षा के तदर्थ बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में बताया गया जिला अंतर्गत नक्सल उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं तथा जिला में तैनात सुरक्षा बलों के द्वारा घने जंगल क्षेत्रों में जाकर इस कार्य को किया जा रहा है और समय-समय पर मुख्यालय से इसकी समीक्षा भी की जा रही है. उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिले के वरीय पदाधिकारी एवं जिला अंतर्गत तैनात सीआरपीएफ के पदाधिकारी की मौजूदगी में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया है. बैठक में जिले के उप विकास आयुक्त को प्रभावित क्षेत्र हेतु विकास परक समेकित कार्ययोजना तैयार करने तथा सरकार द्वारा संपोषित सभी कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय वासियों को आच्छादित कराने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि बैठक में टेलीकॉम संरचना निर्माण अंतर्गत नेटवर्क प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिष्ठापन कार्य के संदर्भ में समीक्षा कर अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द संरचना निर्माण को पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया.

# यूरोपा लीग: एलएएसके क्लब को हराकर अंतिम 16 में लिवरपूल

**12** अंकों के साथ ग्रुप ई में शीर्ष पर है लिवरपूल

4-0 से जीता लिवरपूल

**08** अंक के साथ ग्रुप ई में दूसरे स्थान पर है टालाउस



भाषा । लिवरपूल

लिवरपूल ने ऑस्ट्रिया के एलएएसके क्लब को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया. लिवरपूल ग्रुप ई में 12 अंक लेकर चार अंकों की बढत बनाये हुए है. टालाउस आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जिसने यूनियन सेंट गिलोइस से गोलरहित ड्रॉ खेला. ग्रुप एच में लीवरकुसेन पांचों मैच जीतकर शीर्श पर है जिसने हैकेन को 2-0 से हराया. ग्रुप ए में साउसेक ने वेस्ट हैम को 2 . 1 से मात दी. ग्रुप बी में ब्राइटन ने एईके को 1-0 से हराया. यूरोप की दूसरे दर्जे की इस स्पर्धा में हर ग्रुप से शीर्ष टीम अंतिम 16 में पहुंचती है. ग्रुप जी में रोमा ने सर्वेटे से 1-1 से ड्रॉ खेला. ग्रुप सी में स्पार्टा ने रीयाल बेटिस को एक गोल से हराया. ग्रुप ई में एस्टोन विला ने लेजिया वारसॉ को 2-1 से हराया.




## ब्रीफ खबरें

### राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल हुए बट

**लाहौर** । एक बड़े घटनाक्रम में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कलंकित पूर्व कप्तान सलमान बट को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किया है. 39 वर्ष के बट ने स्पॉट फिक्सिंग मामले में पांच साल का प्रतिबंध झेलने के बाद 2016 में क्रिकेट में वापसी की. उन्हें , कामरान अकमल और राव इफ्तिखार अंजुम को हाल ही में नियुक्त मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज का सलाहकार नियुक्त किया गया है. अगस्त 2010 में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के दौरान स्पॉट फिक्सिंग में भूमिका के लिये बट पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया था.

### एसएटी-20 के ब्रांड दूत बने डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग** । दक्षिण अफ्रीका की प्रीमियर टी-20 क्रिकेट लीग (एसएटी20) ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को दूसरे सत्र के लिये आधिकारिक ब्रांड दूत बनाया है. लीग का दूसरा सत्र 10 जनवरी से शुरू होगा जिसमें चार सप्ताह के भीतर 34 मैच खेले जायेंगे. इसमें छह वैश्विक टीमों के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे. डिविलियर्स लीग की प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि इसके प्रशंसकों का दायरा बढाया जा सके. उन्होंने कहा कि एसए टी-20 से जुड़ना फख्र की बात है. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट की इस अग्रणी लीग में वैश्विक क्रिकेट मानचित्र पर चमकने का माद्दा है.

### ट्रॉफी पर पैर रखना अपमानजनक नहीं: मार्श

**मेलबर्न** । विश्व कप ट्रॉफी पर पैर रखने वाले ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला मिशेल मार्श ने शुक्रवार को कहा कि यह अपमानजनक नहीं था और वह दोबारा ऐसा कर सकते हैं. भारत को छह विकेट से हराकर छठी बार विश्व कप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने इंस्टाग्राम पर मार्श की एक तस्वीर डाली जिसमें उनका पैर ट्रॉफी पर था. मार्श ने 'सेन रेडियो' से कहा कि इस तस्वीर में कुछ भी अपमानजनक नहीं था. मैने इतना सोचा नहीं. सोशल मीडिया भी नहीं देखा जबकि हर कोई मुझे बता रहा है कि इस पर विवाद पैदा हो गया है. यह पूछने पर कि क्या वह दोबारा ऐसा करेंगे.

## द. अफ्रीका सीरीज के लिए बीसीसीआई की ने की भारतीय टीम की घोषणा

# तीन फॉर्मेट और तीन कप्तान

भाषा । नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है. दौरे के लिए हर फॉर्मेट में अलग कप्तान टीम की कमान संभालेगा. टी-20 में सूर्यकुमार यादव, वनडे में केएल राहुल और टेस्ट में रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. माना जा रहा था कि रोहित शर्मा को टी-20 टीम की कप्तानी भी दी जाएगी. हालांकि, रोहित ने टी-20 और वनडे दोनों टीमों से खुद को अलग रखा है. विराट कोहली भी इन दोनों फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे. 10 दिसंबर से शुरू होने जा रहे इस दौरे पर भारतीय टीम को 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है. इस दौरे के लिए टीम 6 दिसंबर को रवाना होगी. अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है. बताया जा रहा है कि उन्होंने खुद इन दो फॉर्मेट से ब्रेक मांगा था.

टेस्ट स्पेशलिस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है. पुजारा अफ्रीकी पिचों पर 10 टेस्ट में 535 रन बना चुके हैं. जबकि अजिंक्य रहाणे ने 6 टेस्ट मैचों में 402 रन बनाए हैं. वहीं वनडे विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे सूर्यकुमार यादव को वनडे टीम में जगह नही मिली है. सूर्या अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं. वहीं ऋतुराज गायक्वाड़, श्रेयस अय्यर और मुकेश कुमार को तीनों फॉर्मेट में मौका मिला है.




- ऋतुराज, श्रेयस व मुकेश को तीनों फॉर्मेट में मिला मौका
- 10 दिसंबर से शुरू होगा भारत का द. अफ्रीका दौरा
- तीन-तीन टी-20 व वनडे और 2 टेस्ट मैचों की होगी श्रृंखला

### दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृखंला में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक

दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम का टेस्ट प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है. टीम इंडिया अब तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है. टीम ने दक्षिण अफ्रीकी मैदानों पर अब तक 8 टेस्ट सीरीज खेली हैं. इनमें से एक ड्रॉ रही, जबकि 7 सीरीज में टीम इंडिया को पराजय का सामना करना पड़ा. टीम ने दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट मैच खेले हैं. इनमें से टीम को महज 4 में जीत मिली है, जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं. बाकि12 मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है.

**शेड्यूल**

| टी-20 | तिथि | समय |
|---|---|---|
| पहला टी-20 | 10 दिसंबर | रात 9:30 |
| दूसरा टी-20 | 12 दिसंबर | रात 9:30 |
| तीसरा टी-20 | 14 दिसंबर | रात 9:30 |
| **वनडे** | **तिथि** | **समय** |
| पहला वनडे | 17 दिसंबर | दोपहर 1:30 |
| दूसरा वनडे | 19 दिसंबर | शाम 4:30 |
| तीसरा वनडे | 21 दिसंबर | शाम 4:30 |
| **टेस्ट** | **तिथि** | **समय** |
| पहला टेस्ट | 26-30 दिसंबर | दोपहर 1:30 |
| दूसरा टेस्ट | 3-7 जनवरी | दोपहर 2:00 |

**टीमें**

टी-20 सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और दीपक चाहर.

**वनडे:** केएल राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर.

**टेस्ट:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और प्रसिद्ध कृष्णा.





## आओ जानें

### सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | देश | मैचों की संख्या |
|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 200 |
| बदरअल-मुतावा | कुवैत | 196 |
| सोह चिन एन | मलेशिया | 195 |
| अहमद हसन | मिस्र | 184 |
| अहमद मुबारक | ओमान | 183 |
| सर्जियो रामोस | स्पेन | 180 |
| आंद्रेस ग्वार्दादो | मेक्सिको | 179 |
| मोहम्मद अल-डेई | सऊदी अरब | 178 |
| क्लाउडियो सुआरेज | मेक्सिको | 177 |
| जियानलुइगी बफन | इटली | 176 |

## रोहित को भारत का कप्तान रहना चाहिए: सौरव गांगुली

भाषा । कोलकाता

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी से प्रभावित पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें कम से कम अगले साल टी-20 विश्व कप तक भारत का कप्तान बने रहना चाहिये. गांगुली ने कहा कि विराट व रोहित को आराम की जरूरत है ताकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम के लिये तरोताजा रहें. उन्होंने कहा कि रोहित को सभी प्रारूपों में लौटने के बाद भारत की कप्तानी करनी चाहिये क्योंकि उसने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा कि विश्व कप में आपने देखा कि उन्होंने कैसा खेला. वे भारतीय क्रिकेट का अभिन्न अंग हैं. रोहित और विराट ने 2022 टी-20 विश्व कप के बाद से टी-20 क्रिकेट नहीं खेला है. उसके बाद से हार्दिक पंड्या भारत के टी-20 कप्तान हैं लेकिन उनके चोटिल होने से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सूर्यकुमार यादव कप्तानी कर रहे हैं. गांगुली ने कहा कि विश्व कप द्विपक्षीय श्रृंखला से अलग है क्योंकि दबाव अलग है. इस विश्व कप में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और छह सात महीने बाद वेस्टइंडीज में भी उसे दोहरायेंगे. रोहित एक लीडर है और मुझे उम्मीद है कि वह टी-20 विश्व कप में भी कप्तान होगा. बीसीसीआई ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में भी कम से कम टी-20 विश्व कप तक विस्तार किया है.

## पहली बार रांची की मेजबानी में होगा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स क्रिकेट टूर्नामेंट

# 7 राज्यों की 16 टीमें लेंगी हिस्सा

खेल संवाददाता। रांची



द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल के तत्वावधान में 14 से 17 दिसंबर तक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. इस टूर्नामेंट को लेकर शुक्रवार का रांची के प्रेस क्लब में रांची के रीजनल कॉउंसिल मेंबर तथा इस आयोजन की प्रोग्राम निदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की पहली बाद रांची में द इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया की मेजबानी में सीआईआरसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. इस टूर्नामेंट में सेंट्रल रीजन के 7 राज्यों से 16 टीमें हिस्सा ले रहे है. रांची के रीजनल कॉउंसिल मेंबर तथा इस आयोजन की प्रोग्राम निदेशक सी ऐ मनीषा बियानी जी ने बताया कि सेंट्रल इंडिया रीजनल के 7 राज्यों में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड तथा छत्तीसगढ़ के राज्य है. झारखण्ड से रांची एवं जमशेदपुर कि टीमें हिस्सा ले रही है. उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 2013 में प्रयागराज में हुआ था. इस वर्ष ये प्रतियोगिता का 10 वां संस्करण है और इसकी मेजबानी करना हमारे लिए गर्व कि बात है. पिछले बार 2022 में ये प्रतियोगिता जोधपुर में आयोजित हुआ था जिसमे उदयपुर शाखा विजेता रही थी.

आयोजन के संयोजक सी ऐ रंजीत गाड़ोदिया ने जानकारी दी की 7 राज्यों में चार्टेड एकाउंटेंट्स के 52 ब्रांच है. जिसमें 70 हजार चार्टेट अकाउंटेंट है. उनमें से 16 टीम बनाई गई है. सभी टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा.

### द.अफ्रीका में भारत ए के कप्तान होंगे भरत

**नयी दिल्ली** । आंध्र के विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय दो अभ्यास मैचों में भारत ए के कप्तान होंगे. बीसीसीआई ने दोनों मैचों के लिये दो अलग अलग टीमों का ऐलान किया. भरत, साइ सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, मानव सुतार और वी कावेरप्पा दोनों मैच खेलेंगे. बंगाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ईश्वरन फिट होने पर ही टीम में होंगे. भरत ने जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था. कर्नाटक के देवदत्त पड्डिकल को भी पहले मैच के लिये टीम में रखा गया है. यह मैच सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले होगा. मुंबई के सरफराज खान, प्रसिद्ध कृष्णा और तुषार देशपांडे भी 11 से 14 दिसंबर तक पहला मैच खेलेंगे.

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप

# रोमांचक मैच में हारी भारतीय टीम

भाषा । सैंटियागो

**खास बातें**

- जर्मनी ने भारतीय टीम को 4-3 से हराया
- पहले क्वार्टर सें 2-0 से आगे थी भारतीय टीम
- भारत का अगला मुकाबला आज बेल्जियम से होगा

दो गोल की बढत बनाने के बावजूद भारतीय टीम एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में पिछली उपविजेता जर्मनी से 4-3 से हार गई. भारत के लिये अन्नु (11वां मिनट), रोपनी कुमारी (14वां मिनट) और मुमताज खान (24वां मिनट) ने गोल किये जबकि जर्मनी के लिये सोफिया श्वाबे (17वां), लौरा प्लथ (21वां और 36वां) और कैरोलिन सेइडेल (38वां) ने गोल दागे. पहले मैच में कनाडा को 12-0 से हराने वाली भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबदबा बना लिया और जर्मनी की रक्षापंक्ति को खासा परेशान किया. इन हमलों के बीच भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर अन्नु ने गोल करके टीम को बढत दिलाई. इसके तीन मिनट बाद रोपनी ने गोल करके पहले क्वार्टर में भारत की बढत 2-0 की कर दी. दूसरे क्वार्टर में जर्मनी के लिये सोफिया ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल दागा. वहीं लौरा ने बराबरी का गोल किया. मुमताज ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके हाफटाइम तक भारत को फिर 3-2 की बढत दिला दी. तीसरे क्वार्टर में भारत का जोर गेंद पर नियंत्रण बनाये रखने पर रहा जबकि जर्मनी ने बराबरी का गोल दाग दिया. लौरा ने 36वें मिनट में यह गोल किया. कैरोलिन ने 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके जर्मनी को बढत दिलाई. आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन गोल नहीं हो सका. भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो ने शानदार प्रदर्शन करके जर्मनी को एक और गोल करने से रोका. भारत को आखिरी क्षणों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका. भारत का सामना अब शनिवार को बेल्जियम से होगा.

## मिसाल विश्व की शीर्ष तीरंदाज ने बिना हाथों के पैरा तीरंदाजी में मनवाया अपना लोहा

# स्वर्णिम सफर को पैरालंपिक में दोहराना चाहती हैं शीतल देवी

भाषा । नई दिल्ली

एशियाई खेलों में पैरा तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारत की भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी का अगला लक्ष्य पेरिस पैरालंपिक में देश के लिए शीर्ष स्थान हासिल करना है. पैर से तीर चलाकर पदक जीतने वाली विश्व की पहली महिला बनी शीतल मंगलवार को जारी पैरा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के महिला कंपाउंड ओपन वर्ग में शीर्ष तीरंदाज बन गयीं. शीतल ने यहां बीइंग यू के किताब के कवर लॉन्च के मौके पर कहा कि वह पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए पुरजोर अभ्यास कर रहीं है.

जम्मू की 16 साल की इस खिलाड़ी ने यहां कहा कि मेरा अगला लक्ष्य पेरिस पैरालंपिक में देश के लिए पदक जीतना है. मैं उसके लिए काफी अच्छे से मेहनत करुंगी. मैं ज्यादा मेहनत करुंगी तो ही देश को पदक दिला पाउंगी. किश्तवाड़ के दूरस्थ इलाके के इस खिलाड़ी को भारतीय सेना ने बचपन में गोद ले लिया था. जुलाई में उन्होंने पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में सिंगापुर की अलीम नूर एस को 144.142 से हराकर स्वर्ण पदक जीता कर अपने स्वर्णिम सफर की शुरुआत की थी.




### भुजाहीन तीरंदाज मैट स्टुट्जमैन से प्रभावित हुई थी शीतल

शीतल को अमेरिका के भुजाहीन तीरंदाज मैट स्टुट्जमैन ने काफी प्रभावित किया. स्टुट्जमैन ने लंदन पैरालंपिक (2012) में पदक जीतकर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था. उन्होंने कहा कि जब मैंने तीरंदाजी शुरू की तब किसी ने मुझे स्टुट्जमैन के वीडियो को दिखाया. बाद में मुझे उन से मिलने का मौका मिला. मुझे उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा था. उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया. शीतल ने कहा वह पदक का दबाव लिये बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पूरा ध्यान देती है. उन्होंने कहा कि मुकाबला करीबी हो तब भी मैं दिमाग में कोई दबाव नहीं लेती हूं. खेल शुरू होने के बाद मैं जीत-हार या पदक के बारे में सोचे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करती हूं.

### लोगों को हार नहीं माननी चाहिए: शीतल

शीतल ने दिव्यांग लोगों से निराशा छोड़ कर खेलों में हाथ आजमाने की अपील की. शीतल ने कहा कि मेरे जैसे लोगों को हार नहीं माननी चहिये. सफलता नहीं मिले तो भी हिम्मत न छोड़ें. मैंने ऐसे लोग देखे है जो एक-दो बार हार कर खेल छोड़ देते है. मैं ऐसे लोगो से कहूंगा कि वे जिस खेल में भी है उसे जारी रखे, हार-जीत लगी रहती है.

### जन्म से फोकोमेलिया से पीड़ित हैं शीतल

शीतल 'फोकोमेलिया' नाम की बीमारी से जन्मजात पीड़ित है. इस बीमारी में अंग पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाते हैं लेकिन बाजू नहीं होने के बाद भी उनके हौसले कभी कम नहीं हुए. शीतल ने कहा कि मैं कृत्रिम हाथ लगवा रही थी लेकिन यह काफी भारी था.

## आईबीए वर्ल्ड जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# जेएसएसपीएस की अमीषा केरकेट्टा फाइनल में पहुंची



संवाददाता । रांची

झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की प्रशिक्षु अमीषा केरकेट्टा ने आर्मेनिया में खेली जा रही आईबीए वर्ल्ड जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गई हैं. बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा ने सेमीफाइनल मुकाबले में पोलैंड की बॉक्सर को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की. अमीषा की उपलब्धि पर उनके कोच बीबी मोहंती और जेएसएसपीएस के पदाधिकारियों कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि खिताबी मुकाबले में भी अमीषा का प्रदर्शन शानदार रहेगा. बता दें कि यह पहली बार है जब जेएसएसपीएस की कोई बॉक्सर देश का प्रतिनिधित्व कर रही है और ऐतिहासिक प्रदर्शन कर रही है.

# बर्फ की चादर में लिपटी घाटी...



शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के कोकसर गांव में बर्फबारी होने के कारण सड़क पूरी तरह से ढक चुकी है. मुगल रोड पीर पंजाल रेंज में भी भारी बर्फबारी की गतिविधियां जारी हैं, जिसके चलते वहां की ट्रैफिक भी प्रभावित हो रहा है. वहीं, जम्मू-कश्मीर के भी कई इलाकों में बर्फबारी देखने को मिली है. -फोटोः पीटीआई

## जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में बर्फबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग पर्यटन स्थल पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी हल्की बर्फबारी हुई, जबकि मौसम विभाग ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में मौसम में सुधार का अनुमान जताया है. अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तथा मैदानी इलाकों में बारिश के बाद घाटी में तीन सप्ताह का शुष्क दौर गुरुवार को समाप्त हो गया. अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार सुबह गांदरबल जिले के सोनमर्ग में हल्की बर्फबारी हुई. मौसम विभाग ने कहा कि सोनमर्ग और आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी के साथ कई स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहे. उन्होंने बताया कि अधिकतर स्थानों पर दोपहर तक मौसम में सुधार होगा. दो दिसंबर से दस दिसंबर तक घाटी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है. श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस तथा गुलमर्ग में पारा शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया.

## आओ जानें

### परमाणु ऊर्जा उत्पादन का हिस्सा

| | | | |
|---|---|---|---|
| फ्रांस | 63% | आर्मेनिया | 25% |
| स्लोवाकिया | 59% | स्पेनः | 20% |
| यूक्रेन | 58% | रोमानिया | 20% |
| बेल्जियम | 46% | रूस | 20% |
| हंगरी | 44% | यूएसए | 18% |
| स्लोवेनिया | 42% | यूके | 15% |
| स्विट्ज़रलैंड | 37% | पाकिस्तान | 15% |
| चेकिया | 36% | यूएईः | 13% |
| फिनलैंड | 34% | कनाडा | 13% |
| बुल्गारिया | 32% | ताइवान | 8% |
| स्वीडन | 30% | जापान | 5% |
| दक्षिण कोरिया | 28% | भारत | 3% |

सिख हत्या की साजिश मामले में बोले ब्लिंकन, कहा-

# भारत की ओर से जांच कराया जाना 'अच्छा है और उचित है'

**भाषा। वाशिंगटन**

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिकी धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने में भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों पर भारत की ओर से जांच कराया जाना उचित है. ब्लिंकन ने उनके साथ तेल अवीव में मौजूद पत्रकारों से कहा कि सरकार ने घोषणा की है, कि वह जांच करा रही है, तो यह अच्छा है और उचित है. हम जांच के परिणाम का इंतजार करेंगे.

बुधवार को अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि भारत के एक व्यक्ति ने एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रची थी जिसे नाकाम कर दिया गया था. ब्लिंकन इसी मामले में पत्रकारों के सवालों का

### खास बातें

- हम जांच के परिणाम का इंतजार करेंगे
- नाकाम कर दी गई थी हत्या की साजिश

जवाब दे रहे थे. उन्होंने कहा कि यह कानूनी मामला है. तो आप समझ सकते हैं कि मैं इस पर विस्तार से बातचीत नहीं कर सकता. मैं कह सकता हूं कि इसे हम बेहद गंभीरता से ले रहे हैं. हमने पिछले हफ्तों में भारत सरकार के सामने यह मुद्दा उठाया है. सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश से जुड़े आरोपों की जांच के लिए भारत ने एक जांच दल बनाया है. ऐसा माना जाता है कि पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की नागरिकता है.

## ब्रीफ खबरें

### पुलवामा में लश्कर का आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया. पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के अरिहाल गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने पर गुरुवार को सुरक्षा बलों ने घेराबंदी करके तलाश अभियान शुरू किया. उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान वहां छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं. इस पर सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई.

### नोएडा में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** जिले में थाना बादलपुर की पुलिस ने शुक्रवार को तड़के एक मुठभेड़ के दौरान गोकशी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी पैर में एक गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग निकला. अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बादलपुर पुलिस आज सुबह अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री के पास जांच कर रही थी.

### लुटेरों ने पीएसयू बैंक से लूटे 18 करोड़ रुपये

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की एक शाखा से नकाबपोश हथियारबंद लुटेरों ने 18.80 करोड़ रुपये नकद लूट लिए. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पंजाब नेशनल बैंक की यह शाखा उखरुल जिले के लिए 'करेंसी चेस्ट' है, जहां भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बैंकों और एटीएम के लिए नकदी का भंडारण किया जाता है. अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार की शाम इंफाल से लगभग 80 किलोमीटर दूर उखरुल शहर में अत्याधुनिक हथियारों से लैस लुटेरे बैंक पहुंचे थे.

### विधायकों पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा परिसर में दिए गए धरने के दौरान राष्ट्रगान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. संसदीय मामलों के मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा कि ये शिकायतें तृणमूल कांग्रेस विधायक दल की ओर से दर्ज करायी गई हैं. राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने राष्ट्रगान के दौरान भाजपा विधायकों पर राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाने तथा घंटियां बजाने का आरोप लगाया.

### तेलंगाना में 70.60 प्रतिशत मतदान

**हैदराबाद।** तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए गुरुवार को 70.60 प्रतिशत मतदान हुआ और इस दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही. आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार देर रात कहा कि मतदान प्रतिशत संबंधी अंतिम आंकड़े बाद में पता चलेंगे. सभी 119 विधानसभा सीट पर कल सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ था, जो वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित 13 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम चार बजे समाप्त हो गया.

इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की समय सीमा खत्म, अब होगा हमास का सफाया

# इजराइल ने गाजा पर किए हवाई हमले

**भाषा। दीर अल-बलाह**

इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास के साथ युद्ध विराम की समयसीमा समाप्त होने के बाद गाजा में हमास के ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमले किए जा रहे हैं. हमास शासित गाजा पट्टी के गृह मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी गाजा पर हवाई हमले किए जा रहे हैं. गाजा पट्टी से आ रही तस्वीरों में क्षेत्र के ऊपर घना काला धुआं दिखाई दे रहा है. इजराइल और फिलिस्तीन के चरमपंथी समूह हमास के बीच अस्थायी युद्ध विराम शुक्रवार सुबह सात बजे समाप्त हो गया और इसके ठीक आधे घंटे बाद इजराइली सेना ने हमले की घोषणा की. इससे पहले इजराइल ने हमास पर युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था और कहा था कि गाजा से इजराइल की ओर रॉकेट दागे गए थे. यह युद्ध विराम एक सप्ताह पहले 24 नवंबर को शुरू हुआ था. शुरुआत में यह चार दिनों के लिए था और फिर कतर तथा मध्यस्थता में मदद करने वाले देश मिस्र की सहायता से इसे दो दिन के लिए तथा फिर एक दिन के लिए और बढ़ाया गया. सप्ताह भर के युद्ध विराम में गाजा में हमास और अन्य समूहों ने 100 से अधिक बंधकों को रिहा किया, जिनमें से अधिकतर इजरायली थे. बदले में इजरायल की जेलों से 240 फिलिस्तीनियों को रिहा किया गया.

**हमास का गाजा पर 16 वर्ष से है शासन :** इजराइल-हमास युद्ध में अभी तक अधिकतर महिलाओं और बच्चों को रिहा किया गया है लेकिन अब भी हमास के कब्जे में कुछ बंधक हैं. हमास का गाजा पर 16 वर्ष से शासन है और माना जा रहा है कि हमास शेष बंधकों खासतौर पर सैनिकों की रिहाई के लिए कड़ी शर्तें रख सकता है. गाजा में अब भी सौ से अधिक बंधक हैं जबकि शेष को रिहा कर दिया गया है. मध्यस्थता में अहम भूमिका निभाने वाले कतर तथा मिस्र ने युद्ध विराम को दो और दिन बढ़ाने के प्रयास किए थे.

**फिलिस्तीनी जल्द दक्षिणी गाजा छोड़ दें :** गाजा की अधिकतर आबादी दक्षिणी गाजा चली गई है और अब उनके पास बचने के लिए कोई और स्थान नहीं है. इससे यह प्रश्न उठने लगे हैं कि वहां इजराइल की किसी भी कार्रवाई से आम नागरिकों को हताहत होने से कैसे बचाया जा सकता है. इजराइल ने दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों में पर्चे गिराए हैं, जिनमें लोगों से खान यूनिस शहर स्थित घरों को छोड़ने के लिए कहा गया है. पर्चों में यह भी कहा गया है कि खान यूनिस अब एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है. क्षेत्र के निवासियों ने यह जानकारी दी. इन पर्चों से संकेत मिलता है कि इज़राइल अपने आक्रमण को व्यापक बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसने अब तक गाजा पट्टी के उत्तरी भाग पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित किया है. युद्ध की शुरुआत में हजारों लोग उत्तरी गाजा से पलायन कर गए थे, जिनमें से कई ने खान यूनिस और दक्षिण के अन्य शहरों में शरण ली थी.





### संघर्ष विराम पर वार्ता जारी : कतर

इजराइल-हमास संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष विराम बरकरार रखने के प्रयास जारी हैं. कतर ने एक सप्ताह के संघर्ष विराम की समय सीमा समाप्त होने के बाद इजराइल द्वारा बमबारी फिर से शुरू किए जाने पर अफसोस व्यक्त किया. इजराइल और हमास ने एक दूसरे पर संघर्ष विराम की शर्तों का उल्लंघन करने का दोष मढ़ा है. मिस्र के साथ मध्यस्थ के रूप में काम कर रहे कतर ने हमले के लिए इजराइल की भूमिका का संकेत दिया. कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध विराम की समाप्ति के बाद पहले घंटों में गाजा पट्टी पर जारी बमबारी मध्यस्थता के प्रयासों को जटिल बनाती है. इससे क्षेत्र में मानवीय तबाही बढ़ेगी. कतर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हिंसा को रोकने के लिए शीघ्रता से आगे बढ़ने का आग्रह किया.

### युद्ध प्रारंभ

- अस्थायी युद्ध विराम शुक्रवार सुबह 7 बजे समाप्त हो गया
- युद्ध विराम एक सप्ताह पहले 24 नवंबर को शुरू हुआ था

### आम नागरिक ना मारे जाएं, इसका रखें ख्याल : अमेरिका

इजराइल पर उसके मुख्य सहयोगी देश अमेरिका की ओर से इस बात का दबाव है कि जब वह हमास के खिलाफ हमले शुरू करे तो इस बात का ध्यान रखे कि इसमें आम नागरिक नहीं मारे जाएं. अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की. ब्लिंकन ने युद्ध विराम की अवधि बढ़ने की उम्मीद जताई थी. साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल युद्ध पुनः शुरू करता है और दक्षिणी गाजा में हमास के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उसे यह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के अनुरूप करना होगा और उसके पास आम नागरिकों की रक्षा के लिए स्पष्ट योजना होनी चाहिए.

### नेतन्याहू पर बंधकों को रिहा कराने पर दबाव

इजराइल ने कहा था कि हमास की ओर से बंदियों को रिहा किए जाने तक वह युद्ध विराम का पालन करेगा. हालांकि इजराइल ने उसके बाद हमले पुनः शुरू करने का प्रण लिया था. नेतन्याहू पर बंधकों को रिहा कराने का भारी दबाव है, लेकिन उनके धुर दक्षिणपंथी सहयोगी हमास के पूरी तरह समाप्त होने तक युद्ध जारी रखने का दबाव बना रहे हैं और किसी तरह की हीला-हवाली पर उनके गंठबधन छोड़ने का डर है.

### युद्ध विराम में कुल 83 इजराइली रिहा

युद्ध विराम के दौरान कुल 83 इजराइलियों को रिहा किया गया है. इनके अलावा 24 अन्य बंधकों में थाइलैंड के 23 और फिलीपीन के एक नागरिक को भी रिहा किया गया है. इजराइल ने कहा है कि उसके कम से कम 125 लोग अब भी हमास की कैद में हैं.

### थ्री लीडर इन वन फ्रेम



दुबई में शुक्रवार को जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (सीओपी28) के दौरान विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के लिए आगमन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्वागत किया. -फोटोः पीटीआई

# युवाओं के जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट तैयार करें: यूजीसी

**भाषा। नई दिल्ली**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए देशभर के कॉलेजों से कहा है कि वे अपने-अपने परिसर के अहम स्थलों पर तस्वीर खिंचवाने के लिए स्थान (सेल्फी पॉइंट) तैयार करें.

उन्होंने कहा कि संस्थान केवल शिक्षा मंत्रालय द्वारा साझा किए गए लेआउट में अनुमोदित डिजाइन के अनुसार ही 'सेल्फी पॉइंट' तैयार कर सकते हैं. यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कि ये 'सेल्फी पॉइंट' न केवल गर्व के स्रोत के रूप में काम करेंगे, बल्कि प्रत्येक नागरिक को उन परिवर्तनकारी पहलों के बारे में भी बताएंगे जिन्होंने वैश्विक मंच पर भारत के विकास को बढ़ावा दिया है.

### राष्ट्रपति ने एएफएमसी को 'प्रेसिडेंट्स कलर' से किया सम्मानित

**पुणे।** राष्ट्रपति एवं सेना की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी) को शुक्रवार को 'प्रेसिडेंट्स कलर' (राष्ट्रपति का निशान) से सम्मानित किया और सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में महिला अधिकारियों की भूमिका को सराहा. पुणे स्थित एएफएमसी को उसके 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह पुरस्कार दिया गया. 'राष्ट्रपति का निशान' किसी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है. सशस्त्र बलों के पुजारियों ने अभिषेक संबंधी अनुष्ठान किया जिसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने एएफएमसी को राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया.

सुर्खियों में बने रहने वाले नेताओं पर राहुल गांधी ने कसा तंज, कहा

# नेता बड़े मजेदार किस्म के लोग

**भाषा। कन्नूर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के अपने राजनीतिक विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी नेता लाउडस्पीकर और कैमरों को अपनी दिशा में मोड़ना पसंद करते हैं, लेकिन वह माइक का मुंह जनता की ओर मोड़ना पसंद करते हैं.

प्रसिद्ध लेखक टी पद्मनाभन को केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पहला प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार प्रदान किए जाने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि नेता बड़े मजेदार किस्म के लोग होते हैं, और लाउडस्पीकर हमेशा उनके सामने रहता है. क्योंकि हम खुद को बोलते हुए सुनना पसंद करते हैं. हर बार जब मैं वहां जाता हूं, तो मैं लाउडस्पीकर को दूसरी तरफ मोड़ देता हूं. मुझे लगता है, आज के भारत में, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि लाउडस्पीकर का मुंह दूसरी ओर किया जाए.



### नौसैनिक हवाईअड्डे पर नहीं उतरा राहुल का विमान

**कोच्चि।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्रालय ने उस विमान को नौसैनिक हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया जिसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सवार थे. एर्नाकुलम के जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने आरोप लगाया कि शुरू में नौसैनिक हवाई अड्डे पर विमान को उतारने की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में यह अनुमति वापस ले ली गयी.

### पूर्व राज्यपाल से साइबर ठगों ने लाखों रुपये ठगे

**नोएडा।** नोएडा में जेपी बिश टाउन सोसायटी में रहने वाले लद्दाख के पूर्व राज्यपाल और देश के पूर्व रक्षा सचिव राधा कृष्ण माथुर के बैंक अकाउंट से साइबर ठगों ने 2,28,360 रूपये निकाल लिए. माथुर का कहना है कि ठगों ने उनके खाते से नेट बैंकिंग के सहारे रकम निकाली क्योंकि उन्होंने ना तो किसी को अपने बैंक अकाउंट की जानकारी दी थी, और ना ही ओटीपी नंबर शेयर किया था. थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि सेक्टर 128 स्थित जेपी बिश टाउन सोसायटी में रहने वाले लद्दाख के पूर्व उप राज्यपाल के साथ धोखाधड़ी की गई है.

**सुनवाई** बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र का बढ़ना अतिक्रमण नहीं : न्यायालय

# बीएसएफ का सीमावर्ती राज्यों में अधिकार क्षेत्र है

**भाषा। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मौखिक रूप से कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर दूर तक करने के केंद्र सरकार के फैसले से पंजाब पुलिस की शक्तियों पर अतिक्रमण नहीं हुआ है.

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार के 2021 के वाद पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की. उसने केंद्र की ओर से पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और पंजाब सरकार का पक्ष रख रहे वकील शादान फरासत से साथ में बैठकर उन मुद्दों पर निर्णय संयुक्त रूप से करने को कहा जिन पर पीठ को फैसला करना है.

पीठ ने कहा कि दोनों पक्ष आपस में विचार-विमर्श करेंगे ताकि अगली तारीख से पहले इन्हें निपटाया जा सके. उसने कहा कि पंजाब के महाधिवक्ता इस बैठक में भाग ले सकते हैं. प्रधान न्यायाधीश ने रिकॉर्ड का अध्ययन करने के बाद प्रथम दृष्टया कहा कि ऐसे समवर्ती अधिकार हैं जिनका इस्तेमाल बीएसएफ और राज्य पुलिस दोनों कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस से जांच का अधिकार नहीं लिया गया है. सॉलिसिटर जनरल ने एक संक्षिप्त सुनवाई में कहा कि बीएसएफ का सभी सीमावर्ती राज्यों में अधिकार क्षेत्र है. उन्होंने कहा कि गुजरात जैसे राज्यों में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 80 किलोमीटर तक था जो अब सभी सीमावर्ती राज्यों में एक समान 50 किलोमीटर है.



### खास बातें

- पंजाब पुलिस से जांच का अधिकार नहीं लिया गया है
- बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र अब 50 किलोमीटर है

कतर में मौत की सजा पाए पूर्व नौसैनिकों के बारे में नौसेना प्रमुख ने कहा-

# सभी विकल्पों पर हो रहा विचार

**भाषा। नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार कतर में मौत की सजा पाए आठ पूर्व नौसैनिकों को वापस लाने का हरसंभव प्रयास कर रही है. कतर की एक अदालत ने भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है. एडमिरल कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि हम उनके हित सुनिश्चित करने के लिए निकटता से काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भारत सरकार उनकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की एक अदालत ने 26 नवंबर को मौत की सजा सुनाई थी. भारत ने कहा था कि वह इस फैसले से बेहद स्तब्ध है और इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है. मौत की सजा के खिलाफ अपील दायर की जा चुकी है और कतर की एक उच्च अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया है. यह अपील जेल में बंद इन भारतीय नागरिकों की कानूनी टीम ने दायर की है. ये सभी आठ भारतीय नागरिक अल दाहरा कंपनी में काम कर रहे थे और इन्हें पिछले साल जासूसी के कथित मामले में हिरासत में ले लिया गया था.

### सजाए मौत

- नौसैनिकों को वापस लाने का प्रयास कर रही सरकार
- नौसैनिकों के हित सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत हैं

### नौसैन्य पोत में पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर नियुक्त

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने महिलाकर्मियों के लिए 'सभी भूमिकाएं-सभी रैंक'' के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप नौसैन्य पोत में पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर की नियुक्ति की है. नौसेना प्रमुख ने कहा कि महिला अग्निवीरों की कुल संख्या अब 1,000 का आंकड़ा पार कर गई है. ये आंकड़े सेवा में महिलाओं की तैनाती के लिए 'सभी भूमिकाएं, सभी रैंक' के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण हैं.

**वेदर अलर्ट:** चक्रवाती तूफान 'मिधिली' के बाद बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान आगे बढ़ रहा है

# 'माइचौंग' तूफान का झारखंड में नहीं दिखेगा खास असर

संवाददाता। रांची

अगले 48 घंटों में भारत में तूफान आने की संभावना है. दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के बीच कई तटीय क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा गया है. पूर्वोत्तर राज्यों में आए चक्रवाती तूफान 'मिधिली' के बाद अब बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान आगे बढ़ रहा है. इससे लेकर मौसम विभाग ने कहा कि एक और चक्रवाती तूफान आने वाला है.

यह इस साल का चौथा तूफान होगा, और इसके भारत, बांग्लादेश और म्यांमार तक अपना असर छोड़ने की संभावना है. बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान को 'माइचौंग' नाम दिया गया है.



### तमिलनाडु, पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट, तेलंगाना में भी बारिश

तटीय तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. यहां 2 से 4 दिसंबर तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गयी है. कहा गया है कि चेन्नई में अलग-अलग हिस्सों, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लुर जिले में भारी बारिश होगी, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तमिलनाडु और पुडुचेरी में 4 दिसंबर तक बारिश का मौसम रहेगा. गुरुवार को चेन्नई और आसपास के कई हिस्सों में तेज बारिश के कारण पानी भर गया. भारी वर्षा के बाद, कई रिहायशी इलाकों, मुख्य सड़कों और प्रमुख चौराहे पानी भर गया रात भर बारिश जारी रहने की वजह से स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गयी.

**चक्रवाती तूफान का इन राज्यों में दिखेगा असर:** दक्षिण-पूर्व और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 3 घंटे के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा है. इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने, 2 दिसंबर तक गहरे दबाव में तब्दील होने और 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है. इसके बाद, यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 4 दिसंबर की शाम के आसपास चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार करेगा.

**झारखंड में क्या होगा असर:** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में इस तूफान का असर नहीं होगा. 4 से 6 दिसंबर तक कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है. वहीं इस दौरान राज्य में बादल छाए रहने के आसार हैं.

## आओ जानें
## 2 दिसंबर का इतिहास

- 1804 : नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई
- 1911 : जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा, रानी बने. उनके बंबई (अब मुंबई) आगमन की याद में गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया
- 1976 : फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्ट्रपति बने
- 1971 : अरब प्रायद्वीप के छह क्षेत्रों ने मिलकर संयुक्त अरब अमीरात की स्थापना की. फरवरी 1972 में इनमें एक सातवां देश भी शामिल हुआ
- 1981 : अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पियर्स का जन्म
- 1989 : विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने
- 1999 : भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंजूरी मिली
- 2003 : बोस्नियाई सर्ब के पूर्व सैन्य कमांडर मोमिर निकोलिक को हेग स्थित संयुक्त राष्ट्र की युद्धापराध अदालत ने 1995 के नरसंहार के लिए दोषी ठहराया और 27 साल कैद की सजा सुनाई
- 2006 : फिलीपीन में ज्वालामुखी का मलबा गिरने से 208 लोगों की मौत, 261 अन्य घायल
- 2020 : देश में कोविड-19 के 31,118 नए मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की संख्या 94 .62 लाख से ज्यादा हो गयी।

# डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' को मिला काव्य रत्न सम्मान





संवाददाता। रांची

वृंदावन में मिला साहित्योदय काव्य रत्न और लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मान संवाददाता। रांची डॉ रजनी शर्मा ''चंदा'' को वृंदावन में साहित्योदय काव्य रत्न और लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया. साहित्योदय मंच द्वारा अध्यक्ष पंकज प्रियम के संपादित कृष्णायण ग्रंथ में डॉ रजनी शर्मा ''चंदा'' ने श्री कृष्ण और राधा के द्वितीय मिलन और ब्रह्मा द्वारा उनके विवाह के प्रसंग पर छंदबद्ध काव्य सृजन किया है. प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु साध्वी ऋतंभरा के आशीर्वाद से वृंदावन के वात्सल्य ग्राम में यह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ. कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र जी रहे. डॉ रजनी शर्मा ने प्रेम की माधुरी में किधर जाऊंगी वृंदावन में ही आ कर संवर जाऊंगी मैं हूं राधा तेरी तू है मेरा मोहना तू जिधर जाएगा मैं उधर जाऊंगी... गीत सुना कर पूरे सदन को कृष्णमय कर दिया. साहित्योदय काव्य रत्न और लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित होने पर डॉ रजनी शर्मा ''चंदा'' को परिवार व समाज के गणमान्य साहित्यकारों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की.

1916 से ही भौंरा में कोयले की खदान में सुलग रही है आग

# 107 वर्षों तक सोये रहे अफसर डीसी लाइन तक पहुंची आग

संवाददाता। धनबाद

1916 में भौंरा में कोयले की खदान में लगी आग 107 वर्षों में 27 किमी दूर धनबाद-चंद्रपुरा रेलखंड तक पहुंच गयी. आज डीसी लाइन को भूमिगत आग से इतना खतरा महसूस हो रहा है कि डीजीएमएस, बीसीसीएल और राइट्स के अधिकारी इस पर ट्रेन नहीं चलाने की अनुशंसा करते हुए रेलवे को पत्र के साथ-साथ जांच रिपोर्ट सौंप दी है. धनबाद रेल मंडल की ओर से पूरी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी गई है. रेलवे सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड और रेलवे मंत्रालय की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. रेलवे के परिचालन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग 107 साल पहले लगी थी. लगभग ग्यारह दशक के भीतर आग बुझाने के लिए कभी कोई कारगर उपाय नहीं किया गया. सिर्फ खानापूर्ति होती रही. यह वजह है कि आग को सुरंग के माध्यम से ऑक्सीजन मिलता गया और आग धधकती चली गई. इतने वर्षों में दर्जनों इलाके आग से तबाह हो चुकी है. सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है. अब धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन पर ट्रेन चलाना खतरनाक साबित हो रहा है.




- कोयले की खदान में 1916 में लगी थी आग, 11 दशक के भीतर तबाह हो गए दर्जनों इलाके
- सैकड़ों लोगों की हो चुकी है मौत, धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन पर ट्रेन चलाना खतरनाक

डीसी लाइन के बांसजोड़ा स्टेशन से गुजरती ट्रेन

### रेलवे लाइन के नीचे से आर-पार हो चुकी है आग, खतरे में लोगों की जान

जानकारी के अनुसार राइट्स के अधिकारियों ने सर्वे रिपोर्ट में कहा कि धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन के भूमिगत आग से काफी खतरा है. रेलवे लाइन के नीचे से आग आर-पार हो चुकी है. धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन पर ट्रेन चलाना खतरे से खाली नहीं है. ट्रेन व मालगाड़ियों का परिचालन रोकना होगा और उसे डायवर्ट कर चलाना होगा, वरना कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. डीजीएमएस धनबाद की ओर से विस्तृत रिपोर्ट रेलवे को भेजी गई है, जिसमें डीसी लाइन को आग से खतरा बता कर रेल परिचालन बंद करने का आग्रह किया है. वैकल्पिक रूट तैयार करने के लिए रेलवे को प्रस्ताव भी भेजा गया है.

### 2017 में बंद हुई थी 26 जोड़ी ट्रेनें वैकल्पिक रूट तैयार ही नहीं हुई

डीजीएमएस धनबाद की रिपोर्ट पर पीएमओ ने 15 जून 2017 को 26 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया था. काफी महीनों तक आंदोलन के बाद कानपुर की मुख्य संरक्षा आयुक्त की टीम ने जांच में रेल लाइन को सुरक्षित बताया और ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया. लगभग 20 महीने बाद 24 फरवरी 2019 को ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया था. रिपोर्ट के मुताबिक बांसजोड़ा, अंगारपथरा और सोनारडीह स्टेशन के पास सबसे अधिक रेलवे लाइन को आग से खतरा है. 6 साल बाद भी रेलवे ने वैकल्पिक रूट तैयार नहीं कर पायी है.

# आईसीएफएआई विवि ने राष्ट्रीय हैकथॉन में लाया पहला स्थान



संवाददाता। रांची

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड के बीसीए सेमेस्टर 3 के छात्रों ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय हैकथॉन में पहला स्थान हासिल किया. इसमें विश्वविद्यालय के आकाश वर्मा, राजनंदिनी तिवारी और साक्षी कुमारी शामिल पार्टिसिलेट की थी.

हैकथॉन में देश भर से अलग अलग विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया. आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी झारखंड के छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और नेशनल हैकथॉन के फाइनल राउंड में उनका मुकाबला किया. छात्रों ने उभरते साइबर खतरों का विश्लेषण और भविष्यवाणी करने, संगठनों को सक्रिय रूप से मदद करने और नए हमले वैक्टरों से बचाव के लिए एआई-संचालित साइबर सुरक्षा समाधान लॉगगार्ड एआई डिजाइन किया. छात्रों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमण कुमार झा ने कहा कि यह हमारे छात्रों की ओर से एक उपलब्धि है, जिन्होंने जुनून और उत्साह के साथ काम किया. इसका श्रेय हमारे संकाय सदस्यों को भी जाता है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# फिल्म निर्माण कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर




एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद

फिल्म निर्माण दर्शकों पर प्रभाव छोड़ने के लिए दृश्य-श्रव्य माध्यम से कहानियों, विचारों और भावनाओं को बताने की कला है. रचनात्मक और मुक्तिदायक क्षेत्रों में से एक के रूप में, फिल्म निर्माण में कहानी कहने, निर्देशन, पटकथा और छायांकन जैसे विभिन्न पहलू शामिल होते हैं जो एक पूर्ण फिल्म बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं. कई फिल्म निर्माण पाठ्यक्रम छात्रों को तेज गति वाले फिल्म उद्योग के लिए तैयार करने के लिए पर्याप्त ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं. यदि आप ऐसे व्यक्ति हैं, जिनमें फिल्म निर्माण के क्षेत्र में खोज करने का उत्साह है, तो यहां दुनिया भर में पेश किए जाने वाले विविध फिल्म निर्माण पाठ्यक्रमों का विवरण देने वाला एक अंतर्दृष्टिपूर्ण लेख है.

### फिल्म निर्माण पाठ्यक्रम के प्रकार

सिनेमा इस बात का मामला है कि फ्रेम के अंदर क्या है और उसके बाहर क्या है. फिल्म निर्माण जीवन को कैमरे की आंखों से दिखाने के अलावा और कुछ नहीं है. एक अच्छी फिल्म का उद्देश्य एक सार्थक कहानी बताना है, जो संभावित रूप से दर्शकों के मन में जीवन के बारे में सवाल पैदा कर सके. फिल्म निर्माण शून्य से एक उत्कृष्ट कृति बनाने की प्रक्रिया है, जिसमें जुनून, कड़ी मेहनत और रचनात्मकता शामिल है.
फिल्म निर्माण लेखन, निर्देशन, फिल्म निर्माण, छायांकन, पटकथा, ध्वनि और संपादन जैसे विभिन्न पहलुओं का एक संयोजन है. दुनिया भर में कई प्रतिष्ठित कॉलेज हैं जो विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा फिल्म मेकिंग पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं. ये पाठ्यक्रम छात्रों को फिल्म बनाने की प्रक्रिया के साथ-साथ फिल्म उद्योग की कार्यप्रणाली के संबंध में विभिन्न व्यावहारिक, रचनात्मक और तकनीकी ज्ञान प्रदान करते हैं. छात्रों को कहानियों की खोज से लेकर संपादन टेबल पर काम करने तक फिल्म निर्माण के कई पहलुओं का पता लगाने का मौका मिलता है. छात्रों को कैमरा, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि और सेट जैसे तकनीकी पहलुओं के व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ फिल्मों की विभिन्न शैलियों की गहन जानकारी प्रदान की जाती है जो उन्हें फिल्म निर्माण को निष्पादित करने का प्रारंभिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है.

- **स्क्रिप्ट राइटिंग**

लेखन फिल्म निर्माण के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है. एक फिल्म निर्माता होने के नाते, अपने विचारों को दर्शकों तक समझने योग्य तरीके से क्रियान्वित करना महत्वपूर्ण है. किसी फिल्म पर काम करते समय एक फिल्म निर्माता और उनकी पूरी टीम को एक एकीकृत दृष्टिकोण रखना चाहिए. एक अच्छी तरह से लिखी गई कहानी एक दृश्य रूप से शानदार फिल्म को निखार सकती है. पटकथा लेखन एक चरित्र के निर्माण के साथ-साथ उनके कार्यों और संवादों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. एक अच्छी स्क्रिप्ट बनाने के लिए विभिन्न कारक होते हैं जैसे संरचना, विषय, गठबंधन, टोन, सापेक्षता, गति इत्यादि. स्क्रिप्ट राइटिंग में कोर्स करने से, आपको विभिन्न प्रकार की फिल्मों जैसे नॉन-फिक्शन और फिल्मों के लिए स्क्रिप्ट लिखने का मौका मिलेगा.

- **डायरेक्शन**

एक निर्देशक को फिल्म का नाविक माना जाता है. वह स्क्रिप्ट को एक फीचर फिल्म में ढालने के लिए जिम्मेदार हैं. फिल्म निर्माण के मुख्य पहलू के रूप में, निर्देशन एक फिल्म के कई पहलुओं को एकीकृत करने की प्रक्रिया है और एक निर्देशक एक टीम के रूप में एक साथ काम करने के लिए चालक दल को एकजुट करने के लिए इन पहलुओं को संभालता है. निर्देशन में कई फिल्म निर्माण पाठ्यक्रम हैं जो फिल्म निर्देशन की प्रक्रिया और निर्देशक बनने के लिए आवश्यक कौशल को समझने पर ध्यान केंद्रित करते हैं. छात्रों को कई निर्देशन सिद्धांत प्रदान किए जाते हैं जैसे फिल्म क्रू का प्रबंधन करना, अभिनय की कला जानना और एक स्क्रिप्ट को पूरी फिल्म में बदलना. आप फिल्मों के इतिहास और सिनेमाई इतिहास के क्रमिक चरणों जैसे जर्मन अभिव्यक्ति, फ्रेंच सिनेमा, भारतीय सिनेमा आदि के बारे में जानेंगे.

- **सिनेमैटोग्राफी**

सिनेमैटोग्राफी फिल्म निर्माण का एक और आवश्यक पहलू है. एक सिनेमैटोग्राफर कैमरे की निगरानी से लेकर हर दृश्य, शॉट और उसके महत्व को समझने तक फिल्म के दृश्य पहलू को संभालता है. सिनेमैटोग्राफी में कोर्स करने पर, छात्र विभिन्न अवधारणाओं जैसे शॉट डिवीजन, कैमरा एंगल, विभिन्न क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था, विभिन्न लेंसों के साथ हेरफेर आदि के बारे में सीखते हैं. आप विभिन्न फिल्मों, उनकी सिनेमैटोग्राफी का अध्ययन करेंगे, और कहानी दृश्य के साथ जटिल रूप से बुनी गई है.

### फिल्म निर्माण में कॅरियर

- **विकास** – पहले चरण में फिल्म के लिए विचार, किताबों या नाटकों के खरीदे जाने वाले अधिकार आदि शामिल हैं.
- **प्री-प्रोडक्शन** – शूटिंग के लिए तैयारी की जाती है, जिसमें कलाकारों और फिल्म क्रू को काम पर रखा जाता है और स्थान तय किया जाता है.
- **निर्माण** – फिल्म के लिए कच्चे तत्व फिल्म की शूटिंग के दौरान रिकॉर्ड किए जाते हैं.
- **पोस्ट-प्रोडक्शन** – रिकॉर्ड की गई फिल्म की छवियां, ध्वनि और दृश्य प्रभाव संपादित किए जाते हैं.
- **वितरण** – पूरी फिल्म सिनेमाघरों में वितरित और प्रदर्शित की जाती है और घर पर देखने के लिए उपलब्ध है.

### फिल्म निर्माण में कॅरियर

- **विकास** – पहले चरण में फिल्म के लिए विचार, किताबों या नाटकों के खरीदे जाने वाले अधिकार आदि शामिल हैं.
- **प्री-प्रोडक्शन** – शूटिंग के लिए तैयारी की जाती है, जिसमें कलाकारों और फिल्म क्रू को काम पर रखा जाता है और स्थान तय किया जाता है.
- **निर्माण** – फिल्म के लिए कच्चे तत्व फिल्म की शूटिंग के दौरान रिकॉर्ड किए जाते हैं.
- **पोस्ट-प्रोडक्शन** – रिकॉर्ड की गई फिल्म की छवियां, ध्वनि और दृश्य प्रभाव संपादित किए जाते हैं.
- **वितरण** – पूरी फिल्म सिनेमाघरों में वितरित और प्रदर्शित की जाती है और घर पर देखने के लिए उपलब्ध है.

### फिल्म मेकिंग पाठ्यक्रम में पीजी डिप्लोमा

- डिजिटल फिल्म मेकिंग में पीजीडी
- स्क्रिप्ट राइटिंग में पीजीडी
- सिनेमैटोग्राफी में पीजीडी
- टीवी डायरेक्शन में पीजीडी
- पटकथा लेखन में पीजी डिप्लोमा कोर्स

### फिल्म निर्माण में स्नातक

- फिल्म निर्माण और टेलीविजन में बीए, फिल्म निर्माण में मल्टीमीडिया, मल्टीमीडिया
- बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन)
- दृश्य कला स्नातक
- इंटरनेशनल मूविंग इमेज सोसाइटी, यूके के साथ एकीकृत डिजिटल मार्केटिंग में बीएससी
- बीए ऑनर्स फिल्म मेकिंग और डिजिटल प्रोडक्शन
- बीए ऑनर्स मल्टीमीडिया (फिल्म मेकिंग)
- मीडिया और डिजिटल फिल्म प्रोडक्शन में बीएससी
- क्रिएटिव आर्ट्स में बीए (फ़िलम)
- क्रिएटिव आर्ट्स में बीए (सृष्टि फिल्म्स)

### फिल्म मेकिंग में मास्टर डिग्री

- कला एवं सौंदर्यशास्त्र में एमए
- स्क्रीन अध्ययन में एमए
- क्रिएटिव डॉक्यूमेंट्री में मास्टर ऑफ क्रिएटिव आर्ट्स
- नाटक में एमएफए
- फिल्म मेकिंग और डिजिटल प्रोडक्शन में एमए
- प्रदर्शन कला के मास्टर
- एमएससी (विज़ुअल कम्युनिकेशन)
- दृश्य कला के मास्टर
- एमए मल्टीमीडिया (फिल्म निर्माण)

### फिल्म निर्माण पाठ्यक्रम में डिप्लोमा

- सिनेमैटोग्राफी में डिप्लोमा
- टीवी डायरेक्शन और स्क्रिप्ट में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा
- सिनेमैटोग्राफी में एनसीवीटी पीजी डिप्लोमा
- फिल्म एडिटिंग-नॉन लीनियर एडिटिंग में एनसीवीटी डिप्लोमा
- डिजिटल सिनेमैटोग्राफी में एनसीवीटी डिप्लोमा
- पटकथा में एनसीवीटी डिप्लोमा
- कैमरा और प्रकाश तकनीक में डिप्लोमा
- मीडिया और प्रोडक्शन मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- फिल्म और टेलीविजन के लिए लेखन में डिप्लोमा
- वीडियो संपादन और ध्वनि रिकॉर्डिंग तकनीक में डिप्लोमा
- रेडियो और टीवी प्रोडक्शन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- डिजिटल फोटोग्राफी में डिप्लोमा
- फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन में डिप्लोमा
- डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग में डिप्लोमा

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)